आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:46
उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 17 जून 2025
वर्ष 3, अंक 297, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे 14

आपदा प्रबंधन क्षेत्र में अग्रणी बना भारत 12

## दो चरणों में पूरी होगी राष्ट्रीय जनगणना केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोलहवीं जनगणना में 13,000 करोड़ हो सकता खर्च

साल 2011 में हुई पिछली जनगणना के 16 साल बाद सरकार ने भारत की 16वीं जनगणना 2027 में कराने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की जिसमें जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना एक अक्टूबर 2026 की संदर्भ तिथि तथा देश के बाकी हिस्सों में एक मार्च 2027 की संदर्भ तिथि से की जाएगी।

इसमें कहा गया, उक्त जनगणना के लिए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर और हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड के बर्फ बारी वालों क्षेत्रों के अलावा बाकी राज्यों के लिए संदर्भ तिथि एक मार्च, 2027 को 00.00 बजे होगी।

लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि एक अक्टूबर 2026 को 00:00 बजे होगी। यह कार्य 34 लाख गणनाकर्ताओं और पर्यवेक्षकों तथा डिजिटल उपकरणों से लैस लगभग 1.3 लाख कर्मियों द्वारा किया जाएगा। इस पर सरकार के 13 हजार करोड़ खर्च होने की संभावना है। जनगणना 2011 के अनुसार देश की जनसंख्या 121.019 करोड़ थी, जिसमें से 62.372 करोड़ पुरुष और 58.646 करोड़ महिलाएं थीं।

### जातिगत गणना भी होगी

राष्ट्रीय जनगणना के साथ ही जातिगत गणना भी की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय गृह सचिव, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण और अन्य अधिकारियों के साथ जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की।

## पहलगाम हमला बिना आतंकी फंडिंग के संभव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

**आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी अफसरों की मौजूदगी कटघरे में खड़ा करने के लिए काफी**

वैश्विक निगरानी संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने अप्रैल में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने अपना ध्यान आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों की प्रभावशीलता पर केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने कहा, आतंकवादी दुनिया भर में लोगों की जान लेते और भय पैदा करते हैं।

एफएटीएफ ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसकी निंदा की है। एफएटीएफ ने कहा कि यह और हाल में हुए अन्य



- एफएटीएफ ने पहलगाम हमले की निंदा कर आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने पर दिया जोर

हमले, बिना पैसे और आतंकवादी समर्थकों के बीच धन के हस्तांतरण के बिना नहीं हो सकते हैं।

भारतीय अधिकारियों ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने और हथियारों की खरीद के लिए धन मुहैया कराने की बात को उजागर किया है। एफएटीएफ का यह बयान उसकी पृष्ठभूमि में आया है। भारत ने लगातार कहा है कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पनाह दी है, भारतीय सैन्य हमलों में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मौजूद थे। एएफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह की 25 अगस्त को होने वाली बैठक और 20 अक्टूबर को समूह की अगली पूर्ण बैठक और कार्य समूह की बैठक से पहले, भारत धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण विरोधी एफएटीएफ मानदंडों के संबंध में पाकिस्तान द्वारा की गई चूक पर एक दस्तावेज (डोजियर) तैयार कर रहा है।

### संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत देगा आवेदन

पाकिस्तान को संदिग्ध सूची में डालने के लिए भारत एफएटीएफ को आवेदन देगा। वर्तमान में, एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में 24 देश हैं। इन देशों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। एफएटीएफ के संदिग्ध सूची में पाकिस्तान का इतिहास फरवरी 2008 से शुरू होता है, जब इसे निगरानी सूची में रखा गया था। जून 2010 में उसे सूची से हटा दिया गया, लेकिन फरवरी 2012 में उसे वापस शामिल किया गया और फिर फरवरी 2015 में हटा दिया गया। जून 2018 में उसे तीसरी बार फिर सूची में शामिल किया गया और बाद में अक्टूबर 2022 में हटा दिया गया।

### एफएटीएफ की भूमिका

बता दें कि एफएटीएफ पिछले कई वर्षों से दुनिया भर के 200 से ज्यादा देशों को आतंकवाद की फंडिंग से निपटने के लिए गाइडलाइन दे रहा है। इन गाइडलाइनों में बैंकिंग सिस्टम पर निगरानी, संदिग्ध लेनदेन की पहचान, और सोशल मीडिया, क्राउड फंडिंग या क्रिप्टो जैसी नई तकनीकों के दुरुपयोग से जुड़ी चेतावनियां शामिल हैं।

### एक नजर

#### अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अमिताभ कांत ने जी20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले। केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी कांत को जुलाई 2022 में भारत का जी20 शेरपा नियुक्त किया गया था। भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के कुछ महीने पहले उनकी नियुक्ति की गई थी। पेशेवर मंच लिंक्डइन पर 'मेरा नया सफर' शीर्षक के साथ कांत ने लिखा, 45 साल की समर्पित सरकारी सेवा के बाद, मैंने नए अवसरों को अपनाने तथा जीवन में आगे बढ़ने का फैसला किया है।

#### कुपवाड़ा में आतंकवादी की संपत्ति कुर्क की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी ने पाकिस्तान में रह रहे एक आतंकवादी की कुपवाड़ा जिले में स्थित अचल संपत्ति सोमवार को कुर्क की। आतंकवादी की पहचान अब्दुल हामिद लोन के रूप में की गई है, जो गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के मामले में वांछित है। एसआईए ने आतंकवाद का मुकाबला करने और इसके समर्थन ढांचे को नष्ट करने के उद्देश्य से आतंकवादी की कुपवाड़ा के मावर बाला कलमाबाद में स्थित संपत्ति कुर्क कर ली है।

## यह युद्ध का युग नहीं : मोदी

### पीएम और साइप्रस के राष्ट्रपति ने प. एशिया व यूरोप में चल रहे संघर्षों पर जताई चिंता

निकोसिया, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उन्होंने और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस ने पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों पर चिंता जताई और उन दोनों का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। मोदी ने यहां क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में अपने संबोधन में यह भी कहा कि बातचीत के जरिए समाधान और स्थिरता बहाल करना मानवता की मांग है।

प्रधानमंत्री ने सीमा पार से होने वाले आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में अभी साइप्रस में हैं। मई में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने कहा, हमारे बीच ऐतिहासिक मित्रता है और हमारे संबंधों में विश्वास है। उन्होंने 22 अप्रैल के भयावह पहलगाम आतंकी हमले को भी याद



साइप्रस में मोदी को सर्वोच्च सम्मान देते राष्ट्रपति निकोस। • एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान जल्द
- आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में साइप्रस के समर्थन के लिए जताया आभार

किया और कहा कि साइप्रस, भारत के साथ पूरी एकजुटता के साथ खड़ा है। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ खड़ा है। अपने संबोधन में क्रिस्टोडौलिडेस ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एअर इंडिया विमान हादसे का भी जिक्र किया और कहा कि साइप्रस के लोग दुख की इस घड़ी में भारत के साथ हैं। उन्होंने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय जैसे क्षेत्रों में सहयोग के बारे में बात की। उन्होंने क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। बाद में, मोदी ने भारत-साइप्रस संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे संबंध न तो परिस्थितियों से बने हैं और न ही सीमित हैं। हम एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हैं। मोदी ने कहा कि साइप्रस भारतीयों के लिए भी पसंदीदा पर्यटन स्थल है और दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### साइप्रस में प्रधानमंत्री मोदी को मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस तृतीय' से सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, साइप्रस से सम्मान प्राप्त करके मैं बहुत कृतज्ञ हूं। मैं इसे हमारे देशों के बीच की मित्रता को समर्पित करता हूं। साइप्रस के राष्ट्रपति ने मोदी को सम्मानित किया। इस सम्मान का नाम साइप्रस के पहले राष्ट्रपति आर्चबिशप मकारियोस तृतीय के नाम पर रखा गया है। मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को यह सम्मान समर्पित किया।

## ननौरा के पास कार और बाइक में सीधी भिड़ंत, 5 लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर ननौरा के पास सोमवार दोपहर बाइक और कार की सीधी भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गई। हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत चिंताजनक देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार और चरखारी सीओ पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जायजा लेने के साथ घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के मुढारी गांव निवासी अजय कुमार (19) पुत्र सुनील कुमार, भरत (35) पुत्र आशादीन और संजू (18) पुत्र राकेश तीनों चचेरे भाई थे, जो सोमवार की दोपहर बाइक से ननौरा गांव अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। ननौरा गांव से कुछ दूर पहले ही तेज रफ्तार ईको कार से बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई, जिसमें तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद



हादसे के बाद मौके पर पहुंचीं एएसपी वंदना सिंह।

- महोबा में श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर हुआ भीषण हादसा
- हादसे में चार लोग गंभीर घायल एक को झांसी रेफर किया गया

कार अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गई। खाईं में कार पलटने से महोबा के बजरिया निवासी कार चालक रामपाल (32) और बगरौन गांव निवासी विनोद (27) पुत्र भगवानदास की मौत हो गई, जबकि कार में सवार बगरौन गांव के उदयभान कुशवाहा (32), उसकी पुत्री खुशी (4), भतीजा ऋषि (11) और भांजा अंकित (10) गंभीर रूप से घायल हो गए। कार सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग खाईं में पलटी कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुट गए। हादसे सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार और चरखारी सीओ पुलिस के साथ पहुंचे और सभी घायलों को फौरन जिला अस्पताल पहुंचाया। अपर पुलिस अधीक्षक ने जिला अस्पताल में डॉक्टरों से बातचीत कर बेहतर इलाज पर जोर दिया। चरखारी सीओ के मुताबिक घायलों में खुशी की हालत चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बाकी घायलों का जिला अस्पताल में ही इलाज चल रहा है।

## तकनीकी समस्या से हांगकांग लौटा एअर इंडिया का विमान

**मुंबई।** एअर इंडिया के एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के दिल्ली के लिए उड़ान भरने के एक घंटे के भीतर उसमें तकनीकी समस्या का संदेह होने के बाद सोमवार को उसे हांगकांग लौटना पड़ा। आपात स्थिति में सुरक्षित से विमान की लैंडिंग कराई गई। विमान का निरीक्षण किया जा रहा है।

उड़ान हांगकांग से दोपहर 12.16 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना हुई और इसे भारतीय समयानुसार दोपहर 12.20 बजे दिल्ली में उतरना था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट 'फ्लाइटरडार.कॉम' के अनुसार, यह उड़ान लगभग 3.5 घंटे की देरी से रवाना हुई थी। इसका निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 8.50 बजे था।

- दिल्ली के लिए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर ने भरी थी उड़ान

### बम की धमकी के बाद फ्रैंकफर्ट लौटा विमान

**लंदन/हैदराबाद।** हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाले लुफ्थांसा कंपनी के एक विमान में बम रखा होने की धमकी मिलने के बाद उसे फ्रैंकफर्ट हवाईअड्डे पर लौटना पड़ा। विमान संख्या एलएच752 रविवार को जर्मनी से स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.14 बजे रवाना हुआ था और इसे देर रात हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरना था, उड़ान के कुछ घंटों बाद ही मार्ग में परिवर्तन देखा गया।

## 119 मृतकों का हुआ डीएनए मिलान

### पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

अहमदाबाद/ राजकोट, एजेंसी

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के चार दिन बाद, अब तक डीएनए मिलान के जरिये 119 मृतकों की पहचान कर ली गई है और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ राजाकोट में अंतिम संस्कार किया गया।

एक अधिकारी ने उम्मीद जताई की कि सभी मृतकों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया मंगलवार शाम या बुधवार सुबह तक पूरी हो जाएगी। रूपाणी उन 242 लोगों में शामिल थे, जो गुरुवार दोपहर लंदन जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई-171 में सवार थे। पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी के पार्थिव शरीर को शहर के सिविल अस्पताल में उनकी पत्नी अंजलि रुपाणी और परिवार के अन्य सदस्यों को सौंप दिया गया। विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के दौरान उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।



**विमान हादसा**

- डीएनए मिलान प्रक्रिया दो दिन में पूरी होने की उम्मीद
- गृह मंत्री अमित शाह ने रूपाणी को दी अंतिम विदाई

## अब यूपीआई से लेनदेन होगा और तेज

**नई दिल्ली।** यूपीआई के जरिए लेनदेन सोमवार से और तेज होने जा रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने भुगतान के लिए प्रतिक्रिया समय को घटाकर 10 सेकंड कर दिया है। यूपीआई एक तत्काल भुगतान प्रणाली है, जिसे एनपीसीआई ने मोबाइल फोन के जरिए बैंकों के बीच लेनदेन की सुविधा के लिए विकसित किया है। एनपीसीआई के हाल के परिपत्र के अनुसार धन हस्तांतरण, स्थिति जांच और वापसी सहित लेनदेन अब 30 सेकंड के बजाय 10 से 15 सेकंड में पूरे हो जाएंगे। इस तरह यूपीआई भुगतान में पता सत्यापित करने में लगने वाला समय अब पहले के 15 सेकंड की तुलना में केवल 10 सेकंड लगेगा।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट चार महिलाओं की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- मलबे में दबकर 8 महिलाओं सहित 9 श्रमिक घायल
- तेज धमाके के साथ फैक्ट्री की बिल्डिंग और टिनशेड ध्वस्त

**अमृत विचारः** थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगल में पटाखा फैक्ट्री में तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। फैक्ट्री के मलबे में दबकर 4 महिला श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य 9 श्रमिक घायल हो गए इनमें 8 महिलाएं हैं। डीएम, एसपी ने मौका मुआयना किया।

हादसा सोमवार की सुबह रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी के जंगलों में बनी पटाखा फैक्टरी में हुआ। हापुड़ निवासी सैफउर्ररहमान पुत्र कौसर अहमद की पटाखा फैक्ट्री में सोमवार को महिलाएं एवं पुरुष काम कर रहे थे। अचानक फैक्ट्री में तेज धमाका हुआ। विस्फोट से फैक्ट्री धराशायी हो गई। टिनशेड के टुकड़े कई मीटर दूर जाकर गिरे। मलबे में कई मजदूर दब गए। पुलिस और दमकल टीम ने ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में चार महिला श्रमिकों रुक्साना पुत्री जाकिर अली निवासी गांव रजबपुर, रुमा पत्नी दानवीर निवासी गांव पपसरा, प्रवेश पत्नी शोविन्द्र निवासी गांव पपसरा, शहनाज पत्नी शाबिर निवासी रजबपुर की मौत हो गई।

## ईरान के हमले से दहला इजराइल

तेल अवीव, एजेंसी

ईरान ने इजराइल के मध्य तथा उत्तरी क्षेत्र को निशाना बनाते हुए सोमवार को फिर सिलसिलेवार मिसाइल हमले किए जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। उधर, इजराइल ने दावा किया कि उसने ईरान की राजधानी पर हवाई श्रेष्ठता हासिल कर ली है और उसके विमान अब बिना किसी बड़े खतरे का सामना किए तेहरान के ऊपर उड़ान भर सकते हैं।

इजराइल की सेना ने कहा कि ईरानी वायु रक्षा और मिसाइल प्रणालियों पर कई दिनों तक हमले किए जाने के बाद उसके विमान अब पश्चिमी ईरान से तेहरान तक के आसमान में आसानी से उड़ान भर सकते हैं और



- 5 की मौत, दर्जनों घायल, इजराइल का दावा- ईरान के 120 से अधिक मिसाइल लांचर नष्ट किए

उसने जमीन से जमीन पर मार करने वाले 120 से अधिक उन मिसाइल लांचरों को नष्ट कर दिया है जहां से इजराइल पर हमला किया जा रहा था। ईरान ने कहा कि उसने 100 मिसाइलें दागीं और उसने पिछले शुक्रवार को इजराइल द्वारा उसके परमाणु संवर्धन केंद्रों एवं सैन्य नेतृत्व पर किए गए आश्चर्यजनक हमले के खिलाफ आगे भी जवाबी हमले करने का संकल्प जताया। इजराइल ने कहा कि अब तक ईरान ने 370 से ज्यादा मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे जिसके कारण अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है।

### विदेश मंत्रालय ने कहा- ईरान में भारतीय छात्रों से संपर्क बनाए हुए हैं

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच, केंद्र ने सोमवार को कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास सुरक्षा स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है तथा कुछ मामलों में उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भी पहुंचा रहा है। अन्य व्यवहार्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है।

## सस्ती बिजली खरीद भारी कमाई की तैयारी में निजी कंपनियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट से हुआ खुलासा, उपभोक्ता परिषद ने आयोग में दाखिल की याचिका**

**अमृत विचार।** ऊर्जा निगमों में निजीकरण के जरिये बिजली वितरण क्षेत्र में कारोबार का सपना देख रही नामचीन निजी कंपनियां सस्ती बिजली खरीदकर भारी मुनाफा कमाने की तैयारी में हैं। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से राज्य विद्युत नियामक आयोग में पेश की गई सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट से इसका खुलासा हुआ है।

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आयोग में याचिका दाखिल कर इस पर सख्त आपत्ति जताई है। याचिका में कहा गया है कि पावर कॉरपोरेशन से पहले परिषद की याचिका पर



- कहा, पावर कॉरपोरेशन से पहले की जाए परिषद की याचिका पर सुनवाई

सुनवाई की जाए। वर्तमान में पावर कॉरपोरेशन पावर पर्चेज एग्रीमेंट पीपीए के तहत राज्य विद्युत उत्पादन निगम व अन्य स्रोतों से सस्ती बिजली खरीदता है और राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से निर्धारित बिजली दरों पर बिजली उपभोक्ताओं को बिजली विक्रय कर रहा है। इसके अलावा किसानों को लिए नलकूप के लिए मुफ्त बिजली देने के एवज में सरकार की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है। परिषद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि सलाहकार कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में निजी कंपनियों को सरकारी निगमों की तर्ज पर सस्ती बिजली देने व सब्सिडी देने की बात कही है। ऐसा होने पर निजी कंपनियों को बिजली उपभोक्ताओं से बिल व सब्सिडी के तौर पर भारी मुनाफा होने की संभावना है।

### निजी घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार नहीं दे सकती निर्देश

सलाहकार कंपनी की रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य सरकार विद्युत अधिनियम की धारा 108 का प्रयोग निजीकरण के मामले में भविष्य में करेगी। कॉरपोरेशन ने इस पर भी नियामक आयोग से अभिमत मांगा है। इस पर उपभोक्ता परिषद की याचिका में आपत्ति उठाते हुए कहा गया है कि धारा 108 का प्रयोग सरकार लोक महत्व के मामले में कर सकती है न की निजी घरानों को लाभ पहुंचाने में करने का अधिकार है।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सोमवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग में बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ भी याचिका दाखिल की। याचिका में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की गई है। परिषद की ओर से कहा गया है कि कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं की अधिकतम 8 रुपये प्रति यूनिट और शहरी घरेलू की अधिकतम 9 रुपये प्रति यूनिट की बात कही गई है।

# बिजली काटकर भाजपा की छवि बिगाड़ रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर में बेतहाशा बिजली कटौती को लेकर सोमवार को पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात की। पार्षदों ने शिकायत की कि केस्को का टोल फ्री नंबर नहीं उठता है। कहा कि भाजपा को बदनाम करने के लिये कुछ अधिकारी व कर्मचारी बिजली कटौती कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने दो दिन के भीतर बिजली आपूर्ति दुरुस्त कराए जाने का आश्वासन दिया।


पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात की।

- **बिजली संकट पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मिले पार्षद**

भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती के विरोध में पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक अमित पांडेय, अध्यक्ष नवीन पंडित, सौरभ देव, आदर्श गुप्ता, आकर्ष बाजपेई व विकास साहू ने लखनऊ में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात की। पार्षद नवीन पंडित ने कहा कि कानपुर में बेतहाशा बिजली कटौती हो रही है, छोटे-छोटे फाल्ट सही करने में दो से तीन घंटों का समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल करने पर घंटो तक फोन नहीं उठाया जाता। अगर फोन उठ भी गया तो वाजिब जवाब नहीं मिलता। लाइनमैनों से केस्को ने गाड़ियां वापस ले ली है, जिससे छोटे–छोटे फॉल्ट सही होने में कई–कई घंटे बीत जाते हैं। अधिकांश रूप से रात के समय हर एक घंटे में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि केस्को अधिकारी भाजपा की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अबाध बिजली आपूर्ति के लिए केस्को अधिकारियों को अल्टीमेटम दिया गया है।

### मंगलवार सुबह से बुधवार रात तक नहीं आएगी बिजली

**कानपुर।** रिंग रोड उपकेंद्र में 10 एमवीए का पुराना पॉवर ट्रांसफार्मर लगा है। केस्को अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर को बदलकर उसकी जगह पर नया 10 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया है। जिसकी वजह से मंगलवार सुबह आठ बजे से लेकर बुधवार तड़के तीन बजे तक नौ फीडरों से जुड़े क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जिसमे मनोज इण्टरनेशनल होटल, शिवकटरा, जमुनादेवी विद्यालय, लाल बंगला, शिव शम्भू, समादेवी आरएनडी कॉलेज, रघुनाथ अपार्टमेंट एमईएस व लाल बंगला मार्केट पोषकों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस कारण गांधी ग्राम, शिवकटरा, काजीखेड़ा, मनोज इंटरनेशनल होटल, कृष्णापुरम, कर्मचारी नगर, नेताजी नगर व छज्जूपुरवा क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। केस्को अधिकारियों का संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि पानी की व्यवस्था व अन्य महत्वपूर्ण कार्य, जो विद्युत आपूर्ति से संबंधित हो, उसे सुबह नौ बजे से पहले ही पूर्ण कर लें।

## दूसरे के खाते में 30 हजार रुपये ट्रांसफर

**कानपुर।** गलती से दूसरे के खाते में 30 हजार रुपये ट्रांसफर करने के बाद लखीमपुर का युवक अब उसे वापस पाने को बर्रा थाने और चौकी के चक्कर लगा रहा है।

लखीमपुर के खमरिया गांव निवासी किसान सुमित कुमार वर्मा जनवरी में अपनी मौसेरे भाई को 30 हजार रुपये भेज रहे थे। गलती से ये रुपये बर्रा निवासी संजू देवी के खाते में ट्रांसफर हो गए। उन लोगों ने बैंक से संपर्क किया तो बैंक ने महिला के खाते को फ्रीज कर दिया। इसके बाद महिला के घर का पता पूछकर पीड़ित बर्रा पहुंचे और महिला से रुपये वापस मांगे। महिला ने उस दो दिन में रुपये वापस करने का भरोसा दिया लेकिन रुपये नहीं लौटाए। बर्रा इंस्पेक्टर नीरज ओझा ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप


भागवत कथा के लिए कलश यात्रा निकाली गई। अमृत विचार

### किदवई नगर के-ब्लाक में शुरू हुई भागवत कथा

**कानपुर।** किदवई नगर के–ब्लाक स्थित श्री अग्रसेन भवन में भागवत कथा की शुरुआत की गई, जो 22 जून तक होगी। कलश व पोथी यात्रा अग्रसेन भवन से शुरू होकर राधा माधव मंदिर, दुर्गा मंदिर, बालाजी मंदिर व पदनाभम मंदिर होते हुए अग्रसेन भवन लौटी। वृंदावन से आए राधे श्याम जी शास्त्री ने कथा की शुरुआत की। इस दौरान शिव गोपाल गुप्ता, सिद्ध गोपाल गुप्ता, अमित गुप्ता, नितिन गुप्ता, अक्षत गुप्ता, रवि, आशा गुप्त, माधुरी गुप्ता, गरिमा गुप्ता, नमिता गुप्ता, गरिमा, प्रमोद दादू, मनोज कुमार विश्नोई, प्रमोद जैसवाल, अवधेश त्रिपाठी, आशुतोष गोयल, शैलेन्द्र मानव आदि रहे।


भजन गाते–नाचते निकले भक्त। अमृत विचार

### रतन लाल नगर व दबौली में निकला कृष्ण नाम भजन संकीर्तन

**कानपुर।** रतनलाल नगर स्थित पर्यावरण पार्क में सोमवार को इस्कॉन मंदिर की संकीर्तन मंडली ने कृष्ण नाम भजन संकीर्तन की शुरुआत की। यह दुर्गा मंदिर, दबौली होते हुए वापस स्काई लाइन पार्क, व्यू अपार्टमेंट, रतन लाल नगर में संपन्न हुआ। संकीर्तन मंडली का राम जसनानी ने स्वागत किया। इस दौरान राजेश अरोड़ा, सुरेश गोयल, हरिओम मल्होत्रा, मनीष खन्ना, दीवान मेहरा, डेनिस सुहाला, अनुज गुप्ता, प्रवीण जैन व विनोद बजाज समेत आदि रहे।


श्रम आयुक्त आफिस में कार्यशाला हुई। अमृत विचार

### जिले को बाल श्रम से मुक्त करने का हुआ आह्वान

**कानपुर।** बाल श्रम निषेध दिवस पर श्रम आयुक्त कार्यालय कानपुर क्षेत्र में साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन सभागार में किया गया, सीडब्लूसी सदस्य दीप अवस्थी, भारतीय मजदूर संघ के अनिल उपाध्याय, सुखदेव मिश्र, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश बरसिया, पीआईए केअध्यक्ष बृजेश अवस्थी व मनोज बंका ने बाल मजदूरी का विरोध किया। अपर श्रम आयुक्त पीके सिंह ने जिले को बाल श्रम से मुक्त करने का आह्वान किया। इस दौरान चाइल्डलाइन के पदाधिकारी, विज्ञान फाउंडेशन के पदाधिकारी, सखी सहायता समूह की पदाधिकारी, एंटी ह्यमन ट्रैफिकिंग के थाना प्रभारी, विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राधिकारी, सहायक श्रमायुक्त कीर्ति वर्धन, राम लखन पटेल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी शरद, हेमंत ,सुरेश सिंह संतोष मौर्य, अखिलेश वर्मा, विनोद सिंह समेत कार्यालय के सभी कर्मचारी रहे।

# यूपीसीडा भीमसेन को बनाएगा इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण का हब

## ईवी पार्क की स्थापना करेगा उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) प्रबंधन भीमसेन के निकट डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के किनारे भीमसेन में 500 एकड़ क्षेत्रफल में अत्याधुनिक ईवी पार्क की स्थापना करेगा। प्रबंधन कानपुर महानगर विकास विजन- 2030 के तहत कानपुर को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण का हब बनाने की तैयारी कर रहा है। इस प्रोजेक्ट पर 700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पीपीपी मॉडल के तहत यह पार्क विकसित किया जाएगा। इसकी स्थापना से न सिर्फ युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि कानपुर के खोए हुए औद्योगिक स्वरूप को वापस लाने में भी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को इलेक्ट्रिक व्हिकल विनिर्माण का हब बनाने के उद्देश्य से कानपुर में ईवी पार्क के निर्माण की संभावना तलाशने का आदेश प्रबंधन को दिया था। इसी कड़ी में भीमसेन के पास इस परियोजना पर कार्य शुरू हुआ। डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के समीप होने से न सिर्फ वाहनों और उनके पार्ट्स को कोलकाता, पटना, अमृतसर, दिल्ली आदि शहरों तक भेजने में आसानी होगी बल्कि वहां से उससे जुड़े उपकरण मंगाना भी आसान होगा। इस पार्क निर्माण का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति श्रृंखला को स्थानीय स्तर पर मजबूत करना और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना है। परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) केंद्र होगा, जो नवाचार को बढ़ावा देगा।



- **कानपुर विकास विजन 2030 के तहत विकास**

**500** एकड़ क्षेत्रफल में अत्याधुनिक ईवी पार्क | **700** करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे

### कई इकाईयों की स्थापना होगी

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी के अनुसार पार्क में इलेक्ट्रिक मोटर, चेसिस, स्टील पार्ट्स, और लिथियम–आयन सेल विनिर्माण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा, लिथियम–आयन बैटरी असेंबली इकाई, चार्जर, कंट्रोलर, और इलेक्ट्रॉनिक घटकों के उत्पादन की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। यहां ईवी सहायक क्लस्टर भी विकसित किया जा रहा है, जो आसपास के क्षेत्र के छोटे और मध्यम उद्यमों को ईवी के कम्पोनेंट्स के उत्पादन में सहायता प्रदान करेगा।

> ये क्लस्टर स्थानीय उद्यमियों को स्टार्टअप्स के लिए अवसरों का सृजन करेगा, जिससे रोजगार के भी नए अवसर पैदा होंगे। डीएफसीसी कॉरिडोर के निकट होने के कारण यह पार्क लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी के मामले में भी लाभकारी होगा। सामरिक दृष्टिकोण से यह स्थान रेल और सड़क मार्गों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है, जिससे कच्चे माल और तैयार उत्पादों का परिवहन सुगम होगा। –मयूर माहेश्वरी, सीईओ, यूपीसीडा

# अलग–अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर, सचेंडी और पनकी थानाक्षेत्र में रविवार को बेकाबू वाहनों की टक्कर से एक महिला और दो युवकों की जान चली गई।

कल्याणपुर के गूबा गार्डेन निवासी टेनरीकर्मी अनीश ने बताया कि रविवार सुबह उनकी पत्नी रेशमा बानो (32) घर के पास परचून की दुकान से सामान लेने गईं थी। वापसी में सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार पनकी थानाक्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी देवेंद्र कुमार (40) पनकी पावर हाउस में प्राइवेट में काम करता था। पिता रामविलास ने बताया कि रविवार रात वह बाइक से किसान नगर शादी में जा रहा था। अभी भौंती के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मारी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मौत के बाद पत्नी रेशमा बेसुध हो गई। वहीं सचेंडी थानाक्षेत्र में धरमंगतपुर निवासी मनोज कुमार (48) किसान नगर में स्थित एक बिजली के उपकरण बनाने वाली कंपनी में काम करता था। परिजनों ने बताया कि रविवार रात वह कंपनी से घर जाने के लिए निकला तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौते पर ही मौत हो गई। परिजनों ने वाहनों के बारे में पता लगाने के लिए पुलिस को तहरीर दी है।

### डिवाइडर से टकराई कार, चालक घायल

**कानपुर।** जाजमऊ के संजय नगर में रविवार रात को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं चालक भी घायल हो गया। चालक का नाम आकाश था, वो प्योंदी गांव का रहने वाला बताया जा रहा। घटना की जानकारी पाकर मौके पर चालक के परिजन पहुंचे गये और उसे निजी अस्पताल ले गये। पुलिस कार को जाजमऊ थाने ले आई। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि घटना में चालक घायल हुआ था। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


निरीक्षण करते एडिशनल सेक्रेटरी प्रवीर पांडे। अमृत विचार

## स्क्रैप मैटेरियल, पुराने टायर से बनाएं थीम पार्क

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) भारत सरकार के तहत हुए कार्यों को देखने मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंटल फारेस्ट के एडिशनल सेक्रेटरी एंड फाइनेंशियल एडवाइजर प्रवीर पांडे शहर आए। उन्होंने नगर आयुक्त के साथ शहर में वायु प्रदूषण को रोकने के लिये हुये कार्यों को देखा।

उन्होंने फूलबाग स्थित नानाराव पार्क का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने उन्हें बताया कि 15 वित्त आयोग स्मार्ट सिटी द्वारा पार्क को विकास कार्य कराया गया। जिसमें पुराने टायर, प्लास्टिक आदि से झूले व अन्य स्टेच्यू बनाए गए हैं। प्रवीण पांडे ने निर्देशित किया कि स्क्रैप मैटेरियल एवं पुराने टायर इत्यादि से बनने वाले वस्तुओं से एक थीम पार्क का निर्माण भी कानपुर नगर निगम के अंतर्गत कराया जाए। इसके बाद वह रूमा स्थित मेज पार्क गये।

यह पार्क मियावकी पद्धति से कुल 10 एकड़ में वृक्षों की भूल-भुलइया बनाकर विकसित किया गया है। उन्होंने वन प्रशिक्षण संस्थान किदवई नगर में यूपीपीसीबी द्वारा स्थापित सतत परिवेशीय वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली का निरीक्षण किया। गंदगी पर उन्होंने यूपीपीसीबी को कड़ी फटकार लगाई। देर शाम उन्होंने विजय नगर में स्थापित नमो वन भी देखा।

# ट्रक वाले आने से करते इनकार, कैसे करें व्यापार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** औद्योगिक संगठनों और नगर निगम व उद्योग विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को इस्पात नगर ऑद्योगिक क्षेत्र का दौरा किया। औद्योगिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने अधिकारियों को क्षेत्र की दुर्दशा दिखाई। टूटी सड़कें, उबड़-खाबड़ जमीन, कूड़े के ढेर और झाड़ियां देख कारोबारी आक्रोशित हुए। अधिकारियों से कहा कि ट्रक वाले तक क्षेत्र में आने से इनकार कर देते हैं। आप ही बताएं यहां पर यूनिट लगाकर कारोबार कैसे किया जाए।

औद्योगिक क्षेत्र की दुर्दशा की शिकायत औद्योगिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारी कई सरकारी मंच पर उठा चुके हैं। फीटा के पदाधिकारी उमंग अग्रवाल ने पूर्व में हुई उद्योग बंधु की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाया था। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को ऑद्योगिक क्षेत्रों में जाकर सर्वे करने का आदेश दिया था। इस पर सोमवार को उद्योग विभाग व नगर निगम के अधिकारी इस्पात नगर पहुंचे। यहां पर फीटा, आईआईए, लघु उद्योग भारती सहित अन्य प्रमुख उद्योग संगठनों के साथ संयुक्त निरीक्षण हुआ। इस दौरान उद्यमियों में फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल, शिव कुमार गुप्ता, अरुण ओमर, प्रदीप केडिया, आईआईए के जय हेमराजनी, दिनेश बरसिया, आलोक अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के अमन घई आदि उद्यमी संगठनों के पदाधिकारी ने समस्याएं दिखाईं। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, उपयुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता नगर निगम जोन 5 कमलेश पटेल सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान उद्यमियों ने दिखाया कि सड़के गायब थीं और बड़े-बड़े गड्ढे थे। नालियों में मिट्टी और सिल्ट भरी थी। कई स्थानों पर नालियां ही गायब थी। सीवर लाइन क्षेत्र में गायब थी। जगह-जगह जंगली झाड़ियां उगी हुई थीं। जिससे मार्ग बाधित था। सड़क के गड्ढों में पानी भरा हुआ था। इस पर अपर नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया कि मंगलवार से काम शुरू कर दिया जाएगा। नगर निगम पूरे क्षेत्र के विकास के लिए एस्टीमेट तैयार कराएगा। जिसे उद्योग बंधु के माध्यम से शासन को धन आवंटन के लिए भेजा जाएगा।


उद्यमियों के साथ निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**02** हजार से ज्यादा प्लाट क्षेत्र में हैं मौजूद

**04** सौ से अधिक उद्योग क्षेत्र में संचालित

- **उद्यमियों ने अधिकारियों को इस्पात नगर की दुर्दशा दिखाई**

**फेरबदल** एक दर्जन से अधिक अभियंता और कर अधीक्षक का ट्रांसफर

# नगर निगम–जलकल में चली तबादला एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम और जलकल में तबादला एक्सप्रेस चली। नगर निगम के 13 व जलकल के 5 अभियंताओं व निरीक्षकों का नगरीय निकाय निदेशालल ने ट्रांसफर कर दिया। जलकल के राजेंद्र कुमार व प्रमोद कुमार सिंह की महाप्रबंधक पद पर प्रोन्नति की गई। राजेंद्र कुमार को चित्रकूट धाम मंडल, बांदा व प्रमोद कुमार को अलीगढ़ जलकल का महाप्रबंधक बनाया गया। नगर निगम में विभिन्न जनपदों से 10 कर्मचारियों व जलकल में 2 नए कर्मचारियों की तैनाती की गई। नगर निगम से सहायक अभियंता सिविल जीवेक को आगरा नगर निगम भेजा गया है। सहायक अभियंता सिविल संतोष कुमार को सुल्तानपुर नगर पालिका, सहायक नगर आयुक्त मो. अनवर हुसैन को नगर पालिका खुर्जा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देशदीपक वर्मा को प्रयागराज, कर अधीक्षक प्रीतम सिंह वर्मा को बहराइच नगर पालिका, कर निर्धारण अधिकारी विनय प्रताप सिंह को अयोध्या नगर निगम, राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार सेन को कोसीकलां नगर पालिका परिषद, राजस्व निरीक्षक राजेश को बलरामपुर नगर पालिका, राजस्व निरीक्षक दिग्विजय नाथ को लखनऊ नगर पालिका परिषद, चंद्र किशोर को रायबरेली नगर पालिका, जोनल सेनेटरी आफीसर श्रीराम चौरसिया को मुरादाबाद नगर निगम और राजस्व निरीक्षक आकर्ष श्रीवास्तव को लखनऊ नगर निगम ट्रांसफर किया गया है।

### इन अधिकारियों की नगर निगम में हुई तैनाती

- तोताराम, सहायक अभियंता सिविल
- अवधेश कुमार सिंह, सहायक अभियंता सिविल
- राम सक्सेना, अवर अभियंता
- दिनेश प्रसाद, अवर अभियंता
- सुधीर कुमार शर्मा, कर अधीक्षक
- अनुपम त्रिपाठी, कर निर्धारण अधिकारी
- सुनील त्रिपाठी, कर अधीक्षण
- सोनम, राजस्व निरीक्षक
- शशिकांत प्रसाद सियाराम, लेखा परीक्षक
- सुरभि यादव, राजस्व निरीक्षक

### जलकल के इन अधिकारियों का हुआ तबादला

- राजेंद्र कुमार, महाप्रबंधक, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा जल संस्थान
- प्रमोद कुमार सिंह, महाप्रबंधक, अलीगढ़, जलकल
- राजकुमार, अवर अभियंता, उन्नाव नगर पालिका परिषद
- सुशील कुमार, अवर अभियंता, आगरा जलकल
- अश्वनी कुमार यादव, अवर अभियंता, बांदा जल संस्थान

### जलकल में आए

- अवर अभियंता चंद्रकांत को जलकल कानपुर

# दो अधिकारियों को दी गई प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की। लापरवाही बरतने पर उपायुक्त उद्योग और आबकारी अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्ट दी। पीसीएफ द्वारा गेहूं खरीद में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी जताई और दोषियों पर कार्रवाई के आदेश अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) को दिए।

आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर बल देते हुए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पोर्टल को अपने मोबाइल पर अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करें एवं प्राप्त शिकायतों का प्रतिदिन निस्तारण करें। ड्रग इंस्पेक्टर रेखा सचान के द्वारा ऐप इंस्टॉल न किए जाने की जानकारी पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। आईजीआरएस में आने वाली शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नगर निगम, अधिशासी अभियंता जलकल, उप जिलाधिकारी घाटमपुर, नरवल, सदर व बिल्हौर , तहसीलदार सदर, नरवल, बिल्हौर, पतारा के सहायक विकास अधिकारी पंचायती राज विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम ग्रामीण, केस्को, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो सूरज पुत्र चन्द्रभूषण निवासी– डी 2/4 कानपुर रोड, एल0डी0ए0 कालोनी आशियाना लखनऊ की पुत्री अयंती तिवारी है जो कि त्रुटिवश दस्तावेजों में अनिका तिवारी हो गया है। भविष्य में उसे अयंती तिवारी के नाम से लिखा, पढ़ा एवं समझा जाए।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र नूर मोहम्मद व पुत्रवधू शमा का चाल चलन ठीक ना होने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी असवैधानिक कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **मन्ना पुत्र मकबूल निवासी ग्राम दसौली, बसहा, बी0के0टी0, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226028**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बड़ा पुत्र मो.अकरम मेरे कहने सुनने में नहीं है परिवार के दायित्व को भी नही निभाता और मनमानी करता है इसलिए मैं मो अकरम को अपनी चल अचल संपत्ति और परिवार से बेदखल करता हूं। **इम्तियाज अहमद पुत्र स्व. सिराजुद्दीन निवासी चौक शहजादपुर थाना व तहसील अकबरपुर जिला– अम्बेडकरनगर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **दीपा मौर्या पुत्री धर्मराज मौर्य नि व गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर** । मेरी पत्नी उषा से एक पुत्री दीपा मौर्या का जन्म 03/01/2012 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अत: मेरी पुत्री दीपा मौर्या की जन्म तिथि 03/01/12 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि श्रेया श्रीवास्तव पुत्री दिनेश कुमार निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर मेरी पत्नी मिथलेश कुमारी श्रीवास्तव से एक पुत्री श्रेया श्रीवास्तव का जन्म 03/08/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अत: मेरी पुत्री श्रेया श्रीवास्तव कि जन्म तिथि 03/08/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि **श्रद्धा श्रीवास्तव पुत्री दिनेश कुमार निवासी गांधी नगर कस्बा बहुआ तहसील वा जिला फतेहपुर** मेरी पत्नी मिथलेश कुमारी श्रीवास्तव से एक पुत्री श्रद्धा श्रीवास्तव का जन्म 03/08/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अत: मेरी पुत्री श्रद्धा श्रीवास्तव कि जन्मतिथि 03/08/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले TAUSIF KHAN था लेकिन अब मैने अपना नाम बदल कर TAUSIK KHAN कर लिया है अब मुझे भविष्य में TAUSIK KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाये। **तौसिक खान पुत्र रफीक खान, निवासी– ग्राम मुसलावाँ, पोस्ट– बछौली, थाना– औरास, तहसील हसनगंज, जनपद– उन्नाव, उत्तर प्रदेश, पिन कोड 241503**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सुमिरता पत्नी माता प्रसाद ग्राम पूरे लोधी, पोस्ट सेमरौता जिला अमेठी** की निवासी हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी संख्या 214505793 में मेरा नाम श्यामा देवी पत्नी माता प्रसाद अंकित है। जबकि आधार कार्ड और बैंक खाता में मेरा नाम सुमिरता दर्ज है। सुमिरता और श्यामा देवी दोनों मेरे ही नाम है। मुझे दोनों नामों से जाना और पहचाना जाता है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **शान्ती देवी पत्नी स्व. राम प्यारे ग्राम कस्बा बदलू पोस्ट नीबी थाना सरेनी, तहसील लालगंज जिला रायबरेली** की निवासी हूं। मेरे चार पुत्र और एक पुत्री क्रमश: धर्मेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार, जीतेन्द्र कुमार, देशराज उर्फ गुड्डू व रोशनी है। वीरेन्द्र कुमार अविवाहित, बाकी सभी शादीशुदा हैं। छोटा पुत्र देशराज उर्फ गुड्डू और उसकी पत्नी शिवानी उर्फ गुड़िया आए दिन परिजनों से मारपीट और गालीगलौज करते है। उनके कृत्यों से तंग आकर छोटे पुत्र और उसकी पत्नी के अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों का दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
नि:शुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन नि:शुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

तेज हवाएं, आंधी आने की संभावना है, दो-तीन दिन बाद बारिश के आसार बन रहे हैं।

| 35.0° | 30.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 04 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## एक नजर

### कानपुर-दिल्ली फ्लाइट आज से हफ्ते में तीन दिन

**कानपुर।** 17 जून से कानपुर-दिल्ली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन ही उड़ान भरेगी। ये फ्लाइट अब सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उड़ान भरेगी। ये आदेश 17 जून से 90 दिनों तक मान्य होगा। कानपुर एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की कई फ्लाइट उड़ान भरती हैं। इनमें कानपुर से दिल्ली, कानपुर से मुंबई, कानपुर से हैदराबाद, कानपुर से बेंगलुरु शामिल हैं। इसमें दिल्ली और मुंबई की फ्लाइट डेली है। अब कानपुर से दिल्ली के मध्य उड़ान भरने वाली फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उड़ान भरेगी।

### आईआईटी की ओपनिंग रैंक गिरी

**कानपुर।** संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जोसा) की ओर से सीट आवंटन सूची जारी कर दी गई है। इसमें आईआईटी, कानपुर की ओपनिंग रैंक पिछले वर्षों की तुलना में कम रही है। जेईई एडवांस में शीर्ष-100 रैंक में शामिल मेधावियों ने संस्थान को पहली पसंद के रूप में चयन नहीं किया है। इस बार संस्थान की ओपनिंग रैंक 147 है, जबकि पिछले साल 120 रैंक वाले छात्र ने संस्थान में प्रवेश लिया था। वर्ष 2025 में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग ब्रांच की ओपनिंग रैंक 1973 और क्लोजिंग रैंक 3550, बायोलाजिकल साइंस ब्रांच की ओपनिंग रैंक 3559 और क्लोजिंग रैंक 6614, केमिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में ओपनिंग रैंक 2464 और क्लोजिंग रैंक 3924, केमिस्ट्री ब्रांच में ओपनिंग रैंक 7986 रही। जोसा द्वारा जारी सूची के अनुसार मेधावियों ने पहली पसंद के रूप में आईआईटी, मुंबई का चयन किया।

# मैथानी-पाठक सीएमओ संग, सांगा डीएम के साथ

## दो अफसरों की लड़ाई में तीन भाजपा विधायकों ने टांग घुसाई, अरुण पाठक व मैथानी ने लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


डॉ. हरिदत्त नेमी।


डीएम जेपी सिंह।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी के बीच चल रही खींचतान में भाजपा विधायक भी मैदान में उतर गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के बाद भाजपा के दो विधायकों सुरेंद्र मैथानी और अरुण पाठक ने सीएमओ का न सिर्फ पक्ष लिया, बल्कि उनका स्थानांतरण न करने के संबंध में उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को पत्र लिख दिया है। उन्होंने सीएमओ को कानपुर नगर में ही बनाये रखने का आग्रह किया है। वहीं भाजपा विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने सीएमओ पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से जांच की मांग की है। अधिकारियों की लड़ाई में नेतागीरी शुरू हो जाने से मामला और दिलचस्प हो गया है।

सोशल मीडिया पर एक ऑडियो कई दिनों वायरल है, जिसमें एक व्यक्ति डीएम के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर रहा है। यह ऑडियो सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी का बताया जा रहा है। जब डीएम ने सीएमओ से पूछताछ की तो उन्होंने साफ इंकार कर दिया और इस ऑडियो को एआई द्वारा बनाकर बदनाम करना बताया।

● दो विधायकों ने कहा,सीएमओ का ट्रांसफर न किया जाए

सीएमओ ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इंकार किया। उधर डीएम ने सीएमओ को हटाने जाने के लिए शासन को पत्र लिख दिया। इसके बाद सीएमओ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के पास चले गए और उन्होंने सीएमओ को शहर से न हटाने का पत्र स्वास्थ्य मंत्री को लिख दिया। इसके बाद एमएलसी अरुण पाठक और विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भी सीएमओ के पक्ष में स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिख दिया।

इस मामले में सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी का कहना है कि व्यवस्था सुधारने के लिए उन्होंने विभाग में सख्ती की है, जिसकी वजह से नाखुश लोगों ने उनके बारे में डीएम को गलत फीड दिया है।

### सीएमओ का कार्य व व्यवहार मृदुल व सराहनीय


सुरेंद्र मैथानी।


अरुण पाठक।

● स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में सुरेंद्र मैथानी और अरुण पाठक लिखा है कि सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी का कार्य व व्यवहार आम जनमानस और जन प्रतिनिधियों के समक्ष मृदुल व सराहनीय है। आम जनमानस के हित में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन सीएमओ द्वारा बहुत ही लगन से किया गया है। आग्रह है कि आम जनमानस व जन प्रतिनिधियों की भावनाओं के समादर में डॉ.हरिदत्त नेमी को यथावत् कानपुर नगर में ही बनाए रखा जाए।

### एक फर्म का भुगतान रोकने का भी मामला

● सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी के आने से पहले स्वास्थ्य विभाग में एक फर्म को जिले में दवा सप्लाई करने का ठेका तय हुआ था, जिसका भुगतान करीब डेढ़ करोड़ होना है। सीएमओ के पास जब इसके भुगतान की फाइल पहुंची तो उनको अनियमितता मिली, जिसके बाद उन्होंने फर्म का भुगतान रोक दिया। बताया गया कि फर्म सीबीआई से पहले चार्जशीटेड है। कागजों में भी अनियमितता है। इसलिए भुगतान रोक दिया। इससे भी कुछ अधिकारी खुन्नस में हैं। वहीं, विभागीय पटल से नाराज लोगों द्वारा भी साजिश रची जा सकती है। उन्होंने बताया कि डैश बोर्ड की बैठक से उन्हें बाहर निकाला जाना एक अपमानजनक स्थिति है। कुछ लोगों ने ऑडियो क्लिप बनवाकर सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसका संबंध उनसे नहीं है। बदनाम करने की साजिश है।

## सीएमओ भ्रष्टाचार में लिप्त, जांच हो: सांगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भाजपा बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। जांच कराकर कार्रवाई करने और दोषी मिलने से पर जिले से हटाने की मांग की है।


अभिजीत सिंह सांगा।

● मुख्यमंत्री से की सीएमओ के खिलाफ जांच की मांग

विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी के संरक्षण में सैकड़ों प्राइवेट अस्पताल अवैध रूप से संचालित हैं। प्राइवेट अस्पतालों को सीएमओ का संरक्षण होने के कारण मरीजों से मनमानी वसूली की जा रही है। अवैध प्राइवेट अस्पतालों से डॉ. हरिदत्त नेमी भारी धन उगाही करते हैं। सीएमओ द्वारा सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हाल ही में वायरल एक ऑडियो में सीएमओ द्वारा जिलाधिकारी कानपुर नगर के खिलाफ की गयी अभद्र टिप्पणी से स्पष्ट है कि डॉ. हरि दत्तनेमी एक बेहद निरंकुश अधिकारी हैं। सांगा ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी के खिलाफ जांच करवाते हुए दोषी पाये जाने की दशा में कानपुर से स्थानान्तरित किया जाए।

### कौन हटेगा कुर्सी से, डीएम या सीएमओ या दोनों

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.हरिदत्त नेमी के बीच चल रही तनातनी को लेकर सरकारी विभागों के अधिकारी दो पक्ष में विभाजित हो गए है। कुछ विभाग के अधिकारी सीएमओ को सही ठहरा रहे हैं, तो कुछ अधिकारी सीएमओ को गड़बड़ बता रहे हैं। यही जिलाधिकारी के साथ भी है। अधिकारियों के बीच एक चर्चा यह भी है कि अब देखना ये है कि कुर्सी किसकी जाती है सीएमओ की या डीएम की या दोनों की।

## महेश त्रिवेदी ने भी खोला मोर्चा सीएम को पत्र

**कानपुर।** किदवईनगर के भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी ने भी देर रात इस विवाद में इंट्री मार ली। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र में सीएमओ का नाम लिए बगैर लिखा है कि जैसा कि जिलाधिकारी ने 15 अप्रैल के पत्र में उल्लेख किया है कि मात्र 3,4 महीने के कार्यकाल में ही स्वेच्छाचारिता और अराजकता से काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितताएं की जा रही हैं। राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन के तहत होने वाली भर्ती में भी गड़बड़ी की गई है। स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन नहीं कराया गया है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएन सिंह का 10 दिन में 9 बार तबादला किया गया। वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी डॉ. वंदना सिंह से वित्तीय अधिकार लेकर गैर वित्त सेवा के अधिकारी को कार्य सौंप दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षणों के दौरान गैरहाजिर मिले स्टाफ, अभिलेखों में मरीजों की फर्जी संख्या-नाम दर्शाने वाले डॉक्टरों और स्टाफ पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उक्त कृत्य उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने, मनमाने ढंग से कार्य करने, मातहतों पर नियंत्रण न होने का द्योतक है। इसलिए जांच कर कार्रवाई की जाए।

# विवि में पत्रकारिता विभाग में प्रवेश लें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के पत्रकारिता विभाग में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी पत्रकारिता में करियर बनाने के लिए ऑन लाइन प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। इंटर पास युवा भी कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार का स्नातक स्तरीय (बीजेएमसी) कोर्स उपलब्ध है। जिन विद्यार्थियों ने किसी भी स्ट्रीम में अपनी स्नातक परीक्षा पास कर ली है, उनके लिए पत्रकारिता एवं जनसंचार का परास्नातक स्तर पर (एमजेएमसी) कोर्स उपलब्ध है। इसके अलावा छात्रों की सुविधा के लिए विभाग में न्यूनतम शुल्क पर ही परास्नातक स्तरीय 1 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स, लेटरल इंट्री पीजी कोर्स भी उपलब्ध हैं।




● कोर्स के लिए युवा 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे

विभाग ने इस वर्ष फिल्म के क्षेत्र में जाने के इच्छुक विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए परस्नातक स्तर पर ही रंगशिला प्रोडक्शन मुंबई के मिलकर फिल्म मेकिंग कोर्स भी शुरू किया है। विद्यार्थी अब अपने शहर में ही फिल्म प्रोडक्शन से जुड़ी बारीकियां सीख सकेंगे।

### यह कोर्स मौजूद

1.बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन योग्यता : इंटरमीडिएट, अवधि : 3 वर्ष, कुल सीटें : 50, शुल्क : 32,200 रुपये प्रति वर्ष

**परास्नातक स्तरीय कोर्स**

2.मास्टर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन
**योग्यता :** किसी भी स्ट्रीम में स्नातक, कोर्स अवधि : 2 साल, सीटों की संख्या : 50, शुल्क : 41,200 रुपये प्रतिवर्ष।

3.परास्नातक स्तरीय लेटरल इंट्री
**योग्यता :** परास्नातक स्तरीय जर्नलिज्म डिप्लोमा, कोर्स अवधि : 1 साल, सीटों की **संख्या :** 10, शुल्क : 42200 रुपये प्रतिवर्ष

4. परास्नातक स्तरीय फ़िल्ममेकिंग डिग्री
**योग्यता :** स्नातक, कोर्स अवधि : 2 साल, सीटों की संख्या : 30, शुल्क : 51200 रुपये प्रतिवर्ष

5. परास्नातक स्तरीय डिप्लोमा कोर्स
**योग्यता :** स्नातक, कोर्स अवधि : 1 वर्ष, सीटों की संख्या : 30, शुल्क : 42200 रुपये प्रतिवर्ष

### घटिया काम





**सिर्फ 4 दिन की रौनक :** एक माह भी नहीं हुआ और रंग बिरंगी रोशनी बिखेरती स्टैंडिंग लाइट का एक पोल खराब होकर बुझ गया। फूलबाग तिराहे पर रंग बिरंगी रोशनी बिखेरती स्टैंडिंग लाइट स्मार्ट सिटी के तहत बनाई गई थी। फोटो : मनोज तिवारी







लालपुर में निर्माण किया गया पुल। अमृत विचार

## फ्रेट कॉरीडोर मार्ग पर चार घंटे ट्रेन संचालन ठप

**कानपुर।** कानपुर-झांसी रेल खंड के लालपुर स्टेशन से पमन डाउन लाइन के मध्य पुराने स्टोन स्लैब ब्रिज को आधुनिक आरसीसी बॉक्स से सफलतापूर्वक प्रतिस्थापित किया गया। इस दौरान कानपुर-झांसी रूट पर दोपहर 1.35 बजे से शाम 5.35 बजे तक ट्रेनों का संचालन ठप रहा।

उत्तर मध्य रेलवे, झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को डीएफसी (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) रूट झांसी रेल मंडल में 18वे पुल का प्रतिस्थापन कार्य पूरा किया गया। इस कार्य को करने के लिए कानपुर-झांसी रूट पर 4 घंटे ट्रेनों को ब्लाक दिया गया और सायं 5.35 बजे ट्रेनों का संचालन बहाल कर दिया गया। इस महत्त्वपूर्ण कार्य से भारी मालगाड़ियों के संचालन में आने वाली बाधाएं दूर होंगी। जिससे रेलवे का संचालन और अधिक सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध होगा।

**दुर्दशा** बिठूर से शेखपुर तक गंगा का पानी जांच में फेल निकला, यूपीपीसीबी की ताजा रिपोर्ट में बीओडी और फीकल कोलीफॉर्म फिर मिला

# आचमन छोड़िये, कई जगह पर नहाने लायक भी नहीं है गंगाजल

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** बिठूर से बैराज के रास्ते शेखपुर तक जाने वाली गंगा का पानी जांच में एक बार फिर फेल मिला है। मध्य में गंगा बिठूर, अपस्ट्रीम में कानपुर गंगा बैराज और डॉउन स्ट्रीम में शेखपुर गांव तीनों स्थानों पर गंगा के पानी में बीओडी व फीकल कोलीफॉर्म (मानव व पशु के अपशिष्ट) की मात्रा अधिक मिली है। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ताजा रिपोर्ट के अनुसार मानक से ज्यादा यह तत्व मिले हैं। अधिकारियों के अनुसार यह पानी सीधे पीने योग्य बिलकुल नहीं है। सिर्फ नहाने के कार्य में लिया जा सकता है। कहीं-कहीं तो पानी इतना गंदा है कि वहां नहाया भी नहीं जा सकता है। गंगा में लगातार गिर रहे नालों व घरों से बहाए जा रहे सीवेज की वजह से गंगा का पानी गंदा हो रहा है।


गोला घाट से गंगा में लगातार जा रहा है दूषित पानी। अमृत विचार

हरिद्वारा से नरौरा होते हुये गंगा शिवराजपुर से बिठूर के रास्ते शहर में प्रवेश कर रही है। लेकिन, शहर के अंदर आते ही गंगा नदी का पानी दूषित हो जा रहा है।

9 जून 2025 को यूपीपीसीबी के अधिकारियों ने तीन स्थानों से गंगा के पानी के सैंपल लिये थे। रिपोर्ट के अनुसार गंगा के पानी में पीएच वैल्यू, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी), रासायनिक ऑक्सीजन डिमांड (सीओडी), कुल निलंबित ठोस (टीसी) की मात्रा मानक के अनुरूप नहीं मिली है। वहीं, फीकल कोलीफॉर्म भी गंगा नदी के पानी में जहर की तरह घुला मिला है।

**03** स्थानों से गंगा के पानी के सैंपल लिये थे

**09** जून को लिए गए सैंपल जांच में फेल निकले

**19** नवंबर की जांच में भी गंगाजल के सैंपल फेल थे

**रिपोर्ट (यूपीपीसीबी के आंकड़े 09.06.2025)**

| सैंपल स्थान | पीएच | डीओ | बीओडी | सीओडी | एफसी |
|---|---|---|---|---|---|
| बिठूर गंगा | 8.46 | 7.5 | 3.4 | 12.4 | 3100 |
| गंगा बैराज | 8.43 | 7.4 | 3.5 | 12.8 | 3300 |
| (अप स्ट्रीम) | | | | | |
| शेखपुर गांव | 8.39 | 7.1 | 3.8 | 13.6 | 3500 |
| (डाउन स्ट्रीम) | | | | | |
| मानक | 6.5 | 5 मिग्रा. | 3 मिग्रा. | शून्य | 2500 |
| एमपीएन प्रति 100 मिली लीटर | | | | | |

### सरकार की कोशिश पर अधिकारी लगा रहे बट्टा

● सरकार की तमाम कोशिशों के बाद भी गंगा का पानी निर्मल नहीं हो पा रहा है। नगर निगम, जलनिगम, प्राइवेट कंपनी केआरएमपीएल के अधिकारी व कर्मचारी सरकार की कोशिशों पर बट्टा लगा रहे हैं। घरों का सीवेज, अनटैप्ड नाले और एसटीपी से बिना शोधन गिरते दूषित पानी ने गंगा को आचमन लायक नहीं छोड़ा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने भी इसको लेकर चिंता जताई है लेकिन, अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### महाकुंभ के पहले से बढ़ा प्रदूषण

इससे पहले 19 नवंबर की यूपीपीसीबी की रिपोर्ट में भी गंगा का पानी तीनों प्वाइंट पर दूषित मिला था। हालांकि 13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ ही महाकुंभ का आयोजन शुरू हुआ, और सख्ती बढ़ गई। लेकिन जैसे ही सख्ती हटी एक बार फिर से गंगा के पानी में प्रदूषण बढ़ा है। बीओडी और फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा में 10 फीसदी का इजाफा दर्ज किया गया है।

### ये होनी चाहिए स्थिति

पानी में मानक पीएच वैल्यू 6 .5, डीओ 5मिग्रा प्रति लीटर, बीओडी 3 मिग्रा प्रति लीटर, सीओडी 30 मिग्रा/लीटर, फिकल कोलीफॉर्म 2500 एमपीएन प्रति 100 मिली लीटर होना चाहिए।

"गंगा के तीन स्थानों पर की गई जांच में बीओडी और फीकल कोलीफॉर्म बढ़ा मिला है। – अजीत कुमार सुमन, क्षेत्रीय अधिकारी, यूपीपीसीबी

# इजरायल-ईरान युद्ध से निर्यातक मुश्किल में

## समुद्री जहाज का किराया 15 से 20 फीसदी तक बढ़ गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इजरायल और ईरान के बीच युद्ध का असर शहर के निर्यातकों पर भी पड़ रहा है। इनमें खासतौर पर कार्गो कॉस्ट में बढ़ोतरी और अतिरिक्त बीमा चार्ज शामिल है। युद्ध की वजह से कारोबारियों को दो तरफा नुकसान झेलना पड़ रहा है। शहर के लगभग 80 फीसदी निर्यातक परेशान हैं। खासतौर पर वे निर्यातक जिनका निर्यात कारोबार यूएसए, यूरोप और खाड़ी देशों से जुड़ा हुआ है।

युद्ध की वजह से पहले से ही विभिन्न देशों तक उत्पाद पहुंचाने में लाल सागर संकट पहले से ही निर्यातकों को परेशान कर रहा था। युद्ध के गंभीर होने के बाद अब शिपिंग उद्योग से जुड़े कारोबारियों ने पश्चिमी देशों में उत्पाद पहुंचाने के लिए अपने पारंपरिक समुदी रास्तों को बदल दिया है। ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट से होकर गुजरने वाले मालवाहक जहाजों ने वहां पर जाना छोड़ दिया है। व्यापार विशेषज्ञों की माने तो बंदर अब्बास से होकर जाने वाले माल वाहक जहाज अब जल डमरू मार्ग से होकर जाने लगे हैं। रास्तों के बदले जाने से किराया और युद्ध की स्थिति बनने से अनिवार्य बीमा कॉस्ट में बढ़ोत्तरी से निर्यातकों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। फियो के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय निर्यातकों के लिए लॉजिस्टिक्स लागत 15-20 फीसदी तक बढ़ गई है। इसके अतिरिक्त फारस की खाड़ी और अरब सागर को पार करने वाले जहाजों के लिए युद्ध जोखिम बीमा प्रीमियम भी बढ़ा है, जिससे निर्यातकों पर वित्तीय बोझ और बढ़ रहा है।

- निर्यातकों को अतिरिक्त बीमा चार्ज भी वहन करना पड़ रहा

**80** फीसदी शहर के निर्यातक प्रभावित

**20** तक शिपिंग कॉस्ट बढ़ गई अब तक

### हवाई क्षेत्र भी महंगा

ईरान और आसपास के क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र के बंद होने से एयरलाइनों को यूरोप और अन्य पश्चिमी बाजारों में कार्गो शिपमेंट के लिए लंबे, अधिक महंगे मार्गों को अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। निर्यातकों को लगभग 20 फीसदी महंगे किराये के साथ सीमित मात्रा में माल भेजना पड़ रहा है। इसके परिणामस्वरूप हवाई माल भाड़े में वृद्धि हुई है।

### प्रतियोगिता में पिछड़ रहे

इजरायल-ईरान युद्ध के गंभीर होने के बाद शिपिंग व बीमा चार्ज के बढ़ने से निर्यातकों का कॉस्ट बढ़ रहा है। बढ़ा हुआ यह किराया उत्पाद में जुड़ेगा। इससे विदेशी बाजार में प्रतियोगिता में यहां के निर्यातकों का उत्पाद पीछे हो सकता है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) के अनुसार, समुद्री माल ढुलाई की लागत आसमान छू रही है। कुछ मार्गों पर 600 फीसदी तक की वृद्धि देखी गई है। वित्तीय बोझ को बढ़ाते हुए, युद्ध-जोखिम बीमा प्रीमियम भी बढ़ गया है, जिससे वैश्विक बाजार में भारतीय वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता और कम हो गई है।

### ये सेक्टर प्रभावित

इस पूरे घटनाक्रम में खासतौर पर कृषि उत्पाद, टेक्सटाइल, चमड़ा उत्पाद, इंजीनियरिंग सामान और मशीनरी सहित अन्य सेक्टर बुरी तरह से बढ़े हुए शिपिंग कॉस्ट और बीमा चार्ज से प्रभावित हो रहे हैं। इस तरह सीधे ईरान और इजराइल देश से जुड़े निर्यातक चमड़ा, कृषि उत्पाद सहित अन्य क्षेत्र से जुड़े निर्यातक प्रभावित हो रहे हैं।

# जनता के दुख-दर्द को समझें, युवाओं को जोड़ें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांग्रेसी घर-घर जाएं, लोगों की समस्याएं जानें, उनका हल निकालें
- अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़ों और महिलाओं को पार्टी में प्राथमिकता दें

**अमृत विचार।** सोमवार को लखनऊ में कानपुर की संगठन सृजन की बैठक हुई जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी यूपी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव नीलांशु चतुर्वेदी और नेता सदन कांग्रेस आराधना मिश्रा मोना ने कानपुर महानगर में कांग्रेसियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कानपुर की टीम को हिदायत दी गई कि जमीन से जुड़ें, पार्टी में 50 प्रतिशत युवाओं को जोड़ें, घर घर जाकर लोगों की समस्याओं को जानें और उनका हल निकालें। जनता के दुख-दर्द में शामिल हों।

कानपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कांग्रेसजनों की ओर से संगठन सृजन में कानपुर की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बात रखी। राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने कांग्रेसजनों में अनुशासन पर जोड़ देते हुए व समयबद्ध तरीके से काम करते हुए 15 अगस्त तक हर बूथ पर दो दो बीएलए नियुक्त करके कांग्रेस की जमीन तक मजबूत करने पर जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि महानगर की कमेटी में महिलाओं, पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता दें। कानपुर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने संगठन सृजन की गतिविधियों के बारे में अवगत करवाने के साथ संविधान बचाओ सम्मेलनों की भी जानकारी दी। पवन ने कानपुर के मुख्य मुद्दों को भी उठाया।

### मैराथन के जरिये योग का संदेश दिया

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह के तहत मैराथन आयोजित हुई। कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर शुरू किया। यह योग मैराथन दौड़ चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर से अटल घाट गंगा बैराज तक हुई। इसके बाद अटल घाट पर सभी छात्र छात्राओं तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने योगाचार्य राहुल के नेतृत्व में योग क्रियाएं कीं। डॉ मुनीश कुमार डॉक्टर सीएल मौर्य, डॉ कौशल कुमार, डॉ सीमा सोनकर, डॉ एकता शर्मा, डॉ सर्वेश कुमार,डॉ अजय कुमार सिंह ,डॉ विनीता सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।





पुलिस कर्मी को सीपीआर के लिए प्रशिक्षित करते वरिष्ठ फार्मासिस्ट संजय भदौरिया। बच्चों को भी जिंदगी बचाने का प्रशिक्षण दिया।

# पुलिस कर्मियों को दी प्राथमिक उपचार व सीपीआर की ट्रेनिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में घायल या बीमार व्यक्ति को कानपुर की कमिश्नरेट पुलिस प्राथमिक उपचार करेगी और अस्पताल पहुंचाएगी, जिसकी वजह से संबंधित व्यक्ति का जीवन बचाना डॉक्टरों के लिए थोड़ा आसान हो जाएगा। पुलिस कर्मी सीपीआर देने का भी काम करेंगे जिससे गश खाकर गिरे व्यक्ति या हार्ट अटैक आने पर सांस लौट सके।

पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल में सोमवार को करीब 60 पुलिस कर्मियों को प्राथमिक उपचार और सीपीआर की ट्रेनिंग वरिष्ठ फार्मासिस्ट संजय भदौरिया ने दी, जिसमे डायल 112 के पुलिस कर्मी शामिल रहे। वरिष्ठ फार्मासिस्ट ने प्राथमिक उपचार की सरल विधि और मरीज का जीवन बचाने के शुरुआती तरीके बताए। फार्मासिस्ट ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को फर्स्ट-रिस्पॉन्डर के रूप में तैयार करना रहा है, ताकि वह सड़क दुर्घटनाओं, आपदा प्रबंधन, हृदयघात और अन्य चिकित्सा आपात स्थितियों में सहायता आसानी से प्रदान कर सकें। इस प्रशिक्षण में पुलिस कर्मियों को सीपीआर की तकनीक सिखाई गई है, जिसमें एक मिनट में कम से कम 30 बार छाती को दबाना (चेस्ट कंप्रेशन) शामिल रहा। हृदयघात के दौरान, हृदय, मस्तिष्क और फेफड़ों सहित शरीर के बाकी हिस्सों में खून पंप नहीं करता है। उपचार के बिना मृत्यु मिनटों में हो सकती है। सीपीआर में मरीज की छाती पर दबाव बनता है, इससे ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने में सहायता मिलती है। प्रशिक्षण में दुर्घटना में घायल को घटनास्थल पर ही सीपीआर देने के विषयक जानकारी व डेमो देकर प्रशिक्षित किया गया। दुर्घटना की स्थिति में घायल को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने के लिए कहा गया।

### हाईअटैक आने पर सीपीआर दें

**कानपुर।** अगर किसी को हार्ट अटैक आ गया है तो उसे सीपीआर देकर मुख से सांस देकर हृदय को सही ढंग से पंप किया जाए तो उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। सोमवार को गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल द्वारा तीन स्थानों पर ज्ञान इंजन गुरमत समर स्कूल गोविंद नगर केंद्र में एक जीवन बचाओ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को सीपीआर की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक हरदीप सिंह ने बच्चों को जीवन की रक्षा करने एवं हृदय आघात आने पर सावधानियां बरतने के सुझाव दिए। गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल के प्रदेश सचिव गुरमीत सिंह, जसमीत कौर, जसप्रीत कौर, जसविंदर सिंह आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने 100 मोबाइल खोजकर वापस किए

**कानपुर।** कमिश्नरेट में सेंट्रल जोन की सर्विलांस टीम ने गुम हुए 22 लाख रुपये कीमत के 100 मोबाइल फोन को सोमवार को नागरिकों को वापस कराए।

डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि जिनके मोबाइल गिर गए या कहीं छूट गए थे। उनकी शिकायतों पर गुम हुए मोबाइलों को सेंट्रल जोन के सर्विलांस प्रभारी दरोगा पवन प्रताप सिंह की टीम तलाशने के लिए लगी थी। मोबाइल फोन के नंबर व आईएमईआई को सर्विलांस पर लगाया गया था। साथ ही सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज, लोकेशन ट्रैकिंग की मदद से ऐसे 100 मोबाइल ढूंढ निकाले। सोमवार को मोतीझील स्थित प्रमिला सभागार में बुलाकर बरामद मोबाइल लौटाए गए। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए।

# ढलाई के दौरान छत ढही, मजदूर घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हरदेवनगर में ढही छत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बर्रा के हरदेवनगर स्थित एक स्कूल की तीसरे तल की छत की ढलाई के दौरान दूसरे तल की छत ढह गई। कॉलम ढहने से निर्माणाधीन छत शटरिंग सहित भरभरा कर बैठ गई। घटना के वक्त छत पर दो मजदूर ढलाई को अंतिम रूप देने में लगे थे। छत ढहने पर दोनों नीचे भागे तो अचानक जीने की शटरिंग भी बैठ गई, इसमें एक मजदूर मलबे में दब गया, जबकि दूसरा किसी तरह बाहर निकल आया। सूचना पर बर्रा थाने की फोर्स और दमकल टीम पहुंची और करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मजदूर को सकुशल बाहर निकाला।

हरदेवनगर निवासी मनोज पाल बीएल स्मारक इंटर कॉलेज संचालित करते हैं। पड़ोस में ही परिवार सहित रहते भी हैं। मनोज इन दिनों अपने स्कूल का निर्माण करा रहे हैं। करीब तीन माह पहले प्रथम तल जबकि दो माह पहले द्वितीय तल की छत ढलवाई थी। सोमवार को तीसरे तल की छत की ढलाई करवाई जा रही थी। ठेकेदार अवनीश के मुताबिक रात करीब आठ बजे छत के बाहरी हिस्से की कुछ ढलाई की जा रही थी। इसी दौरान दूसरे तल के दो कॉलम दरक गए। जिसके चलते दूसरे तल की छत चिटकी, इसका असर तीसरे तल के छत की ढलाई के लिए लगी शटरिंग पर पड़ा और लगी बल्लियां हट गईं कुछ ही देर में छत के आगे का हिस्सा भरभरा कर गिर गया। मजदूर धीरू किसी तरह निकलने में कामयाब हो गया, जबकि श्रवण जीने की शटरिंग में फंस गया। उसके दोनों पैर दब गए। बाद में पुलिस और दमकल जवानों ने उसे निकाला और अस्पताल भेजा।

# विवि में 10 दिन तक शिक्षक एआई समझेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, एआई डिजिटल वर्कर्स जैसे विषयों पर प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में गिगनाती एआई एकेडमी के साथ मिलकर शिक्षकों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित प्रशिक्षण लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, छात्रों और तकनीकी क्षेत्र में रुचि रखने वालों को एजेंटिक एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और गिग इकोनॉमी जैसी उभरती तकनीकों में दक्ष बनाना है। यह कार्यक्रम दो बैचों में संचालित किया जाएगा, जिसमे पहला बैच 16 से 28 जून और दूसरा 2 से 15 जुलाई तक चलेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा कि गिगनाती जैसी अग्रणी टेक्नोलॉजी आधारित संस्था के साथ हमारे फैकल्टी मेंबर्स और छात्र न केवल एआई टूल्स की तकनीकी समझ प्राप्त करेंगे, बल्कि उन्हें उपयोग करके शिक्षण प्रशिक्षण के क्षेत्र में इनोवेटिव समाधान विकसित करना भी सीखेंगे। एआई एकेडमी के सीईओ योगेश हुजा ने बताया कि फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में हर दिन तीन घंटे की क्लास होगी। जिसमें थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों को समान रूप से महत्व दिया जायेगा। प्रोग्राम में एआई एजेंट्स का निर्माण, एपीआई इंटीग्रेशन, मल्टी एजेंट फ्लोज, टोकनोमिक्स और गिग वर्क इकोनॉमी जैसे इनोवेटिव विषय शामिल हैं।

## सार-संक्षेप



उद्योगपति दीपक कोठारी ने वाहन समाज को सौंपे। अमृत विचार

### दो मोक्ष वाहन और 4 डीप फ्रीजर समाज को दिए

**कानपुर।** उद्योगपति दीपक कोठारी, दादानगर कोआपरेटिव एस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर व पूर्व विधायक अजय कपूर ने स्वर्गाश्रम कमेटी को 2 मोक्ष वाहन व 4 डीप फ्रीजर सौंपे। यश कोठारी चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से शव को बर्रा-2 आजाद कुटिया स्थित स्वर्गाश्रम तक ले जाने के लिए निशुल्क मोक्ष वाहन सेवा व डीप फ्रीजर का प्रबंध किया गया है। पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता अजय कपूर ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी स्वर्गाश्रम कमेटी को कॉल कर डीप फ्रीजर अपने घर मंगवा सकते हैं। उद्योगपति दीपक कोठारी ने बताया कि मोक्ष वाहन व डीप फ्रीजर की सेवा समाज के सभी वर्गों को मिलेगी। युवराज कपूर, उदय कोठारी, पार्षद अनिल यादव, पार्षद सुधीर यादव, पार्षद प्रतिनिधि नीरज चड्ढा, समिति अध्यक्ष बलदेव राज मल्होत्रा, समिति उपाध्यक्ष सुनील नारंग, सीताराम खत्री, समिति उप चेयरमैन राजेश भल्ला, अशोक गेरा, अंबुज शुक्ला, महेश दीक्षित, सुरेंद्र बिहारी, राजू तिवारी, डॉ .अमरजीत, सौरभ कनौजिया व शुभम राठौर समेत आदि रहे।



रामनारायण निषाद का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### रामनारायण निषाद कानपुर मंडल प्रभारी

**कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर महानगर के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला प्रभारी रामनारायण निषाद को कानपुर मंडल का प्रभारी बनाया गया है। कार्यकर्ताओं व निषाद समाज के लोगों ने इस पर हर्ष व्यक्त किया और बहन जी का आभार व्यक्त किया

### 27 के बाद रूट के हिसाब से चलेंगे ई रिक्शे



ट्रैफिक व्यवस्था रौंदते ई रिक्शा।

**कानपुर।** नगर निगम में ई रिक्शों को बार कोड आवंटित करने का काम शुरू हो गया है। ये कार्य 27 जून तक चलेगा और फिर उसके बाद रूट के हिसाब से ई रिक्शे चलेंगे। जो ई रिक्शा अपने निर्धारित रूट पर नहीं चलेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की स्मार्ट अनुभाग की खिड़कियों से ई रिक्शों को बार कोड जारी करने का सिलसिला जारी है। 27 जून के बाद ई रिक्शों के खिलाफ जबरदस्त चेकिंग अभियान चलेगा। बताते चलें कि सवा लाख ई रिकशों में मात्र 7 हजार ई रिक्शे ही पंजीयन के दायरे में आए हैं। बाकी एक लाख से अधिक ई रिक्शों का कुछ अता पता नहीं है। इन ई रिक्शों ने शहर की यातायात व्यवस्था को चौपट कर रखा है।



स्वास्थ्य शिविर में अतिथियों का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### शिविर में किया स्वास्थ्य परीक्षण

**कानपुर।** गंगागंज पनकी भाग 2 के जलेश्वर मंदिर परिसर में स्वास्थ्य शिविर में आंखों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, सीबीसी समेत कई प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। कलम एक स्वैच्छिक संस्था एवं गंगा समग्र के संयुक्त तत्वाधान में शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वरुण प्रताप सिंह रहे।

# घर से निकले युवक का शव लटकता मिला

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में शनिवार की रात फोन आने पर घर से निकले युवक का डेढ़ किमी दूर पेड़ से शव लटकता मिला। परिजनों ने इलाके के युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाया।

फतेहपुर के थाना जहानाबाद के गांव बुढ़वा निवासी नागेश कुमार उर्फ छोटू (20) सालों से परिवार के साथ चकेरी के दहेली सुजानपुर में परिवार के साथ रह रहा था। बड़े भाई राजन ने बताया कि नागेश शटरिंग का काम करता था। बताया कि 14 जून की रात वह घर पर था। इसी दौरान किसी का फोन आया और वह चला गया। देर रात तक घर नहीं लौटा और फोन बंद बताने लगा। 15 जून की सुबह चकेरी थाने गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे तो पुलिस ने फोटो दिखाई। परिजनों के अनुसार पुलिस ने उन्हें कांशीराम कालोनी बजरंग ग्राउंड चंदन नगर के पास पेड़ से शव लटकते मिलने की जानकारी दी।

# नाबालिग से हुआ था रेप, मेडिकल में मिले साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता कानपुर



**अमृत विचार।** बर्रा में सौतेले पिता के हाथों छली गई किशोरी का सोमवार को पुलिस ने मेडिकल कराया। मेडिकल में किशोरी के साथ दुष्कर्म होने के सबूत मिले हैं। गहन पुष्टि करने के लिए जांच करने वाले डॉक्टरों ने किशोरी की स्लाइड तैयार की है। इसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

बर्रा थानाक्षेत्र में रहने वाली 17 साल की किशोरी ने रविवार को मां के साथ थाने पहुंचकर सौतेले पिता पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। कहा था कि पिता पिछले एक साल से उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। किसी को बताने पर उसे और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। रविवार को जब वह उसके साथ मनमानी कर रहा था तभी मां आ गई। इसके बाद विरोध करने पर पिता ने उसे और मां को जमकर पीटा और भाग निकला। बर्रा इंस्पेक्टर नीरज ओझा ने बताया कि किशोरी का मेडिकल कराया गया है। वहीं मंगलवार को मजिस्ट्रेट के समक्ष वह अपने बयान दर्ज कराएगी। आरोपी की जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

### यौन शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** शादी का झांसा देकर तीन साल तक युवती का यौन शोषण करने वाले युवक को गुजैनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवती ने सोमवार को युवक के खिलाफ गुजैनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने चार घंटे के अंदर आरोपी को बर्रा हाइवे के पास से पकड़कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। गुजैनी थानाक्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि तीन साल पहले उसकी सोशल मीडिया के माध्यम से बर्रा आठ निवासी संदीप कुमार गुप्ता से दोस्ती हुई थी। इसके बाद युवक ने मिलने के बहाने से होटल में बुलाया और जबरन संबंध बनाए। विरोध करने पर शादी करने का भरोसा दिया। इसके बाद कई बार अलग -अलग जगहों पर ले जाकर मनमानी की। उन्होंने शादी करने का दबाव दिया तो युवक ने उनके साथ मारपीट की। गुजैनी थानाध्यक्ष विनय तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के चार घंटे के अंदर आरोपी को पकड़कर जेल भेजा गया है।

**पड़ताल** युवाओं के बीच हुई करियर काउंसिलिंग में सामने आया तथ्य

# होम सिकनेस का शिकार हो रहे हैं युवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के युवा होम सिकनेस का शिकार हो रहे हैं। यह तथ्य सेवायोजन विभाग की ओर से हुई काउंसिलिंग में सामने आया है। करियर काउंसिलिंग के दौरान लगभग 8 फीसदी युवाओं ने कहा कि नौकरी के लिए अपना घर नहीं छोड़ सकते। काउंसिलिंग में यह भी सामने आया कि ज्यादातर युवा अपना करियर लक्ष्य अपने मित्रों की सलाह के अनुसार ही बनाते हैं।

सेवायोजन विभाग की ओर से हर महीने युवाओं के बीच जाकर काउंसिलिंग कराई जाती है। पिछले वित्तीय वर्षों में विभाग की ओर से 72 स्थानों में काउंसिलिंग कराई गई। पूरे साल में विभाग की ओर से 12,847 युवाओं की काउंसिलिंग विभाग की ओर से की गई है। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि घर के प्रति मोह कई युवाओं को लक्ष्य निर्धारण में बाधा पैदा करता है। काउंसिलिंग के दौरान हम लोग ऐसे युवाओं को मोटिवेट करते हैं। घर का मोह रखने वाले ज्यादातर युवा करियर के प्रति तो गंभीर होते हैं लेकिन शहर न छोड़ने की जिद उनके करियर में रुकावट लाती है।

विशेषज्ञ काउंसिलर युवाओं को सलाह देते हैं। युवाओं को बेहतर करियर के लिए युवाओं को विशेषज्ञों की सलाह लेना जरूरी बताया। विशेषज्ञ युवाओं को अपनी क्षमता के अनुसार करियर चुनने की सलाह देते हैं। युवाओं को घर के मोह में बंधने के दौरान करियर में रुकावट के बारे में भी बताया जाता है।

**08** फीसदी युवा नौकरी करने शहर के बाहर नहीं जाना चाहते



- 8 फीसदी युवाओं ने कहा कि नौकरी के लिए वे घर नहीं छोड़ेंगे
- 6 फीसदी युवाओं ने कहा कि वे दोस्तों के सलाह पर करियर चुनेंगे
- 12 फीसदी युवा अपने लक्ष्य के प्रति बेहद सजग दिखाई दिए
- 20 फीसदी युवा अपने परिवार के सदस्यों की सलाह लेते हैं
- 3 फीसदी युवाओं में रोजगार के प्रति कम गंभीरता दिखाई दी

### मित्र बनते सलाहकार

काउंसिलिंग में सामने आया कि करियर के मामले में युवाओं के मित्र भी सलाहकार बनकर उभरते हैं। युवा मित्रों की सलाह पर ही नौकरी का आवेदन तक करते हैं। ऐसी स्थिति में विशेषज्ञों की ओर से युवाओं को सलाह दी जाती है कि करियर के लक्ष्य बनाते समय और तैयारी करते समय मित्रों की सलाह के बजाय अपनी क्षमता व विशेषज्ञों की राय को योजना में शामिल करना बहुत जरूरी है।

# ट्रेन के सफर की कहानी लिखें और इनाम पाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय रेल आपके सफर की अनकही कहानियों को मंच देने जा रही है। यदि आपके पास रेल यात्रा का कोई यादगार अनुभव है, जिसे शब्दों में पिरोकर साझा करना चाहते हैं, तो रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना 2025 आपके लिए सुनहरा अवसर है। इस प्रतियोगिता में भाग लें और नकद पुरस्कार जीतें।

उत्तर मध्य जोन झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी में मौलिक और रोचक यात्रा वृत्तांत लिखने वाले प्रतिभागियों को 10,000 रुपये (प्रथम पुरस्कार), 8,000 रुपये (द्वितीय पुरस्कार), 6,000 रुपये (तृतीय पुरस्कार) और पांच प्रेरणा पुरस्कार (प्रत्येक 4,000 रुपये) दिए जाएंगे। कहानी 3000 से 3500 शब्दों की होना चाहिए। जिसे डबल स्पेस में टाइप किया गया हो और प्रत्येक पृष्ठ पर क्रम संख्या अंकित हो। कुल शब्दों की संख्या भी लिखी जानी चाहिए। वृत्तांत के साथ एक अलग पृष्ठ पर अपना नाम, पदनाम, आयु, पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर और ई-मेल जरूर भेजें। अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई, 2025 तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नंबर-316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली 110002 पर भेज सकते हैं।

# गर्भवती महिला की अस्पताल में इलाज के बाद मौत, किया हंगामा

## परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप, अस्पताल बंद कर भागे संचालक

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में स्थित एसके हॉस्पिटल में एक गर्भवती महिला की उपचार के बाद मौत हो गई। जाने पर पीड़ित परिजनों द्वारा अस्पताल के बाहर सोमवार की शाम जमकर हंगामा काटा गया मौके पर पहुंची बिल्हौर कोतवाली की पुलिस ने जैसे तैसे परिजनों को समझ बुझाकर शांत कराया।

पीड़ित बृजेश सविता निवासी बीबीपुर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पत्नी रीना (34) छह महीने की गर्भवती थी। सोमवार को अचानक दर्द होने पर उनको एसके अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां पर संचालिका ने बताया कि वह स्वयं डॉक्टर हैं, जबकि वह आशा बहू के पद पर सीएचसी में कार्यरत है। उन्होंने कई घंटे तक रीना का कई घंटे तक इलाज किया लेकिन उसे कोई आराम नहीं मिला। कुछ समय बाद रीना की हालत ज्यादा गंभीर हो गई तब अस्पताल संचालिका ने उससे कहा कि मरीज को कानपुर के हैलट अस्पताल लेकर जाओ। तब वे लोग उसे हैलट लेकर पहुंचे वहां पर वह उसे भर्ती करा पाते उससे पहले ही रीना की मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। महिला की मौत से नाराज परिजन उसके शव को लेकर पुनः अस्पताल पहुंचे और हंगामा करना शुरू कर दिया। इधर हंगामा होते देख अस्पताल के संचालक मौके से फरार हो गए। जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस बल भी पहुंच गया।

पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है हालांकि इससे पहले भी अस्पताल में कई बार इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी हैं। परिजनों का आरोप है कि आशा बहू ने उपचार किया जिसके चलते ही उनकी पत्नी की मौत हो गई।



आक्रोशित परिजनों को समझाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

- पुलिस के समझाने और आश्वासन पर माने परिजन

"निजी हास्पिटल की संचालक की लापरवाही सामने आई है पीड़ित परिजनों की ओर से लिखित शिकायत सीएमओ कार्यालय मे दर्ज कराएं इसके बाद संचालक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी और हास्पिटल का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जायेगा

रमित रस्तोगी (एसीएमओ नोडल प्रभारी)

## मायके में पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**चौबेपुर।** क्षेत्र के बसेन गांव में एक दिन पहले ही मायके आई नवविवाहिता का शव सोमवार सुबह गांव के बाहर एक पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का बारीकी से मौका मुआयना किया। वहीं परिजनों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए हत्या किये जाने की आशंका जताई है।

बसेन गांव निवासी हरिश्चंद्र कठेरिया की पुत्री संध्या (19) की शादी 20 दिन पहले ही 25 मई को कन्नौज निवासी उसके बुआ के बेटे निर्मल से हुई थी। बताया गया है कि संध्या शनिवार को ही ससुराल से अपने मायके बसेन आई थी। सोमवार सुबह गांव से लगभग 700 मीटर दूर खेत पर खड़े सेमल के पेड़ से संध्या का शव लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी उसके घर वालों को दी। इसके बाद घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस के समक्ष परिजनों ने बेटी हत्या किये जाने की आशंका जताई। इस पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुला साक्ष्य एकत्र कराये। एसीपी बिल्हौर अमरनाथ भी मौके पर पहुंचे।



महिला को चेक देते विधायक राहुल सोनकर बच्चा। अमृत विचार

## कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत दीं चेक

संवाददाता बिल्हौर

**30** परिवारों को मिली आर्थिक सहायता

**अमृत विचार।** ब्लाक सभागार में सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने 30 कृषक परिवारों के परिजनों को प्रमाण पत्र सौंपे। इस अवसर पर, उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा भी उपस्थित रहीं, जहां बड़ी संख्या में किसान और उनके परिवार रहे।

इस योजना के तहत, पूरे प्रदेश में कुल 11,690 आश्रित परिवारों को 561.86 करोड़ रुपये की सहायता वितरित की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों और उनके परिवारों को अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किसानों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना किसानों और उनके परिवारों को अप्रत्याशित दुर्घटनाओं से होने वाले नुकसान से बचाने में सहायक है। इस दौरान प्रभारी तहसीलदार सीपी राजपूत ,जेपी कटियार ,सिपाही लाल ,बीडीओ बलराम समेत तमाम लोग मौजूद रहे ।

## मुकदमा वापस लेने को धमकाया

**कानपुर।** हनुमंत विहार इलाके में मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाने के लिए एक व्यक्ति को जमकर पीटा गया। आरोपी युवक विधायक लिखी कार से आए थे और पीड़ित को सरेराह रोकने के बाद उस पर हमला कर दिया।

योगेन्द्र विहार, खाड़ेपुर नई बस्ती निवासी विजय सिंह ने बताया कि गुरुवार शाम वह बुलेट से मौसी के घर अर्रा जा रहे थे। रास्ते में अचानक पीछे से आई काली थार और एक्सयूवी कार चालकों ने उनकी गाड़ी के आगे कार लगा दी। थार पर विधायक लिखा था। उससे फत्तेपुर दक्षिण निवासी युवराज सिंह, अजय उर्फ लुक्का,शिवम सिंह,गोविन्द, मोनू ठेकेदार व आशीष सिंह भदौरिया उतरे। जबकि एक्सयूवी कार से अर्रा निवासी मयंक भदौरिया और उसके पांच साथी उतरे। आरोप है कि सभी ने उन्हें घेर लिया। उनकी बुलेट की चाभी छीन ली। उन्हें लातों घूसे से मारा और धमकाते हुए कहा कि उनके खिलाफ बर्रा थाने में मारपीट की जो रिपोर्ट दर्ज कराई है, उसे वापस लो। ऐसा न करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में उनका पर्स भी गुम हो गया।



घाटमपुर थाने में मौजूद एडिशनल कमिश्नर आशुतोष कुमार (लॉ एंड ऑर्डर)।

## लंबित विवेचनाओं का समय से करें निस्तारण

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर थाने का एडिशनल कमिश्नर ने निरीक्षण किया । यहां पर उन्होंने कम्प्यूटर कक्ष समेत माल खाने का जायजा लिया। साथ अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। इस दौरान तमाम पुलिस अधिकारी और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

घाटमपुर थाने का निरीक्षण करते हुए एडिशनल कमिश्नर आशुतोष कुमार (लॉ एंड ऑर्डर) थाना प्रभारीयों को लंबित विवेचनाओं को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए । इस दौरान उन्होंने एसीपी से सर्किल क्षेत्र से संबंधित जानकारी जुटाई ।

उन्होंने घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव और पुलिसकर्मियों से पुलिसिंग के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का घूम घूमकर निरीक्षण किया। साथ ही थाना प्रभारी को थाने के अंदर व आसपास साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने को कहा।

## नशेबाजी की कलह में युवक ने फांसी लगाई

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में शनिवार देर रात नशेबाजी को लेकर पत्नी से घरेलू कलह के चलते युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। मूलरूप से फिरोजाबाद का रहने वाला अकील (35) सालों से राजीव नगर नौबस्ता में परिवार के साथ रह रहा था। वह चूड़ी बेचने का काम करता था।

परिजनों ने बताया कि अकील के अधिक शराब पीने को लेकर आए दिन पत्नी शकीना से घरेलू कलह होती रहती थी। रविवार को भी इसी बात को लेकर दंपती में झगड़ा हुआ। इसके बाद अकील कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। वहीं पत्नी अपने चार बच्चों के साथ दूसरे कमरे में चली गई। सोमवार सुबह जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची नौबस्ता पुलिस ने दरवाजा तोड़ा जहां उसका शव फंदे से लटक रहा था।

## जलकल की मुख्य पेयजल लाइन फटने से धंसी सड़क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जल निगम द्वारा गंगा बैराज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से नई पाइप लाइन डाली जा रही है। इसके तहत कंपनी बाग चौराहा से तिलक नगर चौराहा की तरफ कार्य चल रहा है। पाइप लाइन डालने के दौरान तिलक नगर में स्थित पेट्रोल पंप के पास जलकल की मुख्य पाइप लाइन फट गयी। पानी भरने से कच्चा स्थान धंस गया और तेजी से सड़क बैठने लगी। इसकी जानकारी मिलते ही जल निगम ने जलकल विभाग से जलापूर्ति बंद करायी। खोदाई करके पाइप लाइन को ठीक किया जा रहा है।

जलकल बेनाझाबर से वाटर पंपिंग स्टेशन के माध्यम से शहर के 160 मोहल्लों में 20 करोड़ लीटर जलापूर्ति की जाती है। शाम को लीकेज नहीं ठीक होने के कारण जलापूर्ति नहीं हो पायी लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ा। जल निगम के अवर अभियंता योगेन्द्र सिंह ने बताया कि लीकेज ठीक किया जा रहा है। देर रात तक लीकेज ठीक करा दिया जाएगा। जलकल के महाप्रबंधक आनंद त्रिपाठी ने बताया कि जल निगम ने लाइन तोड़ दी है। इसको ठीक कराया जा रहा है। आसपास अपार्टमेंट हैं। ऐसे में पानी भरने का खतरा था। इसके चलते फिलहाल जलापूर्ति शाम को नहीं की गयी है। मंगलवार को एक बार जांच कराके जलापूर्ति सुचारु की जाएगी।



धंसी पड़ी सड़क। अमृत विचार

- तिलक नगर में पेट्रोल पंप के पास फटी लाइन

## वर्दीधारी युवक ने जनसेवा केंद्र में की टप्पेबाजी

संवाददाता बिठूर

- 34 हजार रुपये एकाउंट में डलवाने के बाद नहीं दिये

**अमृत विचार।** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित हिंगूपुर गांव स्थित अभिषेक इंटरनेट एंड बुक स्टाल की दुकान पर सुमित कुमार नाम का एक वर्दीधारी युवक आया । उसने दुकानदार से अपने एकाउंट में 34 हजार रुपये डलवा लिये बाद में उसे धमकी देकर उसके साथ टप्पेबाजी कर ली।

दुकानदार अभिषेक शर्मा ने बताया कि वर्दीधारी युवक सुमित दुकान पर आया और अपने एकाउंट में 34 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिये , जब उसने रुपये मांगे तो सुमित कुमार ने कहा कि अभी दारोगा जी आ रहें है उनसे लेकर पैसे देता हूं। उसके एक घंटे के बाद सुमित कुमार दुकानदार को लेकर ब्रम्हावर्त घाट स्थित अविनाश द्विवेदी के घर पहुंचा। वहां पहुंचने के बाद सुमित उनके घर के अंदर चला गया और बोला अभी यहीं पैसे मंगा कर दें रहे हैं। लगभग दो घंटे बीत जाने के बाद ज़ब अभिषेक ने सुमित से रुपये मांगे तो वह गाली गलौच करते हुए उसे भाग जाने को कहने लगा। उसके बाद सुमित कुमार अविनाश के घर के अंदर चला गया और बाहर ही नहीं आया। तब प्रार्थी थक हार कर अपने घर वापस चला गया। दो दिनों के बाद ज़ब अभिषेक फिर से अविनाश के घर पहुंचा तो वहां से जानकारी हुई कि सुमित कल्याणपुर में कहीं किराये पर रहता है। इसके बाद अभिषेक कल्याणपुर पहुंचा तो वहां पर सुमित कुमार नहीं मिला। जानकारी करने पर आस पास के लोगों ने बताया कि वह यहां के जन सेवा केंद्र से भी पैसा लेकर जा चुका है। उसके बाद प्रार्थी ने पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र देते हुए वर्दीधारी सुमित कुमार पर कार्रवाई की मांग की है।

## गोविंदपुरी में ट्रेनें बढ़ रहीं बारिश से कैसे बचेंगे यात्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्लेटफार्म नंबर 1 पर 100 यात्री तो प्लेटफार्म 2-3 पर 25 यात्री की व्यवस्था
- अधिकतर ट्रेनें प्लेटफार्म 2 व 3 पर आतीं, फुटओवर ब्रिज या हॉल ही सहारा

**अमृत विचार।** यदि आप गोविंदपुरी स्टेशन से ट्रेन पकड़ने जा रहे हैं और आपकी ट्रेन प्लेटफार्म नंबर 2 या 3 से जाएगी तो बारिश से बचना मुश्किल है। इन दोनों प्लेटफार्म पर छोटा सा टिनशेड है। ऐसे में स्टेशन पर बनाए गए फुटओवर ब्रिज या फिर प्लेटफार्म नंबर 1 पर बनाए गए हॉल में ही शरण लेनी पड़ेगी।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन के बाद कानपुर दक्षिण का सबसे बड़ा स्टेशन गोविंदपुरी स्टेशन है। सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेनों का लोड कम करने के लिए गोविंदपुरी से ट्रेनों का संचालित करने का काम तेजी से चल रहा है। पिछले दो माह से जितनी भी स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं, ये सभी कानपुर सेंट्रल नहीं जाती हैं बल्कि गोविंदपुरी होकर ही जाती हैं। वर्तमान में गोविंदपुरी स्टेशन पर प्रतिदिन 50 हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन है। दिल्ली हावड़ा, झांसी मुख्य मार्ग पर स्थित गोविंदपुरी स्टेशन पर कभी कभी तीनों प्लेटफार्म पर ट्रेनें रहती हैं। ऐसे में एक साथ 5 हजार से अधिक यात्री एक बार में प्लेटफार्म पर दिखाई देते हैं।

लिहाजा प्लेटफार्म नंबर एक का टिनशेड बढ़ाना चाहिए और प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 का टिनशेड का भी विस्तार होना जरूरी है। इस संबंध में उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह का कहना है कि जरूरत के अनुसार सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।

## किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**कालपी।** नगर के मोहल्ला राजघाट के डूडा कॉलोनी में नाबालिक किशोर ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नगर के मोहल्ला अदलसराय निवासी कुंवर प्रताप सिंह को डूडा कॉलोनी में आवास आवंटित हुआ था। जहां पर वह अपनी पत्नी और तीनों बच्चों के साथ रह रहा था। बताया गया कि दो वर्ष पहले उसकी कैंसर से मौत हो गई थी। जिससे परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी बड़े पुत्र नकुल सिंह 15 वर्ष के कंधे पर आ गई थी। वह नगर के मुख्य बाजार टरननगंज स्थित एक परचून की दुकान पर काम करता था।

## आईटीआई में 11 ट्रेड की बढ़ेंगी सीटें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीट बढ़ोतरी के लिए प्रस्ताव बनाकर निदेशालय भेजा गया
- 40 से 44 सीटों तक हो सकेगा इजाफा, छात्रों को होगा लाभ

**अमृत विचार।** आईटीआई में 11 ट्रेड की सीटों में इजाफा किया जा रहा है। यह सीटें पॉपुलर ट्रेड में बढ़ने जा रही हैं। इससे ट्रेड में 40 से 44 सीटों का लाभ युवाओं को हो सकेगा। सीटों को बढ़ाने के लिए निदेशालय को प्रस्ताव दिया गया है। अनुमति मिलने के बाद बढ़ी हुई सीटों पर संस्थान प्रवेश लेगा।

संस्थान की ओर से जिन 11 ट्रेड की सीटों में इजाफा किया जा रहा है उनमें औद्योगिक मांग वाले ट्रेड अधिक हैं। इन ट्रेड में फिटर, टर्नल, आरएसी, मशीनिस्ट, मशीनिस्ट ग्राइंडर, कॉरपेंटर, वेल्डर, इंस्टुमेट मकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर व



डीजल मकेनिक सहित अन्य ट्रेड शामिल हैं। संस्थान की ओर से बताया गया कि प्रशिक्षण के दौरान इन ट्रेड की सबसे अधिक मांग होती है। ऐसी स्थिति में सीटों के मुकाबले अधिक आवेदन आने पर कई युवा प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं। इस स्थिति में नोडल आईटीआई पांडु नगर में सीटों को बढ़ाए जाने का प्रस्ताव निदेशालय भेज दिया गया है। यह प्रस्ताव 22 मई को प्रक्रिया के तहत निदेशालय भेजा गया है। नोडल प्रधानाचार्य हरीश मिश्रा ने बताया कि संस्थान में विभिन्न ट्रेड में रोजगार का प्रतिशत लगभग 80 फीसदी है। ऐसी स्थिति में संस्थान में ट्रेड की मांग अधिक है। इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सीटों को बढ़ाए जाने के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है।

### 1720 सीटों पर प्रवेश

- संस्थान में फिलहाल 37 ट्रेड संचालित हो रहे हैं। इनमें 3 ट्रेड टाटा की ओर से संचालित किए जा रहे हैं। 11 ट्रेड में सीटें बढ़ने के बाद संस्थान में अधिक सीटो पर पढ़ाई हो सकेगी। ट्रेड मे अधिक सीटों पर प्रशिक्षण दिए जाने के लिए अतिरिक्त शिक्षकों की भी मांग की गई है।

### उद्योगों की मांग शामिल

- संस्थान में नीति आयोग के सदस्य की ओर से दिए गए सुझाव पर भी काम चल रहा है। इसक तहत उद्यमियों से भी सलाह लेकर प्रशिक्षण में बेहतर बदलाव किया जाएगा। इसके लिए पहली बैठक जून महीने के अंतिम सप्ताह से शुरू हो जाएगी। माना जा रहा है कि इन बैठकों का भी असर युवाओं के प्रशिक्षण में उद्योग की मांग के अनुसार बेहतर सुधार हो सकेंगे।

**फौजी परिवार** रोहन त्रिपाठी के पिता पीएन त्रिपाठी मौजूदा समय में लेफ्टिनेंट कर्नल, दादा भी थे कर्नल

## परिवार की तीसरी पीढ़ी का बेटा बन गया लेफ्टिनेंट

शैलेश शुक्ला, चौबेपुर

**अमृत विचार।** कहते हैं मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। उक्त कहावत को चरितार्थ किया है कस्बा निवासी रोहन त्रिपाठी ने। पारिवारिक सैन्य परंपरा को कायम रखते रोहन ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर अपने गांव नाम रोशन किया है।

चौबेपुर पड़ाव निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल पीएन त्रिपाठी के बेटे राजेश त्रिपाठी ने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए आर्मी में जाने का निर्णय लिया था और मौजूदा समय में वह लेह में लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर तैनात हैं। वहीं अब राजेश त्रिपाठी के बेटे रोहन ने सेना में लेफ्टिनेंट बनकर तीसरी पीढ़ी में भी अपने परिवार की सैन्य परंपरा को कायम रखा है। एनडीए के माध्यम से लेफ्टिनेंट बनकर देश की रक्षा व सेवा करने का संकल्प लेने वाले रोहन की इस कामयाबी से सिर्फ परिवार ही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र वासियों को गर्व का अनुभव हो रहा है। रोहन ने वर्ष 2019 में आर्मी पब्लिक स्कूल बेंगदुबी, सिलीगुड़ी से हाई स्कूल की परीक्षा 98.8 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण कर देश भर के आर्मी स्कूलों में प्रथम स्थान हासिल किया था। वहीं वर्ष 2021 में आर्मी पब्लिक स्कूल धौला कुआं दिल्ली से इंटरमीडिएट की परीक्षा 98.6 फीसदी अंकों से उत्तीर्ण की। इसी वर्ष यूपीएससी परीक्षा में पहले ही प्रयास में एनडीए की परीक्षा पास की। तीन वर्ष पुणे में प्रशिक्षण के बाद आई एम ए देहरादून से एक वर्ष का प्रशिक्षण लेने के बाद मात्र 21 वर्ष 6 माह की छोटी उम्र में उन्होंने 16 जून को सेना में लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर लिया। रोहन अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं। पिता राजेश लेफ्टिनेंट कर्नल व मां भावना त्रिपाठी गृहणी हैं। रोहन की इस उपलब्धि से उनके पारिवारिकजनों के साथ क्षेत्रवासियों में खुशी व्याप्त है।



अपने माता -पिता के साथ लेफ्टिनेंट रोहन त्रिपाठी। अमृत विचार

- रोहन की कामयाबी से कस्बा व क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

## शिकायत नहीं आई तो केएमसी में जांच नहीं

**कानपुर।** लाजपत नगर स्थित कानपुर मेडिकल सेंटर (केएमसी हॉस्पिटल) में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया, लेकिन नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी का कहना है कि अभी तक कोई शिकायती पत्र ही नहीं आया है। जब शिकायती पत्र मिलेगा तो जांच कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

शास्त्री नगर निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर विशाल तिवारी (35) के किडनी में स्टोन था। केएमसी हॉस्पिटल में लेजर विधि से ऑपरेशन की बात कही गई। 13 जून को वह केएमसी में भर्ती हुए। ऑपरेशन के बाद 14 जून को उनकी मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया।

## अजब-गजबः अब तो मीट और सब्जी नहीं खिलाने पर भी तलाक

जमीर सिददीकी, कानपुर

- शरई अदालत में तलाक लेने के लिए महिलाएं सबसे आगे दिखाई दे रहीं

**अमृत विचार।** शौहर कितनी मेहनत से घर परिवार चला रहा है, बीवी को इसकी फिक्र नहीं है बल्कि हफ्ते में एक बार भी मीट नहीं लाता, सब्जी नहीं खिलाता, इसलिए मुझे अपने शौहर से तलाक चाहिए। ऐसी दलीलें सुनकर शरई अदालत के मुखिया शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी हैरत में हैं, अपना सिर पकड़कर बैठे हैं।

कर्नलगंज के इमरान (बदला नाम) ई रिक्शा लोन पर लिए थे, उनके परिवार के माता पिता के अलावा पत्नी, दो बेटी और एक बेटा है। इमरान को हर महीने 10,000 रुपये की ई रिक्शे की किस्त देना पड़ती है। महीने में ई रिक्शे से मुश्किल से 15 से 20 हजार रुपये कमा पाते हैं, एक चालान हो गया तो परिवार मुश्किल में आ जाता है। अब पत्नी ने जिद पकड़ रखी है कि उसे तलाक चाहिए क्योंकि उसका शौहर उसको शापिंग नहीं कराता, अतिरिक्त खर्च नहीं देता है। शौहर का कहना है कि 10 हजार रुपये किस्त के निकल जाते हैं, जो बचता है, उसी से बैट्री भी चार्ज कराना है, ई रिक्शे की रिपेयरिंग भी कराना है, बच्चों के लिए खाने पीने की वस्तुएं भी लाना है, ऐसे में वह क्या करे। माता पिता की दवाएं भी लाना है। कुल मिलाकर बहुत समझाने के बाद बीवी एक बार साथ जाने को तैयार हो गई।

### पांच मुफ्ती की टीम करती सुनवाई

- मदरसा इशाअतुल उलूम कुलीबाजार में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक, शाम को आठ बजे से रात 2 बजे तक पांच उलेमा, मुफ्ती की टीम के साथ शहरकाजी मसलों को कुरआन व हदीस की रोशनी में सुलझाते हैं। शहरकाजी का कहना है कि मैं परेशान हूं, हैरत में हूं हमारे मुआशरा (समाज) को क्या हो रहा है। पहले जमाने में शौहर की कमाई नहीं खातीन उनके हालात को देखती थीं, अगर शौहर ले आया तो खा लिया और नहीं जुगाड़ लग पाया तो पूरा परिवार बिना खाए सो जाता था। लेकिन आज हालात बिल्कुल बदल चुके हैं। तमाम ऐसी खातून हैं जो अपने शौहर का तंग दस्ती की हालत में साथ ही नहीं देना चाहती बल्कि सीधे खुला लेने पहुंच जाती हैं।

# एक्स-रे चाहिए तो स्मार्ट फोन साथ लाइए

संवाददाता, शिवली

- शिवली सीएचसी में काफी समय से फिल्म ही नहीं
- एक्स-रे रिपोर्ट के लिए खासे परेशान होते हैं मरीज

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिजिटल एक्स-रे मशीन व टेक्नीशियन तो हैं और एक्सरे भी हो रहे हैं, मगर मरीजों को एक्स-रे फिल्म नहीं मिल रही है। इसके लिए मरीजों को स्मार्ट फोन लाना पड़ता है। रिपोर्ट उसी पर दी जाती है। इसका कारण सीएचसी में एक्स-रे फिल्म का न होना है।

भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह, शिवम दीक्षित, पवन अग्निहोत्री, राजू शुक्ला आदि ने बताया कि कस्बा शिवली समेत आसपास के दर्जनों गांव के मरीज व घायल सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचते हैं। चिकित्सक उन्हें एक्स-रे कराने की सलाह देकर पर्चा थमा देते हैं। स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे भी हो जाता है, लेकिन उन्हें फिल्म नहीं मिल पाती है। जिससे मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ती है। ग्रामीण क्षेत्र के कई मरीज जिनके पास स्मार्ट फोन नहीं होते हैं। उन्हें तो बगैर फिल्म के ही लौटना पड़ता है। कि फोटो फिल्म न होने से मरीजों को परेशानी होती है। यह समस्या पिछले काफी दिलों से बनी हुई है। जबकि शासन की ओर से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लगातार निर्देश जाते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि फोटो फिल्म न होने के कारण हाथोंहाथ रिकॉर्ड मरीजों को नहीं देने में समस्या है। मोबाइल पर रिपोर्ट देने की सुविधा है।



सीएचसी का एक्स-रे रूम।


सीएचसी अधीक्षक डॉ. सिद्धार्थ वर्मा।

### एक्स-रे फिल्म की जगह जल्द मिलेगा प्रिंट आउट

सीएचसी में नई तकनीक एक्स-रे फिल्म रिपोर्ट की जगह प्रिंट आउट मिलेगा। फिल्म रिपोर्ट की जगह प्रिंट आउट देने की ट्रेनिंग भी हो गई है। इसमें एक्सरे मशीन से प्रिंटर जोड़ा जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सिद्धार्थ वर्मा ने बताया कि फोटो लेने के बाद प्रिंटर से उसका प्रिंट निकल आएगा। इस व्यवस्था से टेक्नीशियन के साथ ही मरीजों को भी सुविधा होगी। शीघ्र ही मरीजों को यह सुविधा मिलने लगेगी।

# पॉक्सो मामले में नामजद गिरफ्तार

**शिवली।** मुखबिर की सूचना पर शिवली पुलिस ने मोहदियापुर थाना भोगनीपुर निवासी धीरेंद्र सिंह कमल उर्फ धीरू को मुखबिर की सूचना पर बैरी तिराहे पर सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। इसके एक दिन पूर्व 15 जनवरी को पुलिस ने पीड़िता को भी थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया था।

बताते चलें शिवली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 31 जनवरी को आरोपी उसकी नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर कर ले गया था। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने गांव की रहने वाली पीड़िता से करीब पांच वर्ष से बातचीत करता था। कोतवाल मुकेश सिंह सोलंकी ने बताया आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# बनने लगी सिकंदरा-बैजामऊ रोड

**खबर का असर**

संवाददाता, सिकंदरा

- 11 करोड़ रुपये से कराया जाएगा सड़क का निर्माण

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के सिकंदरा से बैजामऊ जाने वाला संपर्क मार्ग कई वर्षों से जर्जर पड़ा था। आखिरकार अब उसके निर्माण की घड़ी आ गई है। इससे लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

सिकंदरा से बैजामऊ जाने वाला संपर्क मार्ग कई वर्षों से खस्ताहाल था। पिछले दिनों 'अमृत विचार' ने मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद अधिकारी हरकत में आए और करीब 11 करोड़ रुपये से रोड निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने टेंडर निकाला। इसका ठेका आगरा की एक कंपनी को मिला है। 17 मई को ठेकेदार को पीडब्ल्यूडी से वर्क आर्डर मिलने के बाद जोरदारी से सड़क का निर्माण शुरू करा दिया गया है। सिकंदरा से बैजामऊ जाने वाला संपर्क मार्ग दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ता है। दिन-रात छोटे-बड़े वाहन दौड़ते हैं। इसी संपर्क मार्ग पर दो बालू घाट भी हैं, जो फिलहाल अभी बंद चल रहे हैं, लेकिन बालू घाट चालू होने पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही धड़ल्ले से बढ़ जाती है। सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर हरिहरपुर ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार समेत ग्रामीणों ने खुशी जताई है। पीडब्ल्यूडी के जेई अरविंद कुमार ने बताया कि करीब 11 करोड़ से रोड निर्माण का टेंडर हुआ है। कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से होगा।


सिकंदरा-बैजामऊ सड़क निर्माण के लिए खोदाई करती जेसीबी। अमृत विचार


ओवरलोड वाहनों की धमाचौकड़ी से उधड़ गई सड़क। अमृत विचार

सिकंदरा-बैजामऊ संपर्क मार्ग की हालत हो गई खस्ता

सिकंदरा। सिकंदरा से बैजामऊ तक जाने वाला करीब 12 किलोमीटर संपर्क मार्ग कई सालों से जर्जर है। ओवरलोडिंग वाहनों की आवाजाही से दो फिट गहरे गड्ढे हो गए हैं। इस मार्ग से बिछवली, बैजामऊ बालू घाटों तक भारी वाहनों की आवाजाही होती है। फिलहाल दोनों घाट बंद है, लेकिन पूर्व में ओवरलोड बालू भरकर धड़ल्ले से दौड़ते वाहनों की वजह से 12 किलोमीटर सड़क दो फिट गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिससे मार्ग दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। खनन विभाग व अन्य जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सरेआम ओवरलोड वाहनों का संचालन किया जाता रहा है।

अमृत विचार में प्रकाशित हुई थी खबर।

## एक नजर

### विकास भवन में किसान दिवस पर गोष्ठी कल

**कानपुर देहात।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनपद स्तर पर हर माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन होता है। 18 जून को विकास भवन सभागार माती में दोपहर 12 बजे से गोष्ठी होगी, जिसमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता, मंडी समिति, लघु सिंचाई, विद्युत विभाग, जल निगम, कृषि विज्ञान केंद्र, अग्रणी बैंक मैनेजर, नेडा एवं फसल बीमा कंपनी के जनपद स्तरीय अधिकारी समस्याएं निस्तारित करेंगे।

### दहेज हत्या में वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** रसूलाबाद के एसआई अनिल कुमार ने बताया कि आंबेडकर नगर जिले के बसखारी क्षेत्र के कसदहा खुझिया निवासी गंगाप्रसाद ने 23 जनवरी को दहेज न देने पर ससुरालियों पर पुत्री की हत्या की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने बर्रा-ढर्रा गांव के वांछित भोलू उर्फ निखिल उर्फ श्रीकांत को सोमवार को उसके घर से पकड़ा गया। कृष्णकांत यादव उर्फ गोलू जेल जा चुका है।

# ब्रेड बनाने का हुनर सीखेंगी महिला बंदी

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने जेल की महिला बंदियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- चिकित्सालय, वन स्टाप सेंटर बंदीगृह का किया निरीक्षण
- वृद्धाश्रम में महिलाओं को फल की टोकरी, कोल्ड ड्रिंक बांटी

**अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने सोमवार को वृद्धाश्रम, जिला महिला चिकित्सालय, वन स्टाप सेंटर और महिला बंदीगृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से वार्ता कर जानकारी ली। साथ ही वृद्ध महिलाओं को फल की टोकरी, कोल्ड ड्रिंक आदि वितरित किए।

जिला महिला चिकित्सालय अकबरपुर का निरीक्षण करते हुए राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का केक काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान नवजात 21 बालिकाओं की माताओं को बेबी केयर किट का वितरण किया गया। साथ ही कन्या के प्रति सकारात्मक सोच रखने के लिए महिलाओं को सम्मानित किया। वृद्धाश्रम में महिलाओं को फल और कोल्डड्रिंक बांटी।

उन्होंने चिकित्सालय के एसएनसीयू, ओपीडी, आईसीयू व अन्य वार्डों का जायजा लिया। इसके बाद वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण कर अल्पावास में संरक्षित बालिकाओं से वार्ता की। साथ ही सेल्टर व केस रजिस्टर का अवलोकन किया। जिला कारागार माती में महिला बंदीगृह का निरीक्षण कर उपाध्यक्ष ने महिला बंदियों से वार्ता की। साथ ही परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को जांचा। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि महिला बंदियों से खाना बनवाया जाए और ब्रेड बनाने का प्रशिक्षण दें। निरीक्षण के दौरान महिला चिकित्सालय सीएमएस डॉ. वंदना सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी गीता सिंह, जेल अधीक्षक धीरज सिन्हा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


माती जेल में महिला बंदीगृह का निरीक्षण करतीं उपाध्यक्ष अपर्णा यादव। अमृत विचार


वृद्धाश्रम पहुंचकर महिलाओं को फल की टोकरी बांटी। अमृत विचार

# अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

संवाददाता, शिवली

- मैथा चौकी क्षेत्र के बेहटा गांव की पुलिया के पास हुआ हादसा
- खेत की जुताई के लिए अपना ट्रैक्टर लेकर जा रहा था युवक

**अमृत विचार।** खेत की जुताई के लिए जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जनकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मैथा पुलिस चौकी क्षेत्र के सुनवर्षा गांव निवासी विमल कुमार यादव (35) सोमवार की सुबह अपना ट्रैक्टर लेकर खेत की जुताई करने जा रहा था। तभी बेहटा गांव की पुलिया के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे विमल नीचे दब गया। लोगों ने उसे आनन-फानन बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर मृतक की पत्नी निशा देवी, भाई सुनील यादव, राजवीर यादव, सर्वेश यादव, योगेश यादव, पिता लेखपाल सिंह, मां भाग्यवती आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के एक वर्ष का पुत्र श्याम सिंह है। ग्राम प्रधान टिल्लू पाल, अधिवक्ता अंकित दुबे ने मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता दिलाए जाने की मांग की है। वहीं जानकारी पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण यादव बबलू भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।


चालक विमल यादव।

# मंत्री जी! मैं जिंदा हूं, मुझे मरा बता रहे हैं...

संवाददाता, रनियां

- वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिलने पर महिलाओं का दर्द
- राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने चौपाल में सुनीं समस्याएं
- वाटर फ्रीजर, गंदगी, सड़क सफाई की समस्याएं उठीं

**अमृत विचार।** विकसित भारत का अमृत काल, सेवा-सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पंचायत के संविलियन विद्यालय में राज्यमंत्री ने चौपाल लगाई। उनके सामने गांव की बुजुर्ग महिलाओं का दर्द छलका। बोलीं, मंत्री जी! हम जिंदा हैं, मगर नगर पंचायत वालों ने उन्हें 'मरा' बता दिया है, जिससे पेंशन नहीं मिलती।

जन चौपाल के दौरान राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला से वार्ड नंबर छह वीर सावरकर नगर के सभासद अनूप त्रिवेदी ने शिकायत की कि प्रधानमंत्री आवास योजना में आवेदन करने वाले 38 लाभार्थियों का सर्वे नहीं किया गया। राज्यमंत्री ने अकबरपुर नायब तहसीलदार रविंद्रनाथ मिश्रा व रनियां ईओ मनीष राय को जल्द सर्वे कराकर जानकारी देने की बात कही। वृद्धावस्था पेंशन के कई लाभार्थियों ने बताया कि नगर पंचायत कर्मियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। ऐसे में उन्हें वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। इसकी पुनः जांच कराकर लाभ दिलाया जाएगा। कस्बे के अरुण शर्मा के साथ दूसरे लोगों ने बाजार में सुलभ शौचालय न होने, गर्मी में कई वाटर फ्रीजर बंद होने, गंदगी, सड़क निर्माण, सफाई आदि समस्याएं रखी। राज्यमंत्री ने ईओ को समाधान के निर्देश दिए। ईओ ने बताया कि नगर पंचायत में 20 से अधिक सड़कें बन गई हैं, जो नहीं बनी हैं, उनका सर्वे करा कर बनाया जाएगा। 16 फ्रीजर सही कराए गए हैं। छह खराब फ्रीजरों को जल्द सही कराया जाएगा। चौपाल में सप्लाई इंस्पेक्टर सतेंद्र यादव, सीडीपीओ धर्मेंद्र कुमार, थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता, बालजी शुक्ला, महेश तिवारी, ओमप्रकाश पांडेय, अंशु तिवारी, नितिन कुशवाहा, सोनू मिश्रा, उमा द्विवेदी, संजय पांडेय, बउवन शुक्ला, बीनू मिश्रा, धर्मेंद्र कुशवाहा, आलोक कुशवाहा, अरुण शर्मा, विपिन शर्मा, अभिषेक शर्मा, आकाश मिश्रा, जगदीश आदि रहे।


रनियां के संविलियन विद्यालय में सोमवार को चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

# चौथी बार बढ़ी शिक्षकों के तबादले की तारीख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों की अंतर्जनपदीय तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया को चौथी बार बढ़ा दिया गया है। अभी तक शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए 9 से 12 जून तक की समय सीमा को निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 15 जून तक कर दिया गया है।

अब ऑनलाइन आवेदन की छायाप्रति जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की तारीख 16 जून कर दी गई है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी की तरफ से आदेश जारी किया गया है। ट्रांसफर की सूची 19 जून को जारी की जाएगी। उसी दिन शिक्षकों को कार्यमुक्त किया जाएगा। पांच दिन के अंदर शिक्षकों को ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

### कम छात्र वाले स्कूलों का करीब विद्यालय में विलय

जनपद के जिन परिषदीय विद्यालयों में 20 से कम बच्चे हैं तो उन्हें पास के दूसरे स्कूल में समायोजित किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार के आदेश पर बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने कम संख्या वाले स्कूलों को चिह्नित करने का बीएसए को निर्देश दिए हैं। जल्द ही चिह्नित विद्यालयों की सूची शासन को भेजी जाएगी। उसी के आधार पर स्कूलों का विलय होगा। मानक के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में 30 बच्चों पर एक शिक्षक, 45 बच्चों पर दो, 60 बच्चों पर तीन, 75 बच्चों पर चार और 90 बच्चों पर पांच शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। अभी इसी मानक पर स्थानांतरण प्रक्रिया चल रही है। शासन से दिशा निर्देश मिलने पर विलय की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

## सार-संक्षेप


किसान की मौत पर लोगों से छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

### किसान ने फंदा लगा दी जान, नहीं कराया पोस्टमार्टम

**रूरा।** क्षेत्र के खजुरा में किसान ने गांव के बाहर नीम के पेड़ में गमछे से फंदा लगाकर जान दे दी। पिता की सूचना पर पहुंची चौकी ने छानबीन की। डेरापुर थाना क्षेत्र के खजुरा गांव निवासी बनवारीलाल ने थाना पुलिस को सूचना देकर बताया कि उनके पुत्र अवधेश कुमार (45) ने गांव के ही फूल सिंह के खेत में खड़े नीम के पेड़ पर गमछे से फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी पर मृतक की पत्नी मीना, पुत्र शोभित, सोनम, वंदना आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं चौकी प्रभारी दस्तमपुर गिरीशचंद्र यादव ने बताया कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। इसलिए पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।


अवधेश कुमार।

# विद्यालय का ताला तोड़ सामान व खाद्यान्न चोरी

संवाददाता, शिवली

- ग्रीष्मावकाश के बाद स्कूल खुलने पर हुई जानकारी
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय कड़री के प्रधानाध्यापक ने दी तहरीर

**अमृत विचार।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय कड़री में चोरों ने ग्रीष्मावकाश के दौरान ताला तोड़कर मिडडे-मील का सामान, बर्तन, स्टेशनरी समेत अन्य सामान पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कड़री के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार ने तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि 20 मई से विद्यालय में ग्रीष्मावकाश चल रहा था। 16 जून को विद्यालय खुलने पर वह सुबह पहुंचे तो चोरी का पता चला। बताया कि चोर विद्यालय के कमरों का ताला तोड़कर चार बोरी मध्यांह भोजन का गेहूं व चावल, तीन गेम्स किट, दो विज्ञान किट, दो गणित किट, बच्चों से संबंधित ईको क्लब के सामान की 2 किट, स्कूल की 8 चटाइयां, बर्तन, स्टेशनरी एवं अन्य सामान पार कर ले गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने मौके पर छानबीन की। कोतवाल मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


स्कूल के कमरे का टूटा ताला।

**योजना का लाभ** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत बांटी गई प्रतीकात्मक चेक

# 403 आश्रित परिवारों को 19 करोड़ की मदद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया
- अकबरपुर में एमएलसी और डीएम ने चेक का वितरण किया

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत जिले के 403 आश्रित परिवारों को 19 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतीकात्मक चेक बांटी गई। वहीं आंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चेक वितरण का सजीव प्रसारण सभी तहसीलों में देखा व सुना गया।

सोमवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना अंतर्गत आश्रितों को सहायता राशि वितरण का कार्यक्रम सभी तहसीलों में किया गया। अकबरपुर तहसील में एमएलसी अविनाश सिंह चौहान व जिलाधिकारी आलोक सिंह ने आश्रितों को प्रतीकात्मक चेक बांटी। वहीं जनपद में कुल 403 आश्रित परिवारों को लगभग 19 करोड़, 51 लाख, 50 हजार रुपये की सहायता राशि वितरित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। जिनमें यह योजना विशेष रूप से दुर्घटना के समय पीड़ित कृषक या उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित है। इसके अंतर्गत किसान की मृत्यु या पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 5 लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जाती है। जबकि आंशिक विकलांगता में ढाई लाख रुपये दिए जाते हैं। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, एसडीएम अकबरपुर अवनीश कुमार समेत लाभार्थी उपस्थित रहे।



अकबरपुर तहसील में आश्रित को प्रतीकात्मक चेक देते एमएलसी और डीएम।

### मैथा के 22 आश्रितों को एक करोड़ की सहायता

**शिवली।** सोमवार को मैथा तहसील सभागार में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 22 मृतक किसानों के परिजन सुमिरता देवी, गीता देवी, कंचन देवी, छोटेलाल, रोहित कुमार आदि को एक करोड़ 10 लाख रुपये की सहायता राशि के प्रमाण पत्र राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने बांटे। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार किसानों के हित के लिए लगातार काम कर रही है। एसडीएम राजकुमार चौधरी ने किसानों को योजना के बारे में जानकारी दी। तहसीलदार सुनील कुमार ने कहा कि किसानों के परिजन उनसे मिल सकते है। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक नंदकिशोर, रजिस्ट्रार कानूनगो चंद्रबाबू, लेखपाल कामता मिश्रा, नितिन बाजपेई, नंदलाल सिंह, हर्षित त्रिपाठी, अर्पित श्रीवास्तव, अवनीश प्रताप, अवधेश गुप्ता आदि रहे।

# घरेलू कलह में वृद्धा ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, रूरा

- अलियापुर गांव में हुई घटना पति ने दी पुलिस को सूचना
- पुलिस ने की प्रारंभिक छानबीन फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अलियापुर गांव में एक वृद्धा ने घरेलू कलह के चलते सोमवार की शाम घर में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन की है।

सोमवार की शाम अलियापुर गांव निवासी जयवती (65) ने अपने घर के कमरे में पंखे के कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर पति जयबहादुर सिंह ने इसकी सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। मृतका का पति खेती किसानी करता है। उसका पुत्र अजय सिंह सेना में असम में तैनात है। जबकि पुत्री की शादी हो गई है। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि पारिवारिक कलह के चलते फंदा लगाकर जान देने करने का कारण सामने आ रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।


छानबीन करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम।

## एक नजर

### खरीफ में अनुकूल रहेगा मौसम, उत्पादन बढ़ाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को उनके कार्यालय सभागार में खरीफ मौसम में कृषि उत्पादन संबंधी एक बैठक की गई। इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि खरीफ मौसम में अनुकूल मौसम रहने की संभावना है, जिसका लाभ उठाते हुए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक तैयारी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन में वृद्धि करके प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान दिया जाए, ताकि मुख्यमंत्री के 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिल सके।

### 31 जुलाई तक चलेगी मक्का की खरीद

**अमृत विचार लखनऊ :** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर राज्य सरकार किसानों से पहली बार सीधे मक्का की खरीद कर रही है। 15 जून से शुरू हुई यह खरीद 31 जुलाई तक चलेगी। क्रय केंद्रों पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खरीद की जाएगी। मक्का की खरीद 2225 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी। दरअसल, पिछले दिनों औरैया पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मक्का उत्पादक किसानों से बात की थी और उन्हें आश्वस्त किया था कि सरकार नियमित रूप से उनकी खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी। फिलहाल सरकारी मक्का की खरीद हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर, औरैया, कन्नौज, इटावा, फर्रुखाबाद, बहराइच, बलिया, गोंडा,अयोध्या, बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, संभल, रामपुर, व मीरजापुर में की जा रही है।

### पेयजल संबंधी 90 फीसदी शिकायतें निस्तारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने पेयजल आपूर्ति से जुड़ी जन शिकायतों के निस्तारण में उपलब्धि दर्ज कर रहा है। जल गुणवत्ता, पाइपलाइन लीक, अनियमित जल आपूर्ति और रोड कटिंग जैसी शिकायतों में 90 फीसदी शिकायतों का त्वरित समाधान किया है। इस पहल से अब तक 38 हजार से अधिक नागरिकों को समाधान मिल चुका है। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि अनियमित जल आपूर्ति की 10 हजार से अधिक समस्याओं का निस्तारण कर योगी सरकार ने मानक स्थापित किया है। रोड कटिंग की चार हजार से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया, जबकि जल गुणवत्ता की 400 से अधिक शिकायतें दूर की गईं। इसके अलावा इलाकों में पेयजल पाइप लाइनों में लीकेज की शिकायतों में 4,500 से अधिक पाइप लाइन रिसाव की समस्याओं को शीघ्र हल किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विभिन्न प्रकार की 18 हजार से अधिक शिकायतों को निस्तारित किया गया है। जिसमें जल आपूर्ति की समयबद्धता, जल प्रेशर, कनेक्शन संबंधी समस्याएं शामिल हैं।

# निजीकरण के विरोध में नियामक आयोग कार्यालय पर मूक प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सलाहकार कंपनी के निजीकरण संबंधी 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' को नामंजूर करने की मांग
- सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन

**अमृत विचार:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को बिजली कर्मियों ने राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय पर मूक प्रदर्शन किया और निजीकरण के विरोध में ज्ञापन देकर सलाहकार कंपनी के निजीकरण संबंधी 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' को नामंजूर करने की मांग की। इसके साथ ही, बिजली कर्मियों ने प्रदेश के सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन किया।

बिजली कर्मी शाम चार बजे सैकड़ों की संख्या में नियामक आयोग कार्यालय के मुख्य द्वार पर पहुंचे। बिजली कर्मियों ने निजीकरण के विरोध में तख्तियां लेकर मूक प्रदर्शन किया। नियामक आयोग के सचिव ने मुख्य द्वार पर पहुंचकर संघर्ष समिति का ज्ञापन लिया। ज्ञापन के जरिए संघर्ष समिति ने निजीकरण पर नियामक आयोग के जरिये सुनवाई पर अपनी आपत्ति और विरोध दर्ज किया।

संघर्ष समिति ने आयोग के अध्यक्ष के नाम दिए गए ज्ञापन में मांग की कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की ओर से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए दिए गए आरएफपी डॉक्यूमेंट को मंजूरी न दी जाय और निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाए। आयोग के अध्यक्ष से यह भी मांग की गई कि निजीकरण के मामले में संयुक्त संघर्ष समिति को भी नियामक आयोग के सामने अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया जाए।

आयोग में सदस्य विधि न होने से पूरा नहीं है कोरम : संघर्ष समिति की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि आयोग में वर्तमान में कोई सदस्य विधि नहीं है। इस तरह आयोग का तकनीकी दृष्टि से कोरम ही पूरा नहीं है। अवैध ढंग से नियुक्त किए गए व झूठा शपथ पत्र देने वाली सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर पावर कॉरपोरेशन से कोई बात नहीं करनी चाहिए थी और न ही इस पर कोई अभिमत देना चाहिए।



राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय पर प्रदर्शन करते बिजली विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

## लू से राहत, मौसम में बदलाव का सिलसिला

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेशवासियों को लू से राहत मिल गई है। अब राज्य के कई जिलों में बारिश और झोंकेदार हवाओं के साथ मौसम में बदलाव का सिलसिला है। इस बीच मौसम विभाग ने 40 से अधिक जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। इसी के साथ तापमान में 3 से 7 डिग्री की गिरावट का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 जून तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में छिटपुट से भारी बारिश की संभावना है। जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। इस बीच पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को कहा कि बाढ़ के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में पशुधन की सुरक्षा के लिए सभी पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाए।

# किसान परिवार से कोई आपदा ग्रस्त हुआ तो सरकार साथ

## 11690 आश्रित परिवारों को जारी किए गए 561.86 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने अंबेडकर नगर में 1,184 करोड़ की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत 11690 आश्रित परिवारों के लिए 561.86 करोड़ रुपये जारी किए। सोमवार को अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री मौजूद रहे, जबकि प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में मंत्री-जनप्रतिनिधियों ने किसानों के आश्रितों को सहायता उपलब्ध कराई।

मुख्यमंत्री ने इस वर्ष अब तक आपदा के शिकार हुए किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है। मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना से इस वर्ष में 11690 परिवारों को धनराशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से पहले केवल किसान आता था, बटाईदार और किसान के परिवार के सदस्य नहीं आते थे, लेकिन हमारी सरकार ने कहा कि किसान, बटाईदार, कृषि श्रमिक व किसान के परिवार का कोई व्यक्ति अग्निकांड, आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली, बाढ़ समेत किसी भी आपदा का शिकार होता है तो सरकार मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत सोमवार को अंबेडकर नगर के 431 लोगों को सहायता राशि उपलब्ध कराई। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये, 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। कुल राशि 20 करोड़, 78 लाख, 25 हजार रुपये (लगभग 21 करोड़) है। धनराशि डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजी गई। मुख्यमंत्री ने गीता देवी, अकिला खातून, सितारा देवी, शांति देवी, रेखा शुक्ला, शालू, ज्योति, वंदना भारती, रुक्मिणी, सिंधू वर्मा, संगीता, शशिकला, कुसुम, अनीता, सबीना को पांच-पांच लाख रुपये चेक दिया गया। इसी तरह की सहायता धनराशि अंबेडकरनगर, कुशीनगर, कानपुर देहात, मैनपुरी, जौनपुर, इटावा, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, संतकबीर नगर जिलों के किसान परिवारों को भी सौंपी गई।

### अकबरपुर बस स्टैंड का श्रवणधाम नामकरण

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अंबेडकर नगर के कटेहरी में आयोजित एक समारोह में जिले के विकास के लिए 1,184 करोड़ रु. की 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों की मांग पर विचार करते हुए कहा कि अकबरपुर बस स्टैंड का नामकरण ''श्रवणधाम बस स्टैंड'' होना चाहिए।



### गीडा को मिलेगी 1551 करोड की परियोजनाओं की सौगात

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक नक्शे पर तेजी से उभर रहे गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 1551 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लोकार्पण और शिलान्यास के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों शीघ्र ही इन विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। लोकार्पण और शिलान्यास की इन परियोजनाओं में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप 760 करोड़ रुपये के निवेश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। इसके साथ ही लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे प्लास्टिक पार्क में ही केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (सीपेट) का स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी कामन फसिलिटी सेंटर) का शिलान्यास भी प्रस्तावित है। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने प्लास्टिक के विश्व व्यापार में भारत की साझेदारी को बढ़ाने एवं क्लस्टर विकास के माध्यम से प्लास्टिक पार्क योजना विकसित की है। इस योजना के तहत देश भर में 10 प्लास्टिक पार्कों को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। इसी योजना के तहत उत्तर प्रदेश का पहला प्लास्टिक पार्क गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे गीडा द्वारा अधिग्रहित ग्राम नरकटहा की 88 एकड़ भूमि पर बसाया जा रहा है।

# बिजली सस्ती होगी तो प्रदेश में उद्योग लगेंगे: अखिलेश यादव



**अमृत विचार, लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर बिजली सस्ती नहीं होगी तो प्रदेश में उद्योग नहीं लगेंगे, कारोबार नहीं होगा । उप्र. में आज जिन पावर प्लांटो से बिजली का उत्पादन हो रहा है वह पावर प्लांट सपा सरकार में लगाये गये थे। अभी हाल में जिन पावर प्लांटों का उद्घाटन हुआ उनका शिलान्यास सपा सरकार में हुआ था। भाजपा सरकार ने बिजली विभाग की तरह स्वास्थ्य विभाग को भी बर्बाद कर दिया है। सपा प्रमुख, पार्टी मुख्यालय में सोमवार को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल है। सोना एक लाख रूपए से पार चला गया है। गरीब व्यक्ति अपनी बेटी की शादी कैसे करेगा। इस महंगाई में शादी-विवाह में गरीब बेटी को कुछ भी देने की स्थिति में नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे में श्रद्धालुओं की मौत के आंकड़े को लेकर पूरी सरकार ने झूठ बोला। मृतकों के परिजनों को मुआवजा न देना पड़े इसलिए मरने वालों की संख्या सिर्फ 37 बतायी । अब जब एक प्रतिष्ठित समाचार संस्था ने पूरा आंकड़ा और सच्चाई सामने ला दिया है तो सरकार कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं बची है।

# जिलों की सीएचसी में भी तैनात किए जाएंगे जूनियर रेजीडेंट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- प्रदेश में जेआर की 2797 सीट, काउंसिलिंग में प्रतिभाग करेंगे नीट 2019 बैच के 2582 एमबीबीएस डॉक्टर

**अमृत विचार :** प्रदेश के मेडिकल कॉलेज ही नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी जूनियर रेजीडेंट्स की तैनाती होगी। नीट 2019 बैच के एमबीबीएस उत्तीर्ण, डॉक्टर बन चुके अभ्यर्थियों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत राज्य के 48 मेडिकल कॉलेज व 40 जिलों की विभिन्न सीएचसी की कुल 2797 पदों पर तैनात किया जाएगा। इसके लिए सोमवार 16 जून से काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इन अस्पतालों सीट मैट्रिक्स जारी कर दी है।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले 2019 बैच के डॉक्टरों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत दो साल के लिए जूनियर रेजीडेंट, डिमांडट्रेटर व ट्यूटर के पद पर नियुक्त किया जाएगा। डॉक्टरों को मनपसंद कॉलेज एलॉट करने के लिए कांउसिलिंग प्रक्रिया जारी है। आरक्षण नियमो का अनुपालन करते हुए प्रदेश के चिकित्सा विश्वविद्यालय, चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान समेत 48 मेडिकल कॉलेजों के साथ ही 40 अन्य जिलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की रिक्त सीटों की मैट्रिक्स घोषित कर दी गयी है। प्रदेश में सीटे 2797 हैं, जबकि 2019 बैच के 2537 और 2018 बैच के 45, कुल 2582 एमबीबीएस डॉक्टर हैं, कांउसिलिंग के माध्यम से सभी को कॉलेजों में नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी।

# ग्रेड वन के 670 डॉक्टरों को ग्रेड टू में प्रोन्नति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- वर्ष वार रिक्त पदों के सापेक्ष प्रोन्नति की तीन सूचियां जारी

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में अनुरोध पर होने वाले तबादलों की आश लगाए डॉक्टरों की उम्मीदों पर पानी फिर गया, लेकिन वर्षो बाद विभाग में ग्रेड वन के पहली बार प्रोन्नति पाने वाले डॉक्टरों में हर्ष का माहौल है, ग्रेड वन के 670 डॉक्टरों को ग्रेड टू में प्रोन्नति मिल गई। वहीं तमाम डॉक्टरों का वर्षों से प्रोन्नति का इंतजार जारी है।

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अनुभाग आठ से प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के अनुमोदन उपरांत ग्रेड टू में प्रोन्नति पाने वाले डॉक्टरों की तीन सूची जारी हुई हैं। पहल सूची वर्ष 2021-22 में रिक्त पदों के सापेक्ष जारी पहली सूची में 562 डॉक्टरों को शामिल किया गया है, जबकि वर्ष2022-23 में 43 डॉक्टर शामिल हैं, इनमें नौ डॉक्टर दिव्यांग हैं। प्रोन्नति पाए वर्ष 2023-24 के रिक्त पदों के सापेक्ष 65 डॉक्टरों की तीसरी सूची जारी की गयी है। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग उप्र. के प्रांतीय सचिव डॉ.अमित सिंह का कहना है कि ग्रेड वन में 3620 पद के सापेक्ष करीब 6949 डॉक्टर सेवारत हैं, साल 2012 से प्रोन्नति नहीं मिली है, जिसकी वजह से ग्रेड वन में प्रोन्नति की आस लगाए हजारों डॉक्टर हैं, मात्र 670 डॉक्टरों को प्रोन्नति से विभाग का ढ़ांचा नहीं सुधरेगा, प्रोन्नति सभी को देनी चाहिए।

### स्वास्थ्य केन्द्रों के एमओसीएच 119 डॉक्टर स्थानान्तरित

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित होने वाले 119 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारियों (एमओसीएच) को आयुर्वेद निदेशक के निर्देश पर स्थानान्तरित कर नए केन्द्रों में तैनात कर दिया गया है। इनमें मात्र 23 डॉक्टरों के स्थानान्तरण अनुरोध पर किए गए हैं। आयुर्वेद निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने स्थानान्तरित एमओसीएच की सूची जारी करते हुए सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि स्थानान्तरण के तहत डॉक्टरों को तत्काल प्रभाव से बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा के चिकित्साधिकारियों को अवमुक्त करें ताकि अगले एक सप्ताह के अंदर नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण कर लें। निदेशक ने बताया कि स्थानान्तरण में डॉक्टरों के गृह जनपद को ध्यान में रखा गया है, अगर मंडल में तैनाती की निर्धारित अवधि पूरी हो चुकी है तो समीप के मंडल में समीप के जिलों में डॉक्टरों को स्थानान्तरित किया गया है ताकि डॉक्टरों को अधिकतम सुविधा मिल सके। गौरतलब है कि अधिकांश डॉक्टरों के जिला बदले गए हैं, तमाम डॉक्टर मंडल के बाहर स्थानान्तरित किए गए हैं।

### आयुर्वेद में 81 फार्मासिस्ट स्थानान्तरित

आयुर्वेद विभाग में निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने अनुरोध पर 81 फार्मासिस्टों को मनपंसद जिलों में स्थानान्तरित किया गया है। स्थानान्तरित फार्मासिस्टों को जिलों के साथ ही नयी तैनाती के अस्पताल भी निर्धारित किए गए हैं। उन्हें एक सप्ताह के अंदर नए पद पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## धर्म दर्शन

# ब्रह्मांडीय आलिंगन शिव और शक्ति

समय की पहली सांस लेने से पहले आदिम अंधकार में, केवल शून्यता थी, जो अनंत संभावनाओं से भरी हुई थी। इस पवित्र शून्यता के भीतर, चेतना पहली बार विचार के रूप में नहीं, बल्कि शुद्ध जागरूकता के रूप में उभरी, जिसने पहली बार खुद को छुआ। यह वह क्षण था जब शिव ने शून्यता के दर्पण में अपने प्रतिबिंब को पहचाना, और उस पहचान से, शक्ति अस्तित्व में आई।

वह उनसे अलग नहीं, बल्कि उनकी अपनी शक्ति के रूप में प्रकट हुई, वह गुप्त अग्नि जो हमेशा उनकी शांति के भीतर जलती रहती थी। अपनी जागृति के उस पहले क्षण में, वह उनका सामना करने के लिए मुड़ी, और उनकी आंखें अव्यक्त क्षमता के रसातल में मिलीं। यह देखना नहीं था, बल्कि इतनी पूर्ण पहचान थी कि इसने अलगाव की धारणा को हमेशा के लिए चकनाचूर कर दिया।


शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

उनका पहला स्पर्श स्वयं इच्छा का जन्म था, अधूरे प्राणियों की कच्ची इच्छा नहीं, बल्कि प्रतीत होने वाले विभाजन के परमानंद के माध्यम से खुद को जानने की एक की ब्रह्मांडीय लालसा। जब शक्ति की उंगलियों ने पहली बार शिव के रूप की ज्यामिति का पता लगाया, तो वह चेतना की वास्तुकला का मानचित्रण कर रही थी। जब शिव के हाथों ने शक्ति के दिव्य शरीर को पाया, तो वह उन गुप्त मार्गों की खोज कर रहे थे जिनके माध्यम से निराकार आकार बन जाता है।

उनके पवित्र मिलन में, हर कोमल स्पर्श अंतरिक्ष समय के ताने-बाने पर मंत्र लिखता है। उसकी सांस हवा बन जाती है जो सभी दुनियाओं में चलती है। उसका दिल की धड़कन ग्रहों के नृत्य और आकाशगंगाओं के फूलने को नियंत्रित करने वाली लय स्थापित करती है, वह खुद को वेदी के रूप में पेश कर रही है जिस पर पूरी सृष्टि समर्पित है। उनके सबसे अंतरंग क्षणों में, वह शुद्ध ऊर्जा में विलीन हो जाती है, सुनहरी रोशनी तरल आग की तरह उसकी चेतना के माध्यम से प्रवाहित होती है। वह अनंत स्थान बन जाता है जिसमें उसका रचनात्मक विस्फोट होता है, उसके ब्रह्मांडीय बनने का शाश्वत साक्षी। वे एक साथ ज्ञाता और ज्ञात, प्रेमी और प्रिय, साधक और खोजे जाने वाले होते हैं।

उनके सबसे गहरे मिलन के क्षण में, सारा अस्तित्व रुक जाता है। सांस अंदर और बाहर के बीच रुक जाती है। दिल धड़कनों के बीच आराम करता है। उस पवित्र विराम में, पूरा ब्रह्मांड अपने स्वयं के स्रोत को पहचानता है और उस शुद्ध जागरूकता में वापस विलीन हो जाता है जिससे वह उत्पन्न हुआ था, केवल अगले ही पल उनके निरंतर आलिंगन से पुनर्जन्म लेने के लिए।

## वर्ग पहेली- 4

**बाएं से दाएं**

1.1. तेज़ दौड़ने वाला 2. फुरतीला।

3.1. कमल, पद्म, कुईं 2. कनकचंपा, कनिआरी 3. सारस 4. (पुराण) कुश द्वीप में स्थित एक पर्वत।

6.1. रास्ता भूलना 2. भ्रम में पड़ना 3. व्यर्थ में इधर-उधर घूमते फिरना, मारे-मारे फिरना 4. बहकना, गुमराह होना।

7. न्योछावर करना, उत्सर्ग करना।

8.1. नीति संबंधी, नीति का 2. नीति के अनुसार होने वाला (आचरण या व्यवहार)।

**ऊपर से नीचे**

2.1. बचकाना, शिशुओं के समान 2. शिशुओं को होने वाला

3.1. किसी पदार्थ या चीज़ में नीचे की तरफ़ से कुछ निकालने के लिए ऊपर की परत को हटाना, खुरचना 2. किसी कठोर सतह पर कुछ उत्कीर्ण करना, खरोंचना, उकेरना, उभारना 3. लकड़ी

4. परिवर्तन, बदलाव, क्रांति।

5.1. जलबेंत 2. एक प्राचीन माप (परिमाण)।



### वर्ग पहेली -3 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 गुं | | 2 रि | | | | |
| ज | | 3 का | नू | न | गो | |
| न | | ऱ् | | | | |
| | 4 मॉं | ड | लिं | 5 ग | | 6 मे |
| 7 लो | | | | 8 ज | मी | न |
| भी | | | | दं | | हो |
| | 9 ख़ु | रा | फ़ा | ती | | ल |

## सुडोकू -11

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | 3 | | 4 | |
| | | 6 | | 9 | | | | 8 |
| 7 | | | 5 | | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | 3 | 9 |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| | 5 | | | | 1 | | | |
| | 3 | 9 | | | | | | 5 |
| | | | | 4 | | 2 | | |
| | | | 8 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 10 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 |
| 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी-14.46 तक तत्पश्चात सप्तमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 18 जून 01.01 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** — आज आपके आसपास का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। सामाजिक कार्यों में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। शेयर मार्केट और अन्य माध्यमों पर निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों की कुछ चिंता हो सकती है।

**वृष** — आज कारोबार में आ रही परेशानियों का हल हो जायेगा। अपनी जीवनशैली में परिवर्तन ला सकते हैं। किसी के प्रति मन में ईर्ष्या भाव न आने दें। विरोधी आपके आगे नतमस्तक रहेंगे। आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपसे खुश नहीं है। पूजा-पाठ में आपकी विशेष रुचि रहेगी। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों को शिक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। पति-पत्नी के रिश्तों के मध्य का तनाव कम होगा।

**कर्क** — आज पुराने अनुभवों का आज लाभ उठा सकते हैं। इसके कारण आपके अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखें। खानपान में असन्तुलन के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। हाथ-पैरों में शिथिलता रहेगी।

**सिंह** — आज दांपत्य संबंध में मजबूती आयेगी। कारोबार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण थोड़ा भावुक रहेगा। कानूनी मामलों में आप विजयी हो सकते हैं।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। दूसरों के मामलों में प्रतिक्रिया न दें। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ तालमेल की कमी हो सकती है। बेवजह के खर्चों पर अंकुश लगाएं। आपके कार्य समय पर पूर्ण नहीं होंगे। फिर भी आप काफी समझदारी से परिस्थितियों को संभाल लेंगे।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। मित्रों के साथ आपके रिश्ते और मजबूत होंगे। बच्चों की गलतियों को अनदेखा न करें। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। लोग आपके कार्यों में गलतियां निकाल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी सुस्त रहेगी। घुटनों में दर्द उभर सकता है। कार्यक्षेत्र में बार-बार रणनीति बदलना आपके लिए घातक हो सकता है। जब तक आपके काम पूरे न हों तब तक उससे पीछे न हटें। विधिक मामले आपके पक्ष में रहेंगे।

**धनु** — आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। दांपत्य संबंधों में प्रेम और समर्पण भाव बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मनोरञ्जक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन बहुत शुभ है। दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा का विचार बनेगा।

**मकर** — आज धन की स्थिति कमजोर रहने वाली है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। प्रेमी जन से किसी कारणवश झगड़ा हो सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में कुछ लापरवाही कर सकते हैं। अजनबियों से अधिक संबंध न रखें। शत्रु आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। करियर को लेकर उलझनें दूर होंगी। सहकर्मियों के साथ मित्रवत संबंध मजबूत होंगे।

**मीन** — आज आपके व्यवहार से सहकर्मी परेशान हो सकते हैं। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास करेंगे। विदेशी कंपनियों में जॉब कर रहे लोगों को उच्च पद मिल सकता है। पैरदर्द और मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हो सकती है।

जानीयात्प्रेषणेभृत्यान् बान्धवान्व्यसनाऽऽगमे।
मित्रं याऽऽपत्तिकालेषु भार्यां च विभवक्षये ॥

किसी महत्वपूर्ण कार्य पर भेजते समय सेवक की पहचान होती है। दु:ख के समय में बन्धु-बान्धवों की, विपत्ति के समय मित्र की तथा धन नष्ट हो जाने पर पत्नी की परीक्षा होती है।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रक्रिया

देश में सोलहवीं जनगणना कराने के लिए सरकार ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। जनगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो देश के विकास के लिए आवश्यक है। जनगणना का एलान स्वागत योग्य है। 2021 की जनगणना में देरी के कारण, 2025 की जनगणना का महत्व और भी बढ़ गया है। जनगणना लोगों की धारणा को इतना प्रभावित करेगी कि यह एक शताब्दी की घटना होगी क्योंकि कोविड-19 महामारी की वजह से 2021 में होने वाली दशकीय जनगणना में देरी हुई। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। जनगणना गतिविधियों के लिए लगभग 34 लाख गणनाकार और पर्यवेक्षक तथा लगभग एक लाख 30 हजार जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। स्पष्ट है कि भारत के पास दुनिया में सबसे बड़ा सांख्यिकीय सर्वेक्षण तंत्र है। महत्वपूर्ण है कि यह जनगणना न केवल जनसंख्या का सटीक आंकड़ा प्रदान करेगी, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास योजनाओं और नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण डेटाबेस भी होगी। इस बार जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। जातिगत जनगणना को लेकर कुछ लोगों का मानना है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को समझने और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए नीतियों को बनाने में मदद मिलेगी। जबकि कुछ लोगों को डर है कि जातिगत जनगणना से सामाजिक विभाजन और संघर्ष बढ़ सकता है। विपक्षी दल कांग्रेस का कहना है कि जनगणना के लिए तेलंगाना का माडल अपनाया जाए, सिर्फ जातियों की गिनती ही नहीं बल्कि जातिवार सामाजिक और आर्थिक स्थिति से जुड़ी विस्तृत जानकारी भी जुटाई जानी चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि जातिगत जनगणना को सावधानीपूर्वक और सामाजिक न्याय के हित में किया जाए।

गौरतलब है कि जनगणना जनसंख्या के आकार, वितरण, और संरचना के बारे में जानकारी प्रदान करती है, जो सरकार को उचित योजना बनाने और नीतियां बनाने में मदद करती है। जनगणना के आंकड़ों का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए वित्तीय आवंटन के लिए किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि संसाधनों का वितरण न्यायसंगत हो। जनगणना के आंकड़े बुनियादी ढांचे के विकास, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और परिवहन, की योजना बनाने के लिए आवश्यक हैं। कुल मिलाकर नई जनगणना जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के सामाजिक और राजनीतिक प्रभावों को तेज करेगी।

# पर्यावरण पर मरुस्थलीकरण और सूखे का गंभीर असर



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्राय: सूखे की चपेट में रहते हैं।

मरूस्थलीकरण और सूखे की बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर इससे मुकाबला करने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1994 में मरूस्थलीकरण रोकथाम का प्रस्ताव रखा था। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से वैश्विक स्तर पर मरूस्थलीकरण का मुकाबला करने के लिए जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1995 से प्रतिवर्ष 17 जून को 'विश्व मरूस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस' मनाया जा रहा है।

इस दिवस के जरिये लोगों को जल तथा खाद्यान्न सुरक्षा के साथ पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति जागरूक करने, सूखे के प्रभाव को प्रत्येक स्तर पर कम करने के लिए कार्य करने और नीति निर्धारकों पर मरूस्थलीकरण संबंधी नीतियों के निर्माण के साथ उससे निपटने के लिए कार्ययोजना बनाने का दबाव बनाने का प्रयास किया जाता है।

इस वर्ष यह दिवस 'भूमि को पुनःस्थापित करें: अवसरों को खोलें' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो भावी पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह के महत्वपूर्ण भूमि संसाधनों को संरक्षित करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करता है। विश्व का 95 प्रतिशत भोजन कृषि भूमि पर उत्पादित होता है, यही भूमि हमारी खाद्य प्रणालियों का आधार है लेकिन चिंता का विषय है कि इसमें से एक तिहाई भूमि वर्तमान में क्षरित हो चुकी है, जो दुनियाभर में 3.2 बिलियन लोगों को प्रभावित करती है, विशेष रूप से ग्रामीण समुदायों और छोटे किसानों को, जो अपनी आजीविका के लिए भूमि पर निर्भर हैं, जिससे भूख, गरीबी, बेरोजगारी और जबरन पलायन में वृद्धि होती है। जलवायु परिवर्तन इन मुद्दों को और गंभीर बना देता है, जिससे टिकाऊ भूमि प्रबंधन और कृषि के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न होती हैं तथा पारिस्थितिकी तंत्र का लचीलापन कमजोर हो जाता है।

जलवायु संकट सूखा, बाढ़, जंगलों में आग लगने की घटनाओं के जरिये मरुस्थलीकरण को बढ़ा रहा है। एक ओर जहां जलवायु का गहराता संकट मरुस्थलीकरण की समस्या को बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर मरुस्थलीकरण जलवायु संकट को और गंभीर बना रहा है अर्थात मरुस्थलीकरण और जलवायु संकट एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। जलवायु संकट में भू-क्षरण का भी बहुत बड़ा योगदान है। पर्यावरणविदों के मुताबिक मिट्टी में वातावरण में मौजूद कार्बन से तीन गुना ज्यादा कार्बन है और पृथ्वी पर मौजूद कार्बन का सबसे बड़ा भंडार मिट्टी में ही है। कार्बन का उत्सर्जन मिट्टी से निकलकर वातावरण में पहुंचकर वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी कर रहा है और मरुस्थलीकरण के कारण यह समस्या और ज्यादा बढ़ रही है। पृथ्वी का निरन्तर बढ़ता तापमान, सौर ऊर्जा और हवा की प्रकृति में भी बदलाव ला रहा है। सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है और भारत की आबादी का एक बहुत बड़ा भाग तो शुष्क इलाकों में ही रहता है।

> रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्राय: ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्राय: खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है।

देश का लगभग 70 प्रतिशत भूभाग (करीब 22.83 करोड़ हेक्टेयर) शुष्क माना गया है और इस शुष्क भूभाग की उत्पादकता काफी कम है। देश का करीब 7.36 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्रफल मरुस्थलीकरण से प्रभावित है और भारत के कई इलाके तो प्रायः सूखे की चपेट में रहते हैं। शुष्क इलाकों का प्राकृतिक तंत्र मनुष्यों द्वारा डाले जाने वाले अनावश्यक दबाव के कारण चरमराने लगता है और इस विघटनकारी प्रक्रिया को नहीं रोके जाने की स्थिति में समूचा तंत्र रेगिस्तान की भेंट चढ़ जाता है। लकड़ी के लिए पेड़ों की अंधाधुंध छंटाई अथवा अत्यधिक चराई के कारण उस तंत्र में प्राकृतिक उपयोगी पौधों की संख्या काफी घट जाती है, जिनका स्थान अनुपयोगी और अखाद्य पेड़-पौधे ले लेते हैं, जिसका दुष्परिणाम यही होता है कि वह प्राकृतिक तंत्र पहले से भी बहुत कम संख्या में मनुष्यों और मवेशियों को पोषित कर पाता है और यही दुष्चक्र मरुस्थलीकरण को गति प्रदान करता है।

रेगिस्तानी इलाकों में चूंकि बारिश बहुत ही अनियमित ढंग से होती है, ऐसे में ऐसे इलाकों में उपलब्ध पानी की बेहद सीमित मात्रा से कृषि उत्पादकता पर काफी असर पड़ता है। वैसे तो शुष्क इलाकों में वर्षा कम होती है लेकिन जो वर्षा होती है, वह काफी तेज और तूफानी किस्म की होती है, जिससे प्रायः ऐसे इलाकों में बारिश बाढ़ का रूप लेकर उपजाऊ मिट्टी को ही बहा ले जाती है और वहां बड़े-बड़े गड्ढे तथा नाले बन जाते हैं, जो प्रायः खेती के लिए बेकार हो जाते हैं। कई क्षेत्रों में इसी के चलते रेत के बड़े-बड़े टीले बन जाते हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष बंजर इलाकों में प्रति हेक्टेयर क्षेत्र से पानी के कटाव के कारण 16.35 टन मिट्टी बह जाती है। बार-बार आने वाला सूखा मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया को तेज कर देता है। मिट्टी का कटाव होने का एक दुष्परिणाम यह भी है कि पानी के साथ बहकर आने वाली मिट्टी जलाशयों में भर जाती है, जिससे उनकी जलधारण क्षमता घट रही है और इस कारण बाढ़ की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से देश के कई इलाकों में लाखों लोगों को बारिश के कारण बाढ़ का कहर झेलने को विवश होना पड़ रहा है, उसका सबसे बड़ा कारण यही है। यही नहीं, बड़ी-बड़ी पनबिजली परियोजनाओं के सरोवरों में मिट्टी भर जाने से उनसे निर्मित होने वाली बिजली की मात्रा भी घट जाती है।

जहां तक वातावरण में कार्बन कम करने का सवाल है तो तापमान में डेढ़ डिग्री सेल्सियस कमी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वातावरण से कार्बन को तेजी से सोखने की जरूरत है और पर्यावरणविदों के मुताबिक यह प्राकृतिक कार्बन सिंक की क्षमता में वृद्धि करके ही हो सकता है और जंगलों तथा कृषि की समस्या को कम करने वाले सिंक मैकेनिज्म से एक तिहाई से भी ज्यादा जलवायु आपदा कम की जा सकती है। इसका सबसे बेहतर तरीका यही माना जा रहा है कि कार्बन को वनों, चारागाह और मिट्टी में समेट दिया जाए, जो मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए भी बेहद जरूरी है। वनीकरण, वनस्पति कवर में सुधार, जल का दक्षतापूर्ण उपयोग, मिट्टी के कटाव को बेहतर कृषि पद्धति के जरिये कम करना इत्यादि उपायों के जरिये मिट्टी में बायोमास उत्पादन और जैविक कार्बन कंटेंट में सुधार संभव है। पर्यावरणविदों का मानना है कि जंगलों का नुकसान रोककर और दोबारा लगाकर 2050 तक 150 बिलियन टन से भी ज्यादा कार्बन कम किया जा सकता है और इस अवधि में शुष्क क्षेत्रों में कृषि भूमि के अलावा 30-60 बिलियन टन कार्बन का संचय किया जा सकता है। बहरहाल, मरुस्थलीकरण की समस्या बढ़ते जाने से कृषि की उत्पादनशीलता में जो कमी आ रही है, उससे होने वाले नुकसान को करीब 25 हजार करोड़ रुपये आंका गया है। चिंताजनक स्थिति यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में निरन्तर बढ़ती आबादी की मूलभूत जरूरतों की पूर्ति के लिए कृषि की उत्पादकता को बढ़ाने की जरूरत महसूस की जाती रही है लेकिन मरुस्थलीकरण के चलते इसमें आती कमी नीतियों में बड़े बदलावों की जरूरत पर जोर देती है।

## प्रसंगवश

# समाज और रिश्तों की अमानवीयता का कड़वा सच

हाल ही में सोनम रघुवंशी द्वारा हनीमून पर अपने पति राजा रघुवंशी की अपने प्रेमी और किराए के हत्यारों के साथ मिलकर की गई हत्या ने एक बार फिर रिश्तों और समाज पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह समाज और रिश्तों की अमानवीयता का ऐसा कड़वा सच है, जिसमें पुरुष और महिला अपराधी की सीमाएं टूट जाती हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या अमानवीयता की परिभाषा क्या केवल पुरुषों तक सीमित है? अमानवीयता का अर्थ होता है कि ऐसा व्यवहार, जो क्रूर, संवेदनहीन और अन्यायी हो। जब पुरुष स्त्री को मारता है, समाज उसे दरिंदा कहता है, लेकिन जब स्त्री पुरुष को प्रताड़ित करती है, तो उसे भावनात्मक कारण, मानसिक दबाव या आत्मरक्षा का नाम दे दिया जाता है। असल में तो वास्तविक नारीवाद का उद्देश्य स्त्री-पुरुष दोनों को समान अधिकार देना है। कुछ मामलों में तथाकथित फेमिनिज्म अब पुरुष विरोधी एजेंडा का रूप ले रहा है। अधिकार के नाम पर प्रतिशोध और लाभ की भावना ने कई रिश्तों को जहरीला बना दिया है। कुछ महिलाएं मैं औरत हूं, मुझे कुछ भी कहने का हक है जैसी मानसिकता से पुरुषों का दमन कर रही हैं।



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

भारतीय समाज में विवाह को जीवन का पवित्रतम बंधन माना गया है। पति-पत्नी का रिश्ता विश्वास, प्रेम और सम्मान का आधार होता है। पति-पत्नी को अर्धांगिनी और जीवन साथी की संज्ञा दी जाती है। पुरुष, जो इस रिश्ते में प्रेम, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ बंधता है, आज वह झूठे आरोपों, मानसिक प्रताड़ना और सामाजिक तिरस्कार का शिकार हो रहा है। विवाह की आड़ में कई बार महिलाओं द्वारा पुरुषों पर जो अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है, वह एक गहरी चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में सामने आ रही घटनाएं इस विश्वास को झकझोर रही हैं। अब विवाह केवल प्रेम का प्रतीक नहीं रहा। कुछ मामलों में वह पुरुषों के लिए मौत का दरवाजा बनता जा रहा है। पत्नियों द्वारा पतियों की हत्या के कुछ चिंताजनक और ताजा मामले बताते हैं विवाह संबंध में पुरुषों की जान तक जा रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में देश में कुल 28,522 हत्याओं की प्राथमिकी दर्ज की गई। प्रतिदिन लगभग 78 और प्रति घंटे तीन से अधिक हत्या हुई। इसमें से लगभग 70 प्रतिशत यानी करीब 19,966 लोग पुरुष थे। एनसीआरबी पत्नी द्वारा पतियों की हत्या को विशिष्ट रूप से रिकॉर्ड नहीं करता, लेकिन शोध बताते हैं कि 2022 में लगभग 275 पति हर वर्ष हत्या का शिकार हुए। ताजा मामले प्रदर्शित करते हैं कि पत्नियां भी योजना बनाकर हत्या करती हैं, जो एनसीआरबी के डाटा में शामिल नहीं होते। पुलिस और जांच एजेंसियां कई बार महिला के बयान को अंतिम सत्य मानकर पुरुष को दोषी ठहराती हैं। यदि पति मारा गया है और पत्नी का संदेह है, तो भी संदेह का लाभ अक्सर महिला को मिल जाता है। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग जैसी संस्थाएं हैं, जो कानूनी और सामाजिक सहायता देती हैं, लेकिन पुरुषों के लिए कोई भी केंद्रीय आयोग या समर्पित निकाय नहीं है। देश के अधिकांश घरेलू हिंसा संबंधी कानून जैसे भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम (2005) पूरी तरह से महिलाओं के हित में बनाए गए हैं। परंतु यदि कोई पुरुष घरेलू हिंसा या मानसिक उत्पीड़न का शिकार होता है, तो उसके लिए कोई विशिष्ट कानून नहीं हैं। यदि कोई पुरुष शोषण, मानसिक प्रताड़ना या यहां तक कि जान से मारने की धमकी का सामना करता है, तो समाज अक्सर उसे हंसी का पात्र बना देता है। तू मर्द होकर रोता है? जरूर तूने ही कुछ किया होगा। एक औरत तुझे मार कैसे सकती है? ये संवाद समाज की पितृसत्तात्मक सोच का उलटा पक्ष हैं, जो पुरुषों को भी अमानवीयता के जाल में फंसाते हैं। जेंडर न्यूट्रल कानूनों की मांग में घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना को लैंगिक रूप से निरपेक्ष बनाना जरूरी है। एक स्वतंत्र पुरुष आयोग बने, जो पीड़ित पुरुषों की शिकायतों की सुनवाई कर सके और उन्हें उचित परामर्श व सहायता प्रदान कर सके। एनसीआरबी डाटा में श्रेणी सुधार होना चाहिए। पति की हत्या पत्नी द्वारा, पुरुष पीड़ित जैसी श्रेणियों को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नीति निर्माण में सहायता हो। पुरुषों के लिए विशेष परामर्श केंद्र, हेल्पलाइन और काउंसलिंग सुविधाओं का निर्माण होना चाहिए।

# असुरक्षित होती धार्मिक यात्राएं



प्रभुनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

> उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है।

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहां धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गईं है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुईं है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुईं दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुंचाते हैं।

हम आस्था को लेकर अधिक भीरू हैं। जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। धार्मिक स्थलों पर भीड़ तो जरूर से ज्यादा जुटा ली जाती है, लेकिन उसके प्रबंधन के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती है। आए दिन धार्मिक स्थलों पर मौत की खबरें सुर्खियां बनती हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में सबसे बेहतरीन व्यवस्था का दावा किया गया था, लेकिन भीड़ प्रबंधन में लापरवाही की वजह से बड़ा हादसा हो गया।

मंदिरों और सत्संग जैसे स्थलों पर आवश्यकता से अधिक भीड़ जुटा ली जाती है, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। थके-हारे लोग किसी चमत्कार में पड़कर भगदड़ के शिकार हो जाते हैं। लेकिन हम घटनाओं के बाद सबक लेना नहीं चाहते। अपना प्रभुत्व दिखाने के लिए हम भीड़ अधिक से अधिक जमा कर लेते हैं, लेकिन उसके नियंत्रण के लिए हमारे पास कोई संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं। इसका नतीजा होता है कि भगदड़ या दूसरी स्थिति में काफी संख्या में लोग मारे जाते हैं।

उत्तराखंड में चल रही चारधाम यात्रा में देश भर से लाखों लोग पहुंचते हैं। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता अतुलनीय है। दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई से होते हुए लोग बद्रीनाथ केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंचते हैं। वहां की प्राकृतिक स्थिति बेहद जटिल है। तीर्थयात्रा के दौरान बुजुर्ग और बच्चों के साथ अस्वस्थ श्रद्धालुओं को चढ़ाई पर कठिन चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। क्योंकि, पहाड़ों की कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही पवित्र मंदिरों तक पहुंचा सकता है। चढ़ाई दुर्गमम और कठिन होने से घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेनी पड़ती है।

उत्तराखंड पहाड़ी राज्य है यहां हम जितनी ऊंचाई पर जाते हैं ऑक्सीजन लेवल कम होता जाता है। कई लोगों की यात्रा के दौरान मौत भी हो जाती है। ऑक्सीजन की कमी से भी जूझना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन चारधाम की पूरी यात्रा जोखिम भरी होती है। जो लोग पैदल यात्रा पूरी नहीं कर सकते वे घोड़े, खच्चर या हेलीकॉप्टर की सुविधा लेते हैं। हेलीकॉप्टर जैसे महंगी सुविधा सभी यात्रियों के लिए उपलब्ध नहीं है। क्योंकि आम श्रद्धालुओं के लिए यह सस्ती और सुलभ नहीं है।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान दुर्गम पहाड़ी इलाकों और मौसम की खराबी सबसे बड़ी समस्या बनती है। जिसकी वजह से आए दिन हेलीकॉप्टर क्रैश की दुर्घटनाएं होती रहती है। उड़ान को निर्देशित करने के लिए कोई एयर ट्रैफिक कण्ट्रोल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उड़ान के दौरान कोई रडार सिस्टम नहीं होता है। कभी उड़ान भरने के बाद अचानक मौसम बिगड़ जाता है जिसकी वजह से उड़ान में दिक्क़त हो जाती है। दुर्गम और सकरी घाटियों के साथ ऊंचे-ऊंचे वृक्ष।

मौसम खराब होने की स्थिति में लैंडिंग की कोई जगह नहीं होती है, जहां विषम स्थिति में हेलीकॉप्टर को उतार दिया जाय। इसके अलावा हर उड़ान के समय तकनीकी जांच होनी चाहिए, पता नहीं ऐसा होता भी रहा या नहीं। हेलीकॉप्टर हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की जबावदेही तय होनी चाहिए। धार्मिक यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाने चाहिएं।

## सोशल फोरम

# देशभक्ति और विचारधारा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

समतावादी विचारधारा अच्छी चीज है। देशभक्ति में भी क्या बुराई है? आखिर देश एक अपरिहार्य और ठोस आर्थिक इकाई भी तो है। इस इकाई के विभिन्न उत्पादन स्रोतों से प्राप्त कर की पूलिंग से (देश की सुरक्षा सहित) बड़ी लागत वाले आधारभूत ढांचे का निर्माण होता है जो किसी भी उद्योग की स्थापना के लिए अनिवार्य है। इस दृष्टि से यह आर्थिक इकाई हम सब के लिए परस्पर सहयोग और परस्पर निर्भरता से आर्थिक विकास में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। दुनिया की समस्याओं के समाधान का प्रयास किसी इकाई से ही शुरू हो सकता है। विचारधारा पूरे विश्व में एक झटके से तो लागू हो नहीं सकती। शुरुआत तो किसी देश से ही करनी पड़ेगी, जैसा कि अतीत में हुआ है। और देश मज़बूत नहीं होगा तो अन्य देश उसे विचारधारा के पथ पर चलने देंगे?

तो राष्ट्र या देश महज़ भावात्मक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक नहीं है। इतिहास में लगातार कटती-पिटती राष्ट्रीय राज्यों की जो सीमाएं द्वितीय विश्व युद्ध और उपनिवेशवाद के अंत पर निर्धारित हुईं, वे तत्काल ठोस आर्थिक इकाइयों में तब्दील हो गईं। लेकिन विचारधारा और देशभक्ति (या राष्ट्रवाद) में पाखंडियों, नक़ली प्रगतिशीलों और नक़ली देशभक्तों को दाख़िल होने से रोकने के लिए ताला लगाने की कोई जुगत है? क्या है कि आदमी-आदमी की फ़ितरत, उसके स्वभाव व चरित्र की यह समस्या अनादि है। आप देशभक्ति के जेन्युइन जज़्बे से भरे हुए हैं तो इस मुगालते में मत रहें कि "देशभक्तों" के संगठन में आपको हाथोहाथ लिया जाएगा। या, आप पूंजीवाद के शोषण के ख़िलाफ़ दुनिया के मेहनतकश लोगों के संघर्ष और उनकी मुक्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं तो किसी वैचारिक संगठन में पलक पांवड़े बिछाकर आपका इंतज़ार हो रहा है।

आप मानेंगे कि कौन, कहां, किस नीयत से घुसा और किस नीयत से जमा हुआ है, इसका सुराग़ लगाने की कोई तकनीक अभी तक तो ईजाद हुई नहीं। और आपको घूम फिर कर सारी समस्याओं का उत्स यहीं नज़र आएगा।

-फेसबुक वॉल से

# मगर चेत कौन रहा है



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

होमो सैपियेंस यानि हमारी प्रजाति धरती की किसी भी प्रजाति की तुलना में सबसे अधिक उग्र और लड़ाकू है। इतनी आक्रामक प्रजाति का हजारों वर्षों से अस्तित्व में बने रहना सचमुच आश्चर्यजनक है। तमाम दूसरी प्रजातियों को तो इसने विलुप्ति के कगार पर पहुंचा ही दिया है, पर्यावरण को तहस नहस कर डाला है और अब खुद अपनी ही प्रजाति के विरुद्ध आपस में लड़ रही है।

इतिहास के युद्धों और नरसंहार को छोड़ भी दीजिए तो अब ही कहां यह प्रजाति सकून और शांति से बैठी है। धरती पर अनेक सभ्यताएं युद्धनत हैं। यूक्रेन रुस भिड़े हुए हैं। पाकिस्तान-भारत के दो दो हांथ हो चुके हैं। और इजराइल को जैसे हमास को नेस्तनाबूद करने से पूरी शांति न मिली हो वह अब ईरान पर हमलावर है। ईरान और इजराइल ठीक इसी क्षण अब तक के सबसे भीषण यलगार में जुट गए हैं। आखिर क्या यह प्रजाति ऐसे ही आपस में लड़ते झगड़ते मर मिटेगी? फिर वह धरती पर शाश्वत काल तक एकक्षत्र राज्य कैसे करेगी? क्या इस असीम ब्रह्मांड में कोई सभ्यता/यें ऐसी भी है या हैं जो मनुष्य की इन अविवेकभरी कारगुजारियों को देख रही है और ऊब कर फैसला ले बैठे कि है मूर्खों चलो बहुत हो गया तुम लोग धरती पर राज करने के काबिल नहीं हो, सिंहासन छोड़ो अब हम आते हैं। और फिर शेष जीवन क्या हमें उनकी चाकरी में ही बिताना पड़ेगा। दरअसल जैवीय विकास में अनेक व्यवहार प्रतिरुपों-भावनाओं, भाववृत्तियो का भी क्रमिक विकास होता गया। तमाम भावनात्मक व्यवहारों-क्षेत्र रक्षण, वात्सल्य, मातृत्व, घृणा-स्नेह-प्रेम-लगाव-घनिष्ठता, स्वजाति रक्षण (ऐल्ट्रूईज्म) के साथ आक्रामकता भी पराकाष्ठा प्राप्त कर गई है। तमाम पशु पक्षी तो इन जैवीय वृत्तियों का शमन बस अपनी बोली भाषा में डांट डपट कर या अपने अंग प्रत्यंग के जरिये लड़ भिड़ कर कर लेते हैं। मगर मनुष्य तो इनके बहुत आगे बढ़ चुका है। खुद के अंग प्रत्यंग तक ही नहीं वह तो दूर सूदूर तक की लड़ाई अपने मिसाईलों, ड्रोन और न्यूक्लियर हथियारों से निपटा रहा है। वह धरती का सबसे खतरनाक प्राणी बन चुका है। उसने इतने उन्नत अस्त्र और शस्त्र बना लिए हैं कि अब उसके स्वअस्तित्व पर भी बन आई हैं। विनाश की टिक टिक सूई अब आखिरी पड़ाव पर पहुंचने ही वाली है। मगर कौन चेत रहा है। सबसे दुर्बुद्धिवाले ये राजनेता हैं जिन्हें न तो विचारकों और वैज्ञानिकों की परवाह है और न इस धरती की शांति की। वे दिन रात प्रलय के निकट मानव प्रजाति को अपने कुकृत्यों से पहुंचाते जा रहे हैं। भारत को अतिरिक्त सावधान रहना है। चीन चुप है। मोदी मौन हैं। शायद इन्हीं से वैश्विक शांति बहाली की कुछ उम्मीद शायद बची है।

# चर्चा में फ्लैप्स



सचिदानंद सिंह
मुंबई

अहमदाबाद दुर्घटना के संभावित कारणों में 'फ्लैप' की भूमिका चर्चा में रही है। इसीलिए जानते हैं कुछ विस्तार मेंहवाई जहाज क्षैतिज (हॉरिजॉन्टल) दिशा में चलता है किन्तु ऊपर उठ जाता है। इसे समझने के लिए उस पर काम करते तीन बलों को पहले देखना होगा। पहला है थ्रस्ट-क्षैतिज दिशा में लगता बल, जो यान को आगे की और धकेलता है। दूसरा है ड्रैग -क्षैतिज दिशा में लगता बल जो हवा के अवरोध से पैदा होता है और यान के आगे बढ़ने की गति को कम करता है। तीसरा है लिफ़्ट-नाम से स्पष्ट है यह थ्रस्ट या ड्रैग के परपेंडिकुलर दिशा में काम करता है और यान को ऊपर उठाता है।

थ्रस्ट का स्रोत इंजन है। ड्रैग और लिफ़्ट यान की आकृति पर निर्भर करते हैं। यान को डिज़ाइन करने वाले उसे ऐसा शेप देते हैं जिससे ड्रैग कम से कम हो और लिफ़्ट अधिक से अधिक मिले। स्कूल की भौतिकी में हमने बरनौली साहब का नाम सुना होगा। फ्लूइड (यानी द्रव या गैस) में चलते किसी पदार्थ के लिए डेनियल बरनौली ने एक सिद्धांत दिया है। फ्लूइड की गति और दबाव में व्युत्क्रमानुपाती संबंध है यानी गति यदि अधिक रहेगी तो दबाव कम रहेगा। यान के डैने ऐसे बनाए जाते हैं कि ऊपर की तरफ उनकी लंबाई अधिक हो और नीचे की तरफ कम। बहती हवा समझिये कि परतों (लेयर्स) में बहती है। इन परतों की प्रवृत्ति एक साथ रहने की होती है। जब यान आगे बढ़ता है तो हवा की एक परत विंग्स के नीचे हो जाती है और एक परत विंग के ऊपर से जाती है। विंग के ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, नीचे वाली परत की अपेक्षा। चूंकि उनकी प्रवृत्ति एक साथ रहने की है इसलिए ऊपर वाली परत अधिक तेजी से बहती है। बरनौली साहब के सिद्धांत के अनुसार ऊपर हवा का दबाव कम हो जाएगा नीचे की अपेक्षा और दबाव के इस फर्क से यान को लिफ़्ट मिलता है। अब फ्लैप्स। फ्लैप्स डैने के पीछे के एक अंग हैं जो जरूरत पड़ने पर बाहर निकाले जा सकते हैं और जरूरत नहीं रहने पर अंदर किए जा सकते है। फ्लैप्स के बाहर निकालने पर प्रभावी ढंग से डैने अधिक चौड़े हो जाते हैं, हवा की ऊपर वाली परत को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है जिससे उसकी गति अधिक तेज होती है जिसके चलते दबाव अधिक कम होता है और यान को अधिक लिफ़्ट मिलता है। उड़ने के फौरन बाद फ्लैप्स बाहर निकाल दिए जाते हैं, यान के ऊपर उठने प्रयास में उनसे मिलता अतिरिक्त लिफ़्ट काम आता है। यान के नीचे जमीन पर उतरते समय भी फ्लैप्स बाहर निकाले जाते हैं जिससे कम रफ़्तार में भी यान को लिफ्ट मिलता रहे अन्यथा यान अधिक रफ़्तार में रनवे को छूएगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# संदिग्ध परिस्थितियों में भाई-बहन की मौत, पिता पर आरोप

## पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रम्मआ खेड़ा गांव का मामला, माता-पिता ने एक-दूसरे पर लगाए बच्चों की हत्या के आरोप

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


घटना के बाद बैठा गमगीन बच्चों का पिता।


बच्चों की मौत पर बिलखती मां और परिजन। अमृत विचार


जांच करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम।

**अमृत विचार:** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रम्मआ खेड़ा गांव में सोमवार को पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के बीच उनके ढाई साल के बेटे और छह माह की बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति ने पत्नी पर बच्चों को जहर देकर मारने का आरोप लगाया। वहीं पुलिस की जांच बच्चों की हत्या में उसके पिता की संलिप्तता की ओर इशारा कर रही है। पुलिस व फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद शव मोर्चरी भेजे गए हैं। पीएम रिपोर्ट में मौत का सही कारण सामने आयेगा।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत रम्माखेड़ा गांव निवासी रोहित गौतम (33) पुत्र स्व. अमृतलाल की शादी कस्बा के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी नेहा से हुई थी। उनके बच्चों में ढाई साल की सोनाक्षी व छह माह का बेटा रितिक था। बीते 10 दिन पूर्व पति से विवाद के बाद बच्चों को पति के पास छोड़कर नेहा मायके चली गई थी। पति के मुताबिक सोमवार सुबह 8 बजे उसने पत्नी को भाभी रंजीता के मोबाईल से फोन कर घर लौटने को कहा लेकिन वह तैयार नहीं हुई। उसने घर से 1 किमी दूर अपने खेत पर आने की बात कही। पति ने बताया कि 9 बजे उसकी पत्नी अपनी बहन निकिता के साथ खेतों पर पहुंची। जहां पेड़ के नीचे पति ने दोनों बच्चों को मां की गोद में दिया और आपस में बातचीत करने लगे। इसी दौरान रोहित गौतम अपने धान की नर्सरी में चर रही भैंस को खदेड़ने चला गया। थोड़ी देर बाद नेहा बच्चे पति को सौंप कर लौट गई। पति का आरोप है कि पत्नी के जाने के बाद बच्चों की हालत बिगड़ गई। वह उन्हें परिजनों के साथ एक निजी चिकित्सक के यहां ले गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पति ने पत्नी पर बच्चों को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया। इसकी सूचना पर पुरवा कोतवाली पुलिस व सीओ सहित अन्य अफसर पहुंचे और जांच की। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। जिसने गहनता ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस की टीम ने पत्नी से पूछताछ की और कई घंटों की जांच के बाद पुलिस को पति की बताई पूरी कहानी मनगढ़ंत लगी है।

### पुलिस को पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार

सूत्र बताते है कि पुलिस का पति पर भी शक गहराता जा रहा है। हालांकि अभी पुलिस अफसर पति और पत्नी पर एक दूसरे पर बच्चों की हत्या किए जाने आरोपों की ही बात कह रहे हैं। लेकिन काफी हद तक पुलिस का शक पिता पर है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। सीओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। मामले की पीएम रिपोर्ट आने पर स्थिति और साफ होगी।

# हैंडपंप में उतरे करंट की चपेट में आकर महिला की मौत

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** हैंडपंप में पड़ी पानी की मोटर चालू करते करंट की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अजगैन कोतवाली अंतर्गत राजाबाग चौकी क्षेत्र के बख्तौरी खेड़ा गांव निवासी विटाना देवी (45) पत्नी छोटेलाल गांव में मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी कर जीविका चलाती थी। ग्रामीणों के अनुसार उसका पति मानसिक बीमार है। जिसका वह इलाज करा रही थी। सोमवार सुबह वह खेत से काम निपटाकर घर लौटी और घर के पास एक किराना की दुकान से नमकीन लाकर चाय नाश्ता करने के बाद घर में लगे हैंडपंप में पड़ी पानी की मोटर को चालू करने के लिए तार बोर्ड में लगा रही थी। तभी वह हैंडपंप में उतरे करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। उसके चार बेटो में तीन पंजाब प्रांत में मजदूरी करते हैं। घर में छोटा बेटा और बेटी रहते हैं। परिजनों की सूचना पर बेटे घर के लिए निकले हैं।

# विद्यालय में पड़ा मिला चतुर्थ श्रेणी कर्मी का शव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

▶▶ **अधिक शराब पीने से मौत होने की आशंका**

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक बालिका इंटर कालेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मी का शव विद्यालय में संदिग्ध परिस्थिति में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोती नगर मोहल्ला निवासी पंकज सिंहा (50) पुत्र विश्वेश्वर नाथ शहर के जवाहर नगर मोहल्ला स्थित रानी लक्ष्मीबाई बालिका इंटर कालेज में चतुर्थ श्रेणी का कर्मी था। वह विद्यालय में रहकर नाइट ड्यूटी करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। इसी नाते वह घर से कम ही मतलब रखता था। वह शराब का लती था। शनिवार को वह घर से विद्यालय आया था। सोमवार सुबह दिन में ड्यूटी पर तैनात कर्मी विद्यालय पहुंचा तो पंकज का शव पड़ा देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर विद्यालय स्टाफ पहुंचा और पुलिस को इसकी सूचना दी। उसके मुंह से खून भी निकल रहा था। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। वह तीन भाइयों में अनुज व अनूप से बड़ा था। परिजनों ने अधिक शराब पीने से मौत होने के कयास लगाए हैं। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### फंदे से लटका मिला रोजगार सेवक का शव, मचा कोहराम

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव दसदान निवासी रोजगार सेवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कानूनी पचड़े से बचने के लिए परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव दसदान निवासी देवेंद्र कुमार (45) पुत्र भगवानदीन रोजगार सेवक था। रोज की तरह वह बीते रविवार खाना खाने के बाद परिजनों संग लेटा था। देररात परिजन जब गहरी नींद में सोए थे तभी देवेंद्र उठकर कहीं चला गया। घर के मुखिया को अपने बीच न पाकर पत्नी व बच्चों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन रात से ही खोजबीन में जुट गए। लेकिन देवेंद्र का कहीं भी सुराग नहीं लगा। सुबह होने पर ग्रामीणों ने सूचना दी कि गांव के बाहर एक पेड़ की डाल में देवेंद्र का शव फंदे पर लटका है। यह सुन परिजनों में कोहराम मच गया। इससे पत्नी शिवाकांती पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। देवेंद्र अपने पीछे पत्नी व चार मासूम बच्चों को बिलखता छोड़ गया है। ग्रामीणों की मानें तो बीते 9 माह से देवेंद्र को मानदेय नहीं मिला था। जिससे वह आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

## सार-संक्षेप

### गर्मी से गश खाकर युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शुक्लागंज, अमृत विचार :** सोमवार सुबह काम पर जा रहे एक युवक की तेज धूप में गश खाकर गिरने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, चम्पापुरवा निवासी दिनेश निशाद (35) पेशे से पेंटर था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह रोज की तरह काम पर निकला था। इसी दौरान तेज धूप और गर्मी के कारण वह रास्ते में ही अचानक गश खाकर गिर पड़ा। आस-पास के लोगों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे आनन-फानन में हैलट अस्पताल, कानपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया लेकिन दोपहर करीब डेढ़ बजे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री और दो पुत्रों को छोड़ गया है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### छत से गिरकर युवक की मौत, परिजन बेहाल

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की नगर पंचायत न्योतनी के मोहल्ला बाल्मीकि नगर निवासी नीरज रावत (45) पुत्र महेश रोज की तरह अपने घर की छत पर सो रहा था। रविवार रात वह लघुशंका करने उठा तो अंधेरे में छत के नीचे गिर गया। गिरने की आवाज सुन परिजनों ने उसे घायल अवस्था में ट्रामा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना से मां शांति, पत्नी नीशू, बच्चे आराधना, अमन, आरुष का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक मजदूर कर परिवार की जीविका चलाता था।

### युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मदार नगर निवासी रघुनंदन का 22 वर्षीय बेटा संदीप सोमवार शाम गृह कलह के चलते आत्महत्या करने के इरादे से घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटक गया। तभी परिजनों की उस पर निगाह पड़ गई। परिजनों ने किसी तरह कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से नीचे उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक सवार युवकों ने पीएसी के जवान का छीना मोबाइल

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** फतेहपुर चौरासी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर जाने आए पीएसी के जवान का तीन बाइक सवार युवक मोबाइल छीन कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के एक युवक को बाइक सहित पकड़ लिया है। उसके दो साथियों की तलाश की जा रही है। बता दे कि 38वीं बटालियन पीएसी में तैनात सिपाही रमन चौधरी फतेहपुर चौरासी थाना के काली मिट्टी स्थित पीटीसी में ट्रेनिंग करने के रविवार रात साथी आरक्षी पंकज बघेल के साथ ट्रेन से उन्नाव जंक्शन आया। जहां से वह सदर कोतवाली क्षेत्र के प्रकाश गेस्ट हाउस के पास पीटीसी जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। देर होती देख रमन ने इसकी सूचना देने के लिए अपने मोबाइल से बात कर रहा था। तभी बाइक पर सवार तीन युवक आए और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। आरक्षी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात में ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले। देररात तक जांच में जुटी रही पुलिस को रात में ही युवकों का सुराग बाईक नम्बर से लग गया। जिसके बाद पुलिस ने दही थानाक्षेत्र के लोधनहार मोहल्ला से अमित पुत्र फूलचंद लोधी को उसके घर से दबोच लिया। वहीं से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली। युवक ने अपने साथियों के नाम भी कबूल दिए है। जिनकी तलाश में पुलिस की टीमे लगी है। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया आरक्षी की तहरीर पर मोबाइल लूट की रिपोर्ट दर्ज कर एक युवक को पकड़ा गया है। बाइक भी बरामद हुई है। उसके साथियों की तलाश जारी है।

# शराब ठेके के बगल में पड़ा था उन्नाव के राजमिस्त्री का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम पंचायत का कार्य कर रहे उन्नाव के राजमिस्त्री का शव शराब ठेके के बगल में निर्माणधीन भवन में पड़ा देखा गया,इसका पता होता ही वहां भीड़ लग गई। राजमिस्त्री की मौत को ले कर लोगों के बीच तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रहीं हैं,वही पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि सोमवार की सुबह कासिमपुर थाने के ज़ाहिदपुर गांव के शराब ठेका के पास एक निर्माणाधीन भवन में शव पड़ा होने की सूचना पर वहां पहुंचे एसएचओ कासिमपुर आदित्य मौर्य ने पड़ताल करते हुए उसकी शिनाख्त कराई। शव उन्नाव ज़िले के गोसाई खेड़ा गांव निवासी जमुना जोकि राजमिस्त्री था। जमुना पिछले कई दिनों से कासिमपुर थाने के तुरनादेव गांव में ग्राम पंचायत का कार्य में राजमिस्त्री का काम कर रहा था। जैसा कि गांव वालो. ने बताया कि रविवार को बारिश होने से कार्य रोक दिया गया था,उसके बाद वह अपने घर रवाना हो गया था लेकिन उससे पहले वह ज़ाहिदपुर पहुंचते ही शराब ठेके पर शराब पी थी। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

### कहासुनी में पत्नी ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

**मल्लावां, हरदोई।** बावटमऊ गांव पति से विवाद के बाद में नवविवाहित पत्नी ने जहर खा लिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचायत नामा करवाया है। जनपद कानपुर नगर के थाना बिल्हौर अंतर्गत गांव मतलबपुर जुलहा निवासी हरिश्चंद्र पुत्र कन्हैया लाल ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मेरी पुत्री खुशबू की शादी 6 मार्च को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार रिंकू पुत्र हरीराम निवासी खालेपुरवा बाबटमऊ के साथ हुआ था । खुशबू का 6 जून को पति के साथ विवाद हो गया तो उसमें घर पर जहर खा लिया। जिसको जिला अस्पताल कन्नौज के मेडिकल कॉलेज व कन्नौज व कानपुर के विभिन्न अस्पतालों में दिखाया गया लेकिन उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष बालेंद्र मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# उमस ने बढ़ाई आमजन की परेशानी


दोपहर में स्टॉल लगाकर जाती बालिका व उसकी मां। अमृत विचार

**तापमान (डिग्री सेल्सियस में)**

| दि. | न्यून. | अधि. | हवा (किमी/घंटा) |
|---|---|---|---|
| 16 जून | 24.5 | 35.0 | 1–2 |
| 15 जून | 23.5 | 36.0 | 4 |
| 14 जून | 29.0 | 38.5 | 4 |
| 13 जून | 30.0 | 38.5 | 6 |

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रविवार की रात से ही बादल छाए रहने से भीषण गर्मी के चलते लोगों को परेशान कर दिया। सोमवार की सुबह से आसमान में काली घटाएं देखने को मिली, जो दोपहर बाद धूप निकली। दो दिन पहले हुई कुछ बारिश ने गर्मी से तो राहत दी, लेकिन उमस से लोगों की नींद उड़ा दी। बताते चलें कि पिछले कई दिनों से गर्मी व धूप अपने चरम पर थी, लेकिन गर्मी से दो-तीन दिनों से गर्मी से कुछ राहत तो मिली, लेकिन उमस ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई, जिससे फसलें अच्छी पैदावार होंगी। एक ओर जहां तालाब सूखे पड़े थे, वहां पर पशु-पक्षियों के पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए उपलब्ध हो जाएगा। प्रभारी मौसम वेधशाला के अनुसार सोमवार का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्शियस रहा। मौसम में आर्द्रता सुबह 89 प्रतिशत व शाम 67 प्रतिशत रही।

# लूट मामले में पुलिस ने 4 आरोपितों को गिरफ्तार कर रवाना किया जेल

**सफलता**

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने मंझिला पुल के निकट हुई एक लूट पाट के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। अभियुक्तों के पास से 25 हजार की नकदी और एक बाइक भी बरामद हुई है। सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

शाहाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान पुलिस ने आकाश पुत्र हरनाम, धीरु उर्फ अतर सिंह पुत्र राजेश, रोहित पुत्र हरिश्चंद्र एवं शिवम पुत्र हेमराज सर्व निवासी रतनपुर थाना मंझिला को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने 26 मई 2025 को मंझिला पुल के निकट हुई लूटपाट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। युवकों के पास से एक मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा 315 बोर तथा दो जीवित कारतूस बरामद हुए।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय ने रविवार की शाम बताया पकड़े गए अभियुक्तों को डॉक्टरी परीक्षण के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# मोहर्रम को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता, हरदोई


पीस कमेटी की बैठक करते एसएचओ विद्यासागर पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मोहर्रम को लेकर पिहानी में की जा रहीं तैयारियों के बीच हुई पीस कमेटी की बैठक में जहां कानून व्यवस्था को बनाए रखने पर ज़ोर दिया गया, वहीं जुलूस वाले रास्तों पर गंदे पानी के ठहराव,फैली हुई गंदगी और बिजली के झूलते हुए तारों पर बात हुई। एसएचओ पिहानी विद्यासागर पाल ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर तालमेल होना ज़रूरी है,उन्होने अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा और शांति पूर्वक तरीके से ताज़िएदारी करने को कहा।

एसएचओ पाल ने शांतिपूर्वक माहौल बनाए रखने को कहा,उन्होंने शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने पर ज़ोर दिया,साथ ही साफ किया कि कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। ताजियों की ऊंचाई निर्धारित सीमा में ही रखनी होगी। पुलिस के मुताबिक मोहर्रम के कुल 68 जुलूस हैं। जिनमें से 7 वीं,9 वीं और 10 वीं के जुलूस खास होते है,जिन पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। जुलूस निकालने में पुलिस का साथ देने की बात कहते हुए बताया कि वॉलिंटियर्स बनाए जाएंगे वह उनको पहचान पत्र जारी किया जाएगा। शिया समुदाय के लोगों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर गंदे पानी का जल भराव व सफाई व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाएं। इस बीच गोपाल कृष्ण अवस्थी ने समस्या का समाधान करने का दावा किया। देहलिया के आलिम ने कहा कि सड़क पर लोग कूड़ा डाल देते हैं। जिससे जुलूस निकालने में दिक्कत होती है। महमूदपुर सरिया के छन्नू ने बिजली के झूलते हुए जर्जर तारों को ले कर जुलूस को खतरा होना बताया। संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त करेगी। शिया समुदाय के मीशम मिर्जा, सैफ हसन जैदी, चांद बाबू, अय्यूब, आरिफ, इमरान, ताहिर, जफर अली, मोहम्मद, शोजू व आरिफ आदि से जुलूस के बारे में एसएचओ ने जानकारी ली। नगर पालिका परिषद के गोपाल कृष्ण अवस्थी, एडीओ पंचायत, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, विमलेश तिवारी, नन्हे सिंह अंबारी, गुलशन जोशी, पिंटू मिश्रा आदि रहे।

# उन्नत कृषक को जनपद में करें प्रोत्साहित : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में कृषि विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्नत कृषि को जनपद में प्रोत्साहित किया जाये। जनपद में एफपीओ के माध्यम से फूलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाये। कम से कम पांच एफपीओ को फूलों की खेती के लिए तैयार किया जाये। इन एफपीओ को सरकार की पॉलीहाउस योजना से आच्छादित किया जाये। जनपद में मशरूम की खेती को बढ़ावा दिया जाये। उन्होंने कहा कि शिमला मिर्च व काला गाजर को प्रोत्साहित किया जाये ताकि किसानों की आय बढ़ सके। खाद्य प्रसंस्करणको बढ़ावा दिया जाये। केले के किसानों को छोटे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिये प्रोत्साहित किया जाये। मटर के विपणन व प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जाये। प्रतिदिन जनपद में खाद की उपलब्धता की सूची प्रेषित की जाये।


धरने को संबोधित करते भाकियू नेता। अमृत विचार

### जनसमस्याओं को लेकर भाकियू का धरना

**अतरौली, हरदोई।** कस्बे के जंगली शिव मंदिर पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ताओं ने धरना दिया। जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कई जनसमस्याओं को उठाया। उन्होंने बताया कि भरावन क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गईं, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत नहीं की गई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि ग्राम पंचायतों में बने अधिकतर सामुदायिक शौचालय जर्जर हालत में हैं। क्षेत्र में बिजली के जर्जर तार और लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। नायब तहसीलदार एजाज अहमद ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। बीडीओ सुरेंद्र राणा ने कहा कि हर पंचायत की समस्याओं का समाधान संबंधित पंचायत सचिव के माध्यम से कराया जाएगा।

# 7 : 45 से 12 : 30 तक खुलेंगे स्कूल

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकार ने 30 जून तक परिषदीय स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय में बदलाव किया है। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने जारी चिट्ठी में कहा है कि सरकार ने परिषदीय स्कूलों में 30 जून तक छुट्टियां बढ़ा दी है,लेकिन शिक्षक,शिक्षा मित्र,अनुदेशक और शिक्षणोत्तर कर्मियों को शासकीय कार्य निपटाने के लिए उन्हे स्कूल में मौजूद रहने का आदेश दिया था। सचिव श्री तिवारी ने कहा है कि शिक्षक,शिक्षा मित्र अनुदेशक और शिक्षणोत्तर कर्मियों के लिए स्कूलों का समय सुबह 7 : 45 से 12:30 तक रहेगा। समय का बदलाव 30 जून तक के लिए किया गया है।

# परमेश्वर के ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव : यमुना प्रसाद

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** संविलियन विद्यालय, सिकंदरपुर कल्लू में आयोजित शिव सत्संग मण्डल के आंचलिक धर्मोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रमुख यमुना प्रसाद ने कहा कि परमेश्वर के ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता व भक्ति मार्ग पर चलकर संतों भक्तों ने परमात्मा को साधा है। एक गृहस्थ व्यक्ति के लिए यही उचित है कि वह भक्ति और कर्म के मार्ग पर अग्रसर रहे। धर्मोत्सव में शाहजहांपुर के जिला प्रमुख डॉ कालिका प्रसाद ने कहा कि शिव सत्संग मण्डल समाज में आध्यात्मिक चेतना की अलख जगा रहा है। ध्यान और भजन से मानसिक शांति मिलती है, जो सफल एवं सुखद मानव जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज में चेतना जागृत करके हमें अपने जीवन में विकारों को त्याग कर परमपिता परमात्मा से सच्चा प्रेम और समर्पण रखना चाहिए। व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद ने बताया कि शिव, चेतना की जागृत, निद्रा और स्वप्न अवस्था के परे हैं। शिव समाधि हैं - चेतना की चौथी अवस्था, जिसे केवल ध्यान में ही प्राप्त किया जा सकता है। समाधि में मन पूरी तरह समभाव में रहता है। यह एक ही समय में शांत भी है और पूरी तरह जागरूक भी। रवि वर्मा एवं डॉ अजय पाल सिंह के संयुक्त संचालन में हुए धर्मोत्सव का शुभारम्भ प्रमुख प्रचारक प्रेम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बहन बेबी की सामूहिक ईश प्रार्थना से हुआ। समापन पर सभी सत्संगी बन्धुओं और बहनों ने रोजाना ब्रह्ममुहुर्त में उठकर परमेश्वर का सुमिरन करने का शिव संकल्प लिया।

# पुनीत सिंह बने एबीवीपी के जिला संयोजक

**हरदोई, अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पुनीत सिंह भोलू को जिला संयोजक के रूप में नियुक्त किया है। वह जिले के बावन ब्लॉक के ग्राम पहेलिया मानपुर के हैं और उन्हें विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन में इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना गया है। वह एक प्रतिभाशाली और सक्रिय छात्र नेता हैं। उन्होंने अपने स्कूल और कॉलेज के दिनों से ही छात्र राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण उन्हें एबीवीपी में विभिन्न भूमिकाओं में काम करने का अवसर मिला है। पुनीत सिंह ने कहा कि वह जिले में छात्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन करेंगे। वह छात्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने के लिए काम करेंगे। छात्रों के हित के लिए किस भी हद तक जाना पड़े अधिकारीयों के चेयम्बर हो या सड़क आंदोलन की आवश्यकता होंगी वो भी किये जाएंगे।



# नाबालिग को बहलाकर ले जाने का आरोपी पकड़ा गया

**बिलग्राम, हरदोई।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बृजभान पुत्र जमुना प्रसाद जलालपुर गांव का रहने वाला है। मामला 16 जून 2025 का है। पीड़िता के पिता ने बिलग्राम थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि बृजभान उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।जांच के दौरान पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पर धारा 64 (1) बीएनएस के साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 भी लगाई गई।बिलग्राम थाने के उप-निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल अभिषेक तोमर और कांस्टेबल अतुल चौधरी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।



# दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों की रहने वाली दो विवाहिताओं ने ससुराल वालों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदासी निवासी बबली पुत्री सर्वेश के अनुसार दो वर्ष पूर्व उसका विवाह पाली थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़रामऊ निवासी विवेक कुमार पुत्र रामबरन के साथ हुआ था। विवाह में पिता ने करीब सात लाख रुपए खर्च किए थे। विवाह के एक वर्ष बाद उसके कोई बच्चा न होने पर पति और सास संतोषी आए दिन उसका उत्पीड़न करने लगे। विपक्षी अतिरिक्त दहेज में उसके पिता से जमीन का बैनामा करवाने की मांग करने लगे। 10 जून को उसका पति उसे मायके में छोड़ गया।14 जून को उसकी सास ने फोन कर कहा उसके इलाज करवाने के लिए पिता से कुछ जमीन का बैनामा पति के नाम करवा दो या एक लाख रुपए नगद दिलवा दो। उसने आर्थिक स्थिति का हवाला देकर मना कर दिया। 14 जून को ही दोपहर में तीन बाइक पर उसके ससुर,पति, सास, जगपाल,कल्लू पुत्रगण शिवदीश व दो अन्य महिलाएं उसके घर आए और गाली गलौज कर बांझ का आरोप लगाते हुए उसे, पिता, मां प्रभू देवी, विकलांग भाई राजपाल और भाभी आरती को लात घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। गांव वालों के ललकारने पर विपक्षी जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। दूसरी घटना में ग्राम सुहागपुर निवासी नर्गिस के अनुसार उसका विवाह सहतियापुर निवासी आरिफ पुत्र नसीर अहमद के साथ हुआ था। अतिरिक्त दहेज में फ्रिज, कूलर, सोफा और पचास हजार रुपए की मांग को लेकर पति, सास ताहिरा बेगम,ननद आसमा,नगमा, साहिमा और ननदोई सोनू आए दिन उसे प्रताड़ित करते हैं। एक वर्ष पूर्व विपक्षियों ने मारपीट कर पहने हुए कपड़ों में ही गर्भावस्था की स्थिति में पिता के साथ घर से भगा दिया। तब से वह मायके में रह रही है।

## एक नजर

### देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 30 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जहां पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है। सोमवार को बिंदा नगर चौकी इंचार्ज रविशंकर पाण्डेय अपनी टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बिन्दानगर से मूलरूप से फत्तेपुर कटहा व वर्तमान में कंचन नगर बी निवासी संजय कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम को गिरफ्तार किया। जहां पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से दीवाना ब्रांड की 30 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तारी के आधार पर थाना गंगाघाट में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की गई है। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा गया है।

### जिला विद्यालय निरीक्षक को दी भावभीनी विदाई

**उन्नाव :** जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी सिंह का स्थानांतरण सुल्तानपुर के जिला विद्यालय निरीक्षक पद पर हुआ है। आदेश मिलते ही सोमवार को कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित कर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परमात्मा शरण को कार्यभार सौंपा गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने 1 जुलाई-2023 को उन्नाव में कार्यभार ग्रहण किया था। अब उनके स्थान पर मथुरा जिला के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त की पदोन्नति की गई है। विदाई समारोह में बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, डा. दिलीप भदौरिया, कार्यालय स्टॉफ रामविलास वर्मा, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।

### 13 किलो गांजे के साथ पकड़े गए दो तस्कर

**उन्नाव :** सदर कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग करते समय एक कार से 13.500 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने कार को सीज कर इसमें सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना पर सोमवार को सदर कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह, दरोगा राजेश दीक्षित, अंजनी सिंह व अन्य फोर्स के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर एक कार को आता देख पुलिस ने उसे रोका। जिस पर कार सवार लोगों ने भागने का प्रयास किया लेकिन, पुलिस की घेराबंदी से वे सफल नहीं हुए। तलाशी में कार से 13.500 किलो गांजा मिला। इस पर दोनों को पुलिस कोतवाली लाई। जहां पूछताछ में युवकों ने अपना नाम अर्जुनलाल पुत्र स्व. जुराखन व सुमित पुत्र उमाशंकर निवासी कोरारी खुर्द थाना अचलगंज बताया। युवकों ने मादक पदार्थ की तस्करी करने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक दोनों शातिर अपराधी हैं और पहले भी जेल गए हैं।

# परियर मुद्दे पर चढ़ा सियासी रंग, पूर्व सांसद समेत कई ने खोला मोर्चा

## सोशल मीडिया के माध्यमों से लोग दे रहे प्रतिक्रिया, सत्ता पक्ष पर बेपरवाही का आरोप

अमृत विचार मुद्दा

संवाददाता, परियर उन्नाव

**अमृत विचार:** परियर स्थित श्मशान घाट पर फैली दुश्वारियों के मुद्दे पर अब सियासी रंग चढ़ने लगा है। पूर्व सांसद व सपा की राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन के अलावा अन्य दलों के नेताओं ने इसे लेकर मोर्चा खोलते हुए सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों के जरिये सत्ता पक्ष के नेताओं पर बेपरवाही का आरोप लगाया है। साथ ही जिला प्रशासन से प्रमुख तीर्थ परियर के श्मशान घाट के कायाकल्प की मांग की है।

बता दें कि विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर गंगातट पर बने श्मशान घाट में अपनों के शवों के अंतिम संस्कार करने वालों को इस जानलेवा गर्मी व प्रचंड धूप में 3 से 4 घंटे झुलसकर अपनों के शवों का दाह संस्कार करना पड़ रहा है। इससे कई लोग बीमार तक हो रहे हैं। घाट पर छांव के लिये कोई छायादार वृक्ष भी नहीं है। इससे शव के साथ आए लोग ट्रैक्टर की टाली व घाट किनारे उगे बेरी के पेड़ व खर पतवार आदि के नीचे बैठकर धूप से बचाव करने को मजबूर हैं। इस समस्या से संबंधित खबर को बीते तीन दिनों से अमृत विचार प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा है।


Annu Tandon @AnnuTa... · 2h
बड़ी विडंबना है! अपनों की अंतिम विदाई पर परिजन साथी घाट पर इस भीषण गरम वातावरण में अपनी ही जान बचाने में लगे है! अपनों की अंतिम यात्रा को सम्मान जनक करने के लिए प्रशासन को तुरंत, बिना विलंब के व्यवस्था करनी चाहिए।
@dmunnao
'अपनों' को अंतिम विदाई देने में झुलस रहा 'अपनों' का शरीर

सपा की पूर्व सांसद अन्नू टंडन द्वारा किया गया ट्वीट।

जिससे उन्नाव समेत कई अन्य जिलों के लोग अमृत विचार अखबार की प्रशंसा कर रहे हैं और लगातार प्रकाशित खबरों को वायरल कर घाट में छाया, पेयजल, दाह संस्कार स्थल व शौचालय आदि की व्यवस्था करने की मांग कर रहे हैं।

**शुरू हुआ छोटे स्तर पर सुधार का काम:** सोमवार को बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति द्वारा लगाए गए हैंडपंप को श्यामलाल मिस्त्री ने वीडीओ के निर्देश पर सही किया।

**पूर्व सांसद ने एक्स पर पोस्ट कर जिलाधिकारी को कराया संज्ञान:** सपा की राष्ट्रीय सचिव व जिले की पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने अमृत विचार की कटिंग पेस्ट कर जिलाधिकारी को ट्वीट कर कहा कि बड़ी विडंबना है कि अपनों की अंतिम विदाई पर परिजन घाट पर इस भीषण गर्मी में अपनी जान बचाने में लगे हैं। अपनों की अंतिम यात्रा को सम्मान जनक करने के लिए प्रशासन को बिना विलंब के व्यवस्था करनी चाहिए।


बेर के पेड़ों व झाड़ियों के नीचे बैठकर खुद को धूप से बचाते लोग। अमृत विचार

### घाट पर कोई व्यवस्था न होने से लोग परेशान: लवकुश

परियर के तीर्थ पुरोहित लवकुश द्विवेदी ने बताया कि घाट पर कोई व्यवस्था न होने से काफी लोग घाट पर आने से कतराने लगे हैं। वे अपने गावों में खेत, बाग व खलियान में शवों का अंतिम संस्कार कर रहे हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को घाट की दशा को सुधारने के लिए आगे आना होगा, तभी समाधान निकलेगा।


लवकुश द्विवेदी।

सफीपुर नगर पंचायत के सभासद अभिनव शर्मा उर्फ राजा ने बताया कि परियर घाट इस समय सुर्खियों में है। हो भी क्यों न जिले में बीते 15 साल से सत्ता पक्ष के सांसद व विधायक हैं। इसके बाद भी अपनों के अंतिम संस्कार में परिजनों को धूप, लू व भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। वहीं सर्दियों में लोगों को दिक्कत होती है।


अभिनव शर्मा।

**सदर विधायक ने दिया सुधार कराने का आश्वासन:** बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्रा ने बताया कि सोमवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता को पत्र देकर परियर श्मशान घाट पर छाया, पेयजल, प्रकाश, दाह संस्कार, शौचालय, स्नान घर आदि का निर्माण कराने की मांग की। जिस पर विधायक ने आश्वस्त किया कि जल्द ही वे मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर रूप रेखा बनाकर समस्या का निदान कराएंगे।

# बारिश से गंदा पानी घरों व दुकानों में भरा

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** जलभराव से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका ने बारिश से ठीक पहले नाले का निर्माण शुरू किया लेकिन, अचानक हुई बारिश से निर्माणाधीन नाले में पानी जमा होकर लोगों के घरों में भरने लगा। नाले का निर्माण अब नगर वासियों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष से समस्या के समाधान की मांग की है।

बता दें कि नगर के संडीला मार्ग के अलावा कई मार्गों के किनारे गहरे नाले का निर्माण हो रहा है। निर्माण से पहले जेसीबी द्वारा गहरा गड्ढा खोदा गया है। गड्ढे से निकली शिल्ट सड़क पर जमा है। जिससे दुकानों व मकानों का रास्ता बंद हो गया है। बीते शुक्रवार व शनिवार हुई झमाझम बारिश से नाला निर्माण के लिए खोदी गई खाई में पानी भर गया। ओवरफ्लो होने पर यह कीचड़युक्त पानी लोगों की दुकानों व मकानो में घुस गया। जलभराव से दुकानदारों को अपनी दुकानें बंद करनी पड़ीं। मकानों में कीचड़युक्त पानी घुसने से जहां लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है वहीं, मच्छर जनित बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष से त्वरित समस्या के समाधान की मांग की है।

▸▸ परेशान लोगों ने पालिका अध्यक्ष से की समाधान की मांग


दुकानों के बाहर भरा निर्माणाधीन नाले का गंदा पानी। अमृत विचार

# मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के प्रेमनगर निवासी एक महिला ने गंगाघाट कोतवाली पहुंचकर पति के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। प्रेम नगर निवासी टीना सिंह पत्नी रंजीत सिंह ने बताया कि 15 जून को मोहल्ले के मोहित, प्रेम और पारुल ने उसके पति रंजीत के साथ घर के बाहर गाली-गलौज की। जिसका पति ने विरोध किया। विरोध करने पर तीनों ने मारा पीटा। जिससे उनके पति को चोटें आई। आरोप है कि इस दौरान जान से मारने की धमकी दी थी।

## सार-संक्षेप

### नया खेड़ा द्वितीय में डबल स्टोरी कक्षा कक्ष का अनावरण


फीता काटकर डबल स्टोर कक्ष का शुभारंभ करते विधायक, एमएलसी। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** उन्नाव जिले के शिक्षा क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित हुआ है। शंकरपुर न्याय पंचायत के अंतर्गत स्थित प्राथमिक विद्यालय नया खेड़ा द्वितीय में जनपद का पहला डबल स्टोरी कक्षा कक्ष तैयार किया गया है। इस अत्याधुनिक और नवाचारयुक्त कक्षा कक्ष का अनावरण सोमवार को एक भव्य समारोह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पंकज गुप्ता एवं सदस्य विधान परिषद अरुण पाठक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जनपद की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने शिक्षा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोसी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश श्रीवास्तव ने की। संचालन पूर्व प्रधानाध्यापक छोटे लाल शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय संजय यादव, ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार, तथा शिक्षा अधिकारी गंजमुरादाबाद देवेंद्र कुमार ने भी सहभागिता की। विद्यालय की प्रधान शिक्षिका अनिमलता मिश्रा, शिक्षिका कल्पना पासवान, सीमा देवी व मनीष त्रिवेदी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद यादव, दीपक कुमार, प्रमोद सिंह, अनिल, गुफरान अली, तरुण व अंकित बाजपेयी का विशेष सहयोग रहा।

### एआई ट्रेनर ड्रोण किया गया लांच, दिया गया प्रशिक्षण

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए पुलिस लाइन स्थित सभागर में सोमवार को जिले का पहला एआई आधारित ट्रेनर ड्रोण लांच किया गया। इसके लिए आयोजित कार्यशाला में एक्सपर्ट के अलावा एसपी दीपक भूकर ने पुलिस कर्मियों को भी टिप्स दिए। आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस के वीडियो क्लोनिंग के माध्यम से शिक्षण में ड्रोण द्वारा बीट कर्मियों को उनकी बीट बुक को बेहतर रूप से तैयार करते हुए उनके क्षेत्र से संबंधित जन प्रतिनिधियों, संभ्रांत व्यक्तियों, महत्वपूर्ण, संवेदनशील स्थानों, एचएस, गुण्डा, आपराधिक प्रवित्ति के व्यक्तियों का विवरण संकलित रखने व बीट क्षेत्र में बेहतर कानून व्यवस्था को लागू करने संबंध में जानकारी दी गई। द्रोण ट्रेनर के माध्यम से भविष्य में पुलिसकर्मियों को बेहतर पुलिसिंग के विभिन्न आयामों के संदर्भ में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया। बताया गया कि इससे साइबर अपराधों से बचाव एवं यातायात नियमों के बारे मे भी जागरुक किया जायेगा। कार्यशाला के दौरान एसपी ने पुलिसकर्मियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया। टेक्नोलॉजी अपनाकर कार्य सरल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह एआई आधारित ट्रेनर ड्रोण को सीसीटीएनएस डीसी विजित श्रीवास्तव एएसआई द्वारा तैयार किया गया है।

### वीरांगना की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने से लोगों में रोष

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड परिसर में स्थापित वीरांगना ऊदा देवी की प्रतिमा को अराजकतत्वों द्वारा जयंती से पहले ही निशाना बनाकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू की। वीरांगना की मूर्ति की बंदूक को तोड़ दिए जाने की सूचना पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों में रोष व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलते ही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत मौके पर पहुंचे और घटना की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे एक सुनियोजित शरारत बताते हुए दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्यवाही की मांग की। उन्होंने कहा कि वीरांगना उदा देवी नारी शक्ति और बलिदान की प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्लॉक प्रमुख निर्मला रावत ने बताया कि 30 जून को वीरांगना ऊदा देवी की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी थीं। ऐसे समय में प्रतिमा को नुकसान पहुंचाना दुर्भावनापूर्ण कृत्य है और इससे आयोजन की गरिमा को ठेस पहुंची है। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज थान सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ब्लॉक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने वाले अराजकतत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस घटना को लेकर क्षेत्रीय लोगों में भी नाराजगी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रशासन द्वारा मूर्ति की मरम्मत कराए जाने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू करने की बात कही गई है।

### दुर्घटना कल्याण योजना के बांटे गए सहायता राशि के चेक

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा जिला अंबेडकर नगर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण सुना गया। वहीं सदर विधायक पंकज गुप्ता की उपस्थिति में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के ल 247 लाभार्थियों को 11.52 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई। इसमें जिलाधिकारी ने बताया कि योजना का शुभारम्भ 14 सितंबर 2019 को हुआ था। तब से अब तक 123.94 करोड़ रुपये से 2600 परिवार लाभान्वित हो चुके है। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि चाहे किसी को आंशिक दिव्यांगता हुई हो या मृत्यु की दशा में निर्धारित सहायता राशि संबंधित को समय से दिलाई जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि कोई भी लाभार्थी योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे। विधायक सदर ने कहा कि हमारा भारत गांव में रहने वाला देश है और गांव के लोग जब समृद्ध होंगे तभी देश विकसित होगा। कार्यक्रम में सीडीओ कृति राज, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोड़ा, एडीएम सुशील कुमार गोंड व अमिताभ यादव, एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी व लाभार्थी और अधिकारी-कर्मचारी रहे।

### मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुआ अखंड रामायण का पाठ

**बांगरमऊ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भटपुरी स्थित जगदीश्वरी माता मंदिर का सोमवार को वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण का पाठ किया गया। इसके बाद पंडित शशिनाथ शास्त्री के नेतृत्व में पंडित सुरेन्द्र शास्त्री व पंडित प्रवीण शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माताजी का श्रृंगार व हवन पूजन कराया। अंत में कन्याभोज व भंडारे का भी आयोजन हुआ। आयोजक जगदीश नारायण श्रीवास्तव, ओम नारायण श्रीवास्तव, दीप नारायण श्रीवास्तव, मोहनी श्रीवास्तव, हैप्पी श्रीवास्तव व रजत अवस्थी आदि भक्तों ने सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

### बेटों के पुलिस में सिपाही बनने पर खिले परिजनों के चेहरे

**परियर, उन्नाव, अमृत विचार :** बीते दिनों उत्तर प्रदेश पुलिस प्रोन्नत बोर्ड द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती में गांव के 70 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। सभी ने लिखित परीक्षा दी थी। सिपाही भर्ती का परीक्षाफल घोषित हुआ तो गांव के लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गांव के तीन युवक ने यह परीक्षा पास की। गांव के दो युवकों का चयन शारीरिक परीक्षा (फिजिकल) के लिए हो गया था। सूरज कुशवाहा के पिता श्रीराम कुशवाहा किसान है। वहीं दूसरे चयनित दीपक कुमार के पिता कृषि का कार्य करते हैं। सूरज और दीपक का पुलिस में पहली बार में ही सेलेक्शन हो गया है। सूरज व दीपक गांव के किसान परिवार से आते हैं।

# नगर की पेयजल व्यवस्था बदहाल

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** नगर पालिका गंगाघाट द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए वॉटर कूलर और सबमर्सिबल टंकियों की हालत दयनीय बनी हुई है। वर्तमान में राजमार्ग समेत कई प्रमुख स्थानों पर प्याऊ के लिए लगाई गई पेयजल टंकियां लंबे समय से खराब पड़ी हैं, जिससे तपती धूप में राहगीरों और आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पेयजल की इस बदहाल व्यवस्था को लेकर साकेतपुरी निवासी विनय गुप्ता ने एक्स के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और नगर विकास मंत्री को टैग करते हुए समस्या की जानकारी दी है। उन्होंने अपनी पोस्ट में राजमार्ग व सूर्या गैलेक्सी व रश्मिलोक के पास खराब पड़े वॉटर कूलरों के छाया चित्र भी संलग्न कर तत्काल मरम्मत की मांग की है। नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पांडेय ने अपने कार्यकाल में घड़ा प्रणाली को हटाकर आधुनिक वॉटर कूलर और सोलर टंकियों की स्थापना की थी। गर्मी की शुरुआत में अध्यक्ष द्वारा जलकल प्रभारी पंकज को सभी प्याऊ और कूलरों की मरम्मत के निर्देश दिए गए थे। जलकल विभाग ने शुरुआत में कई स्थानों पर टूटी टोटियों, मोटरों की मरम्मत कराई, लेकिन रखरखाव के अभाव में वे फिर से खराब हो गए। मरहला चौराहा और सूर्या गैलेक्सी के पास लगाए गए वॉटर कूलर करीब दो सप्ताह से बंद हैं। दुकानदारों और राहगीरों ने बताया कि पेयजल के अभाव में उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है। लोगों ने पालिका प्रशासन से खराब टंकियों की तत्काल मरम्मत कर व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

▸▸ युवक ने एक्स के माध्यम से सीएम और मंत्री से की शिकायत


रश्मिलोक के पास लगा खराब वॉटर कूलर, गायब टोटियां।

# शॉर्ट सर्किट से परचून की दुकान में लगी आग, सारा सामान खाक

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर गांव में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक परचून की दुकान में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया।

हाजीपुर निवासी सरवन की घर पर ही परचून की दुकान है। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग साढ़े छह बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सबमर्सिबल की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान में रखा करीब एक से डेढ़ लाख रुपये का राशन व अन्य सामान जल चुका था। घटना की सूचना पर सदर विधायक पंकज गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित दुकानदार को पांच हजार रुपये की तत्काल आर्थिक मदद दी और मौके पर मौजूद लेखपाल को समुचित सरकारी व हर संभव सहायता दिलवाने के निर्देश दिए।


आग से जला पड़ा दुकान का सामान।

# नगर में ज़र्जर और खतरनाक बिजली पोल, हादसे को दावत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** नगर में बिजली व्यवस्था सुधार को लेकर जहां रिवैम्प योजना के तहत तेजी से काम कराया गया है, वहीं कई इलाकों में अब भी ज़र्जर और खतरनाक बिजली पोल बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वर्षों पुराने पोल न केवल झुके हुए हैं, बल्कि कुछ तो गिरने की कगार पर हैं।

प्रेम नगर वार्ड नंबर तीन में एक ऐसा ही सीमेंटेड पोल दो पतली सरियों के सहारे टिका हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीन माह पूर्व इंटरलॉकिंग कार्य के दौरान एक ट्रैक्टर की टक्कर से यह पोल क्षतिग्रस्त हो गया था। तब से अब तक यह पोल वैसे ही खड़ा है, जिससे पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति हो रही है। विकास पांडे, अजय कुमार, सोनी सिंह, देवेंद्र कुमार और कंचन सहित अन्य लोगों ने बिजली अधिकारियों को पत्र सौंपकर पोल को तुरंत बदलने की मांग की है। अधिशासी अभियंता द्वारा उपखंड अधिकारी राजेंद्र गौतम को मामले की जांच और कार्यवाही का निर्देश भी दिया गया था। एसडीओ ने मौके पर पहुंचकर पोल को जर्जर बताया और बदलवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# टूटी सड़कों से बढ़ी राहगीरों की मुसीबत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** नगर पालिका क्षेत्र में अमृत योजना के अंतर्गत जलनिगम द्वारा डाली जा रही भूमिगत वॉटर लाइन अब नगरवासियों के लिए मुसीबत बन गई है। पाइप लाइन डालने के बाद जगह-जगह खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने से पूरे शहर में चलना दूभर हो गया है। साकेतपुरी, नेहरू नगर, ऋषि नगर, सीताराम कालोनी, मिश्रा कालोनी, आनंद नगर सहित कई मोहल्लों में सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, अमृत योजना के तहत पिछले कई वर्षों से जलनिगम का कार्य चल रहा है, लेकिन कार्य के बाद सड़कों को जस का तस छोड़ दिया गया। सबसे अधिक परेशानी सीताराम कालोनी स्थित गायत्री मंदिर जाने वाले रास्ते पर हो रही है, जिसे खोदकर छोड़ दिया गया है। मंदिर दर्शन और गंगा स्नान को आने-जाने वाले श्रद्धालु रोजाना कीचड़ और गड्ढों से जूझ रहे हैं। सभासदों ने कई बार पालिका और जलनिगम से शिकायत की, जिसके बाद कुछ स्थानों की मरम्मत कराई गई, लेकिन बाकी इलाकों में हालात जस के तस हैं। नागरिकों ने जल्द से जल्द टूटी सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके।


अमृत योजना की खोदाई से क्षतिग्रस्त पड़ा गायत्री मंदिर जाने वाला मार्ग। अमृत विचार

▸▸ गायत्री मंदिर मार्ग पर गड्ढों से दर्शनार्थियों को दिक्कत

"गंगा स्नान और गायत्री मंदिर को जाने वाली सड़क खुदी होने की जानकारी मिली है, जल्द ही सड़क की मरम्मत कराई जायेगी। जिससे दर्शनार्थी और गंगा स्नान को जाने वाले लोगों को राहत मिल सके।।"

-पंकज रंजन झां, एएक्सईएन जल निगम।

कार्यक्रम | स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत दिए गए टैबलेट, प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त दुबे बोले-डिजिटल व टेक्नोलॉजी का है आज का दौर

# राजकीय महाविद्यालय में टैबलेट पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत टैबलेट वितरण समारोह आयोजित हुआ। इसमें परास्नातक के विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किये गये। टैबलेट पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

समारोह का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद शिक्षाविद विपिन द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के सभासद हरिओम तिवारी सहित सभी प्रबुद्धजनों ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरण योजना से विद्यार्थियों को होने वाले लाभ को विद्यार्थियों के बीच रखा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त दुबे ने कहा कि आज का दौर डिजिटल व टेक्नोलॉजी का है। इस युग से युवाओं को जुड़ना बहुत आवश्यक है। कहा कि प्रदेश सरकार शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक के सभी युवाओं को समान रूप से स्मार्ट फोन व टैबलेट देकर समर्थवान बनाने का काम कर रही है। प्राचार्य ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी अपनी ज्ञानात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए इन संसाधनों का उपयोग करेंगें। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी डॉ. अनुराग रावत ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं डॉ. मनीषा बाजपेई, डॉ. रजनीश कुमार, अमित प्रजापति, डॉ. कुलदीप शुक्ला, कार्यालय लिपिक अनिल कुमार, योगेन्द्र सिंह, वरुण कुमार आदि ने सहयोग किया।


समारोह में छात्रा को टैबलेट देते अतिथि। अमृत विचार

### महाविद्यालय में छात्राओं को बांटे गए टैबलेट

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय बक्खा खेड़ा उन्नाव में सोमवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्ति करण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बिछिया ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता उपस्थित रहे। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवाओं के भविष्य निर्माण मे योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. मीता अरोड़ा ने मुख्य अतिथि व भरत कुमार का स्वागत करते हुए कहा कि परास्नातक प्रथम वर्ष कि जो छात्राएं छूट गई थीं उन्हें टैबलेट बांटे गए हैं। अंग्रेजी की प्राध्यापिका डॉ. कल्पना सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को तकनीक का उपयोग कर सशक्त होने का संदेश दिया। परास्नातक प्रथम वर्ष की छात्राएं शैली रावत, स्वाति, प्रीति सिंह ने टैबलेट प्राप्त किए।


टैबलेट पाने वाली छात्राओं के साथ अतिथि व प्राचार्य।

# शिवानी मिली जिंदा, फिर वह कौन थी?

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन के किनारे वीरा गांव के पास 10 दिन पहले नहर में मिले जिस शव की शिनाख्त बेटी के रूप में कर पिता ने अंतिम संस्कार किया था, उसे जरिया थाने की पुलिस ने सोमवार को जिंदा बरामद कर लिया है। पुलिस ने उसके पिता को बुलाकर बरामद बेटी की पहचान भी करा दी है। अब सवाल उठता है कि आखिर वह युवती कौन थी? जिसका शिवानी के रूप में अंतिम संस्कार किया जा चुका है।

बीते सात जून को बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर वीरा गांव के पास सर्विस लेन पर पुल के नीचे पानी में एक युवती का शव बरामद हुआ था। पहले दिन तो युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी थी, लेकिन दूसरे दिन शव की पहचान मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहूनी गांव निवासी मलखान प्रजापति ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री शिवानी प्रजापति के रूप में की थी। पहचान होने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया था, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया था।

सोमवार को इस मामले में नया मोड़ आ गया। जरिया थानाध्यक्ष मयंक चंदेल ने बताया कि बिहुनी खुर्द निवासी शिवानी को सोमवार को गोहांड कस्बे के तिराहे से बरामद किया गया है। उसके पिता मलखान को बुलाकर पहचान कराई गई तो उसने अपनी बेटी शिवानी होने की पुष्टि कर दी है।

अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर शिवानी जिंदा है तो वह शव किस युवती का था। मामले में नया मोड़ आने के बाद पुलिस अब नए सिरे से मामले की जांच में जुट गई है।


यह है शिवानी।

### डीएनए सुरक्षित, नए सिरे से होगी जांच

इस मामले में सरीला सीओ राजकुमार पांडेय का कहना है कि पोस्टमार्टम के दौरान शव का डीएनए सुरक्षित रखा गया है। जिस युवती का शव बरामद हुआ था, उसकी फोटो के आधार पर शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि शिवानी प्रजापति ने पुलिस को बताया है कि वह परिजनों से नाराज होकर घर से चली गई थी। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

- 10 दिन पहले वीरा गांव के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे किनारे मिला था युवती का शव
- बिहूनी खुर्द गांव के मलखान ने बेटी के रूप में शिनाख्त कर किया था अंतिम संस्कार

**07** जून को मिले शव की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

### अपहरण और हत्या का दर्ज हुआ था मुकदमा

- युवती का शव बरामद होने के बाद बिहूनी खुर्द गांव के मलखान प्रजापति ने बेटी के रूप में शिनाख्त कर अपने ही गांव के महेश और उसके पुत्र मनोज के विरुद्ध पुत्री का अपहरण कर हत्या किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। उसका कहना था कि आरोपी बाप-बेटे की दबंगई से परेशान होकर उसने अपनी बेटी की उसकी ननिहाल मऊरानीपुर (झांसी) भेज दिया था, जहां से उसे अगवा कर लिया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी थी, तभी शिनानी के बरामद होने के बाद पुलिस भी अवाक रह गई।

## स्नातक व परास्नातक में आवेदन तिथि बढ़ी

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र हित में आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। अब छात्र स्नातक के लिए 10 जुलाई एवं परास्नातक के लिए 15 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि प्रभारी कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने छात्र हित में निर्णय लिया है। ऐसे छात्र जो सीयूईटी में आवेदन नहीं कर पाए थे, वे अब आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल के जरिए फॉर्म भर सकते हैं।

प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालय में भी प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट समर्थ पोर्टल https://rmlauadm.samarth.edu.in के माध्यम से पंजीयन उसके बाद ही छात्र को कॉलेज में प्रवेश लेगा।

# जैन, बौद्ध ,सिख सभी सनातन धर्म के ही अंग हैं : चंपत राय

कार्यालय संवाददाता, उरई जालौन

**अमृत विचार।** बृज कुंवर देवी पब्लिक स्कूल में चल रहे विश्व हिन्दू परिषद् के शिक्षा वर्ग को संबोधित करने विश्व हिन्दू परिषद् के केन्द्रीय उपाध्यक्ष चम्पतराय पहुंचे। इस दौरान यहां पर विहिप के तमाम पदाधिकारी और कर्याकर्ता मोजूद रहे।

उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में सनातन की विविध धर्म धाराएं मौजूद है और सभी अद्वितीय सांस्कृतिक संवाद का परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे विषय पर विचार करने हेतु एकत्र हुए हैं जो न केवल हमारे धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों को उजागर करता है, बल्कि हमारे भारतवर्ष की एकता, विविधता और सहिष्णुता का भी परिचायक है। उन्होंने कहा कि जैन, बौद्ध, सिख ये सनातन धर्म के ही अंग हैं। सनातन धर्म कोई संकुचित परिभाषा नहीं, यह एक जीवन दृष्टि है, जिसमें मानव मात्र को दिव्यता से जोड़ने का प्रयास है। यही कारण है कि इसी सनातन परंपरा की कोख से समय-समय पर विविध धार्मिक धाराएँ जन्म लेती रहीं, जिनमें जैन, बौद्ध और सिख धर्म प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी धर्मों की अपनी विशिष्टता है, पर मूलतः ये सभी सनातन संस्कृति की शाखाएँ हैं।

इस दौरान विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, वर्गाधिकारी देवेंद्र मिश्रा, विहिप प्रान्त सह मंत्री अभिनव दीक्षित तथा अवधेश भदौरिया, जिला मंत्री आचार्य तेजस, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख रमाकांत सोनी भी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बोलते वक्ता व मंच पर मौजूद चंपत राय। अमृत विचार

# शादी से एक दिन पहले युवती ने प्रेमी से कराई मंगेतर की हत्या

## गंज निवासी युवक का रतनपुरा के जंगल में मिला शव, चार पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार।** शादी से एक दिन पहले युवक की अपहरण कर हत्या कर दी गई। होने वाली दुल्हन पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या का आरोप लगाया गया। पुलिस ने एक आरोपी की निशानदेही पर रविवार देर रात युवक का शव बरामद कर लिया। प्रेमी और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। युवती से भी पूछताछ की जा रही है। चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गंज थाना क्षेत्र के घेर रहमत खां निवासी 22 वर्षीय निहाल की शादी भोट थाना क्षेत्र के गांव धनपुरा की गुलफ्शां से तय हुई थी। 15 जून को उसकी बरात जाना थी। 14 जून को उसके पास किसी का फोन आया कि



तुमको शादी के लिए कपड़े दिलवाने है। इसके बाद वह चला गया। लौटकर नहीं आया तो परिजनों ने गंज थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए, तो दो युवक निहाल को बाइक से ले जाते दिखाई दिए। पुलिस ने एक आरोपी फरमान को पकड़ लिया और सख्ती से पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर रविवार की रात निहाल का शव अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव रतनपुरा शुमाली के जंगल से शव बरामद कर लिया। मृतक के बड़े भाई नायाब ने गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भाई का अपहरण कर होने वाली दुल्हन उसके प्रेमी सद्दाम, अनीस और फरमान ने हत्या की है। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपियों ने निहाल के अपहरण के बाद हत्या कर शव छिपा दिया था। पकड़े गए दो आरोपियों में एक आरोपी सद्दाम के मृतक की मंगेतर से संबंध थे। युवती और उसके प्रेमी से पूछताछ चल रही है। फरमान को जेल भेज दिया गया।

- 15 जून को जानी थी बरात, 14 जून को युवक का अपहरण कर हत्या कर दी

## सिर्फ ऑफलाइन पास से हो रहे रामदरबार के दर्शन

**अयोध्या।** राम मंदिर के प्रथम तल पर विराजमान राम दरबार विशिष्ठ जनों के लिए खुल गया। यहां अभी सुगम और वीआईपी पास धारकों को दर्शन के लिए प्रवेश मिल रहा है।

राम दरबार में आरती के समय श्रद्धालुओं को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन 1800 श्रद्धालु राम दरबार के दर्शन कर सकेंगे। जिसमें से 900 पास राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा व 900 पास अयोध्या जिला प्रशासन द्वारा जारी किये जायेंगे। इसमें 600 पास विशिष्ट रहेंगे और 300 पास सुगम दर्शन के रहेंगे। बताया कि राम मंदिर में दर्शन करने के लिए सुबह सात से नौ बजे तक, नौ से 11, दोपहर एक से अपराह्न तीन बजे तक, अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक, शाम पांच से सात और शाम सात से रात नौ बजे तक पास के स्लॉट बनाए जाएंगे। प्रत्येक स्लॉट में 300 पासधारक राम दरबार के दर्शन कर सकेंगे।

# किन्नर की हत्या के दोषी को आजीवन कैद

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** किन्नर अंजली की पांच साल पूर्व हुई हत्या के मामले में अदालत ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैली राय ने हत्या में गगन दुबे को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे अतिरिक्त कारावास काटना होगा।

1 मई 2020 को मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाग रुस्तम निवासी अफजल मीर खां पुत्र अली खां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र शवाव उर्फ अंजली उसकी बहन के साथ रहता था। शाम करीब 7:30 बजे काशीराम कॉलोनी निवासी जूली अंजली को घर से बाहर बुलाने आई। जैसे ही अंजली नीचे सड़क पर पहुंची, पहले से घात लगाए गगन दुबे, शिवम, ऋषभ, चांद, सागर और कुछ अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया और उस पर जानलेवा हमला कर



दिया। हमलावरों ने ताबड़ तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे अंजली को कई गोलियां लगीं और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के प्रत्यक्षदर्शियों में प्रार्थी की बहन रईसा बेगम, इरफान और कॉलोनी के अन्य लोग थे। इन सबकी गवाही और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर चार्जशीट दाखिल की थी। सरकारी अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों को सुनने के बाद अदालत ने गगन दुबे को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 25,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं शिवम उर्फ छुआरा, ऋषभ और सागर को सबूतों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है। चांद के नाबालिग होने के कारण उसका मामला किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है।

### फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने पर युवती को सात साल की सजा

**लखनऊ।** सामुहिक दुराचार का झूठा मुकदमा दर्ज कराने के आरोप में एससी-एसटी एक्ट की विशेष अदालत ने रेखा देवी को दोषी करार दिया है। विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने रेखा देवी को सात वर्ष की सश्रम कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दो लाख एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा है कि जुर्माने की आधी धनराशि का आधा-आधा हिस्सा झूठा मुकदमा दर्ज कराने के चलते जेल में बंद रहे दोनों व्यक्तियों को दी जाएगी। अभियोजन के मुताबिक 29 जून 2021 को रेखा ने बाराबंकी के जैदपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें दो व्यक्तियों पर दुराचार का आरोप लगाया था। बाद में घटनास्थल लखनऊ के बीकेटी थानांतर्गत पाए जाने पर नौ मई 2022 को विवेचना थाना बीकेटी ट्रांसफर हो गई। साथ ही इसमें एससी-एसटी एक्ट की बढ़ोतरी भी हुई। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान व वैज्ञानिक साक्ष्य आदि से आरोपों की पुष्टि नहीं हुई।

**बदला लेने व मुआवजा के लालच में दर्ज कराए जा रहे हैं फर्जी मुकदमे :** विशेष जज ने अपने फैसले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि निर्भया कांड के बाद यह प्रावधान किया गया कि सामान्य छेड़छाड़ से लेकर दुष्कर्म तक के मामलों की तुरंत रिपोर्ट दर्ज होगी। इसी के साथ पीड़िताओं को आर्थिक सहायता देने का भी प्रावधान किया गया लेकिन इसका नकारात्मक पहलू यह सामने आया है। अब तेजी से फर्जी दुराचार व गैंगरेप के मामलों की रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। जिसमें एफआईआर दर्ज कराने से लेकर आरोप पत्र प्रेषित करने और मुकदमे के विचारण की समाप्ति तक पीड़ित को विभिन्न चरणों में एक लाख से लेकर आठ लाख 25 हजार रुपये तक देने का प्रावधान है। एफआईआर दर्ज कराने के इस कठोर प्रावधान और पीड़ित बनकर प्रतिकर की धनराशि हड़पने के लालच ने अपराध व अपराधियों का एक नया वर्ग कानून व्यवस्थाओं से जुड़ी संस्थाओं जैसे पुलिस व अदालत के सामने पैदा कर दिया है।

# दो दिन बाद यमुना पुल पर फिर रफ्तार भरने लगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे-34 में जिला मुख्यालय में बने यमुना पुल पर दो दिन पुल की मरम्मतीकरण व बेयरिंग बदलने का काम पूरा हो गया। एक कोठी की बेयरिंग बदल दी गई हैं, जिसके बाद सोमवार की सुबह छह बजे पुल पर वाहनों का आवागमन फिर शुरू कर दिया गया। पुल पर सभी तरह के वाहन फर्राटा भरने लगे हैं।

नेशनल हाईवे पर बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार पर बने यमुना पुल का वर्ष 1976 में निर्माण कराया गया था। अक्टूबर 2024 में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान की टीम ने पुल की स्थिति जांची थी। जांच में पुल में दरारें और कंपन की समस्या सामने आई थी। पुल की क्षमता 40 टन की है, लेकिन इस पर 80 टन तक के भार वाले 18 से 24 चक्का वाहन गुजरते हैं। इसको लेकर एनएचएआई ने प्रशासन से वार्ता कर पुल की छह कोठियों की बेयरिंग बदलने पर चर्चा की थी।

यह काम 14 जून से 21 जुलाई के बीच पूरा किया जाएगा। इस डेढ़ महीने की अवधि में पड़ने वाले प्रत्येक शनिवार और रविवार को पुल पर आवागमन बंद कर बेयरिंग बदलने का काम किया जाएगा। बीते शनिवार और रविवार को पुल पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप रहा। कुछ समय के लिए ही पैदल लोगों को निकलने दिया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**राजापुर।** तुलसी चौक यमुना पुल के पास तेज रफ्तार डंपर ने एक बाइकसवार को रौंद दिया। पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां से उसे मेडिकल कॉलेज प्रयागराज रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

राजापुर कस्बे के वार्ड नंबर नौ गयागंज निवासी शिवनरेश याज्ञिक (42) पुत्र देवीचरण सोमवार को किसी काम से कौशांबी जिले की ओर जा रहा था। जायसवाल ढाबा के समीप तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और उसे रौंद दिया। सूचना पाकर एसओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से प्रयागराज रेफर किया लेकिन रास्ते में मौत हो गई।

# संवारे जाएंगे कानपुर और कन्नौज के कम ख्याति वाले धार्मिक स्थल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** राज्य सरकार प्रदेश में पर्यटन और रोजगार बढ़ाने के लिए जिलों में कम ख्याति वाले धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण तक बुनियादी सुविधाएं सुलभ करा रही है ताकि देशी-विदेशी सैलानियों को प्रदेश की ओर आकर्षित कर निवेश एवं रोजगार के साधन सृजित किए जाएं। उक्त क्रम में ही श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए 02.61 करोड़ रुपये की लागत से कानपुर नगर तथा कानपुर देहात एवं कन्नौज के प्रमुख धार्मिक स्थलों को संवारा जा रहा है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विकास निगम ने इन तीनों शहरों के कुल पांच प्रमुख धार्मिक स्थलों के मंदिरों परिसरों का सौंदर्यीकरण कराने का निर्णय लिया गया है। इन मंदिरों व स्थलों पर श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सुविधाएं, मार्गनिर्माण, लाइटिंग, पेयजल, बैठने का उचित स्थान आदि जैसे कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े टूर-ट्रैवल, ऑपरेटर, बुकिंग तथा होटल व्यवसाय में लगे हुए कारोबारियों को पर्यटन विभाग द्वारा आकर्षक छूट एवं सुविधाएं दी जा रही है। स्थानीयवासियों को उनके घर के आस-पास रोजगार भी प्राप्त हो रहे है।

- पर्यटन विकास निगम ने जारी किए 2.61 करोड़ रुपये, श्रद्धालुओं को मिलेंगी सुविधाएं

पर्यटन मंत्री ने बताया कि कानपुर नगर जिले के सीसामऊ क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध रामकृष्ण मंदिर का कुल 38.69 लाख रुपए की लागत से पर्यटन विकास किया जाएगा। इसी प्रकार, मसवानपुर में स्थित शिव मंदिर एवं राधा कृष्ण मंदिर का पर्यटन विकास कुल 31.23 लाख रुपए कार्य किया जाएगा। कानपुर नगर के ही विकासखंड भीतरगांव स्थित बिहारी जी मंदिर का 57.54 लाख रुपए से पर्यटन विकास कार्य कराने को भी मंजूरी मिल गई है। इसी क्रम में कानपुर देहात के रसूलाबाद स्थित धर्मगढ़ बाबा मंदिर का पर्यटन विकास भी किया जाएगा, जिसकी लागत 58 लाख रुपए होगी।

## सार-संक्षेप

### परकोटा होगा भक्तों के आकर्षण का केंद्र


श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में निर्माणाधीन परकोटा।

**अयोध्या।** राम मंदिर सहित परकोटा के अन्य देवालयों में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद नवंबर तक परकोटा तैयार हो जाएगा। इसके बाद ही श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन के लिए इसमें प्रवेश मिलेगा। यहां छह अन्य मंदिरों में भगवान गणेश, हनुमान जी, सूर्यदेव, माता भगवती, मां अन्नपूर्णा और भगवान शिव का मंदिर स्थापित किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को इसकी तस्वीर जारी की। मंदिर की भव्यता को और चार चांद लगाने के लिए अद्भुत और अलौकिक कलाकृतियों के नक्काशीदार पत्थरों से 800 मीटर की परिधि में परकोटा का निर्माण किया जा रहा है। जिसका लगभग 80 प्रतिशत कार्य भी पूरा हो चुका है। द्वितीय चरण में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद परकोटा के कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्माण गति तेज कर दी गयी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट परकोटे के निर्माण को गति देते हुए बीते दिनों हुए निर्माण समिति की बैठक में ट्रस्ट के महामंत्री चम्पतराय और निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के साथ ही कार्यदायी संस्था एलएन्डटी लगातार इस ओर ध्यान दे रही है कि नवंबर तक संपूर्ण परिसर भक्तों के लिये खोल दिया जाए। ट्रसट ने भक्तों से अभी कुछ महीने और धैर्य रखने की अपील की है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जानकारी साझा की है कि मंदिर के चारों ओर परकोटा (प्राचीर) का नवीनतम वर्तमान दृश्य इसकी चौड़ाई 14 फीट आयातकार है। जिसमें पिंक सैंड स्टोन से परकोटे का निर्माण किया जा रहा है। सुंदर कलाकृतियों से परिपूर्ण यह परकोटा भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। वहीं इस चौदह फिट परकोटे में भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी लीलाओं के भी दर्शन होंगे, जो वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुखद संदेश भी देगा।

### सीज करने के चौथे दिन फर्राटा भरने लगी फर्जी रोडवेज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** दिल्ली गुरुग्राम के लिए फर्राटा भर रही फर्जी रोडवेज बस जुर्माना भरने के बाद रिलीज हो गई और सोमवार को फिर से दौड़ने लगी। इसके बाद रोडवेज कर्मचारियों ने बस को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। लगातार हो रही डग्गामारी के खिलाफ छिबरामऊ डिपो के कर्मचारियों ने निजी बसों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। शुक्रवार को परिवहन विभाग की यात्री कर अधिकारी सुनीता सैनी ने सवारियां भरकर दिल्ली जा रही रोडवेज रंग में चल रही दो निजी बसों को पकड़ कर सीज कर दिया था। निजी बस मालिक के जुर्माना भरने के बाद बस रिलीज हो गई और सोमवार को दोबारा सवारियां भरकर छिबरामऊ आ रही थी। इसकी सूचना जब छिबरामऊ डिपो के रोडवेज कर्मचारियों को हुई तो उन्होंने नगर में सवारियां भरते समय बस पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दी। यात्री कर अधिकारी सुनीता सैनी ने बताया कि शुक्रवार को सीज हुई बस के मालिक ने दूसरे दिन जुर्माना अदा कर दिया इसलिए रिलीज हो गई दोबारा चलती पाई गई तो फिर कार्यवाही की जाएगी।

### राम मंदिर के 500 वर्षों के संघर्ष की गाथा बताएगी डॉक्यूमेंट्री

अयोध्या। अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के 500 वर्षों के संघर्ष, आंदोलन, कानूनी लड़ाई और निर्माण यात्रा को समर्पित भव्य डॉक्यूमेंट्री डॉक्यूमेंट्री दिसंबर 2025 के बाद छह चैप्टर में रिलीज होगी। मंदिर ट्रस्ट की निगरानी में पुणे की एक प्रसिद्ध डॉक्यूमेंट्री निर्माण कंपनी इसे तैयार कर रही है। निर्माता-निर्देशक एकनाथ सतपुरकर ने बताया कि फिल्म की शूटिंग दिसंबर 2025 तक चलेगी। इसके बाद यह छह अध्यायों में रिलीज होगी। डॉक्यूमेंट्री के निर्माता-निर्देशक सतपुरकर ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की इच्छा है कि निर्माण कार्य के अंतिम चरण तक की फुटेज शामिल की जाए। इसलिए शूटिंग दिसंबर तक चलेगी। पोस्ट प्रोडक्शन और एडिटिंग का कार्य आठ महीनों से जारी है। उन्होंने बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री में मंदिर आंदोलन से जुड़े संत-महंत, कारसेवक, पूर्व मंत्री, राजनेता, पत्रकार और प्रमुख धर्माचार्यों सहित 170 लोगों के साक्षात्कार शामिल किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष विस्तृत इंटरव्यू भी रिकॉर्ड किया गया है। सतपुरकर ने बताया कि अब तक 10 टेराबाइट डेटा की शूटिंग पूरी हो चुकी है। बैकग्राउंड में मधुर भजन, शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य और आरती जैसे आध्यात्मिक तत्वों को शामिल किया गया।

**विलुप्तप्राय श्रेणी का फूल** | पर्यटन के अंतिम दिन दुधवा की सोठियाना रेंज क्षेत्र में दिखा

# दुधवा में 115 साल बाद दिखा आर्किड का दुर्लभ फूल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार।** बाघों और एक सींघ वाले गैंडों के साथ ही अन्य वन्यजीवों और अपनी जैव विविधता से परिपूर्ण दुधवा नेशनल पार्क के सोठियाना वन रेंज में रविवार को दुर्लभ आर्किड फूल देखा गया है। दुधवा प्रशासन का कहना है कि यह फूल करीब 115 साल बाद दिखाई पड़ा है। इसे विलुप्तप्राय श्रेणी में रखा गया था। दुधवा में अंतिम बार 1909 में इसे देखा गया था। इसके बाद यह फूल 2017 में बांग्लादेश में पाया गया था।

दुधवा नेशनल पार्क में जंगली जीवों के अलावा और भी बहुत कुछ है। यहां रंग-बिरंगी 500 से अधिक प्रकार की विभिन्न प्रजाति की तितलियां पर्टटकों का मनमोह लेती हैं। यहां जंगल में खिलने वाले रंग बिरंगे फूल भी पर्यटकों को लुभाने में रंग बिरंगे खुशबूदार फूल भी पीछे नहीं है। पर्यटन सत्र-2024-25 के समापन पर रविवार को दुधवा नेशनल पार्क में एक सुखद और अभूतपूर्व खबर सामने आई है। जैव विविधता पार्क में पूरी तरह खिले आर्किड की जीवंत छटा से जगमगा रहा है। यह फूल सोठियाना और दक्षिण सोनारीपुर रेंज क्षेत्र में दिखाई दिया है। लुप्तप्राय प्रजातियों सहित ऑर्किड की 25000 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं।

इनमें से करीब 1300 प्रजातियां भारत में हैं। यह 132 से अधिक देसी फलों, औषधीय पौधों, बांस की 72 प्रजातियों, बेंत की 12 प्रजातियों, क्षेत्र में उगाए जाने वाले चावल की 200 से अधिक किस्मों के साथ एक चावल बीज बैंक और पार्क के तालाब में विभिन्न स्थानीय मछली प्रजातियों का संरक्षण भी करता है। दुधवा टाइगर रिजर्व के लिए यह एक शुभ संकेत है। मुख्य तौर पर यह पौधा पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है। उत्तराखंड, सिक्किम, दार्जलिंग या गुवाहटी के पहाड़ियों पर यह पौधा मिलता है। दुधवा में वन विभाग अब इस क्षेत्र में आर्किड की विस्तृत खोज और अध्ययन की योजना बना रहा है।


दुधवा में खिला दुर्लभ फूल आर्किड। अमृत विचार

### सुंदर और सुगंधयुक्त होता है आर्किड का पुष्प

आर्किड पौधों का एक कुल है, जिसके सदस्यों के पुष्प अत्यंत सुंदर और सुगंधयुक्त होते हैं। आर्किडों ही पुष्प जगत में बड़ी प्रतिष्ठा है। क्योंकि इनके रंग रूप में विलक्षण और विचित्रता है, ऑर्किड बहुवर्षी बूटों का विशाल समुदाय है, जो प्राय: भूमि पर अथवा दूसरे पेड़ों पर उगते हैं, यह कुकुरमुत्ते के समान मृतभोजी जीवन बिताते हैं, मृतभोजी औंर्किडों में पर्णहरिम (क्लोरोफ़िल) नहीं होता। जो ऑर्किड वृक्षों पर होते हैं, उनमें बरोहियां (वायवीय जड़ें) होती हैं। इनकी बाहरी पर्त में जलशोषक तंतु होते हैं। आर्किड का पौधा पीलीभीत जिले में भी पाया गया था। ये फूल एशियाई और पश्चिमी दोनों संस्कृतियों में एकता, सुंदरता और प्रेम का प्रतीक माने जाते हैं। इनकी खासियत इनका आकार, रूप, रंग और बनावट है। दुधवा टाइगर रिजर्व के एफडी एच. राजा मोहन ने बताया कि आर्किड लुप्तप्राय की श्रेणी में है। इसका दुधवा में देखा जाना काफी सुखद है। आर्किड की यह प्रजाति केवल किसी विशेष कीट द्वारा परागित होती है।

## चार बेटियों को छोड़ भतीजे संग गई चाची

**अयाना औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला 12 जून को अपनी चार बेटियों को घर पर छोड़कर भतीजे के साथ चली गई। बेटियों के जानकारी देने पर अहमदाबाद से आए पति ने खोजबीन की।

युवक सोमवार को अपनी चार बेटियों के साथ अयाना थाना पहुंचा। उसने थानाध्यक्ष अजय कुमार को बताया कि वह गुजरात के अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करता है। गांव में उसकी पत्नी पांच बच्चों के साथ रहती है। 12 जून को पत्नी बेटे को लेकर भतीजे के साथ चली गई। रात तक घर न लौटने पर बेटियों ने फोन कर जानकारी दी। इस पर वह अहमदाबाद से घर लौटा और खोजबीन की। इसपर परिवार के एक युवक ने तीन दिन में पत्नी को वापस दिलवा देने का आश्वासन दिया। मगर पत्नी नहीं लौटी। पत्नी को भतीजा व उसके दो साथी ले गए हैं। मां के वापस न आने से उसकी चारों बेटियां बेचैन हैं।


कुलदीप यादव

# लीड्स में जडेजा के साथ कुलदीप को खिलाना चाहिए : हरभजन

## इंग्लैंड में पहला टेस्ट 20 जून से, तीन तेज और दो स्पिनरों को खिलाने पर दिया जोर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश में रविंद्र जडेजा के साथ शामिल करने का समर्थन किया है। सीरीज का पहला मैच 20 जून को लीड्स में शुरू होगा। पारंपरिक रूप से लीड्स की पिच से स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद मिलती है।

हरभजन ने सोमवार को 'पीटीआई वीडियोज' से कहा भारत को कुलदीप यादव को खिलाने पर विचार करना चाहिए। बेशक जडेजा उनके साथ गेंदबाजी करेंगे। इसलिए तीन तेज गेंदबाजों के साथ दो स्पिनर इस मैच के लिए एकदम सही जोड़ी होंगे। हरभजन ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप को किसी भी तरह की परिस्थितियों में संभावित मैच विजेता करार दिया। उन्होंने कहा देखते हैं कि क्या परिस्थितियां बदलती हैं और स्पिनरों को मदद मिलती है। लेकिन अगर ऐसा नहीं भी होता है तो भी मुझे लगता है कि ये दो सक्षम गेंदबाज हैं जो किसी भी पिच पर विकेट ले सकते हैं।


रवींद जडेजा।


हरभजन सिंह।

अपने अनुभव के आधार पर हरभजन ने 2002 में हेडिंग्ले में दो स्पिनरों को मैदान में उतारने के भारत के साहसिक फैसले को याद किया जब उन्होंने और अनिल कुंबले ने मिलकर 11 विकेट चटकाए थे। हरभजन ने कहा उस समय यह एक बहुत ही अनोखा फैसला था। पिच पर काफी घास थी लेकिन प्रबंधन ने फैसला किया कि हम दो स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरेंगे और संजय बांगड़ भी गेंदबाजी करेंगे। उन्होंने कहा हमने पांच सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को चुना जो विकेट ले सकते थे। अंत में यही मायने रखता है। आपको उन गेंदबाजों का समर्थन करना चाहिए जो किसी भी परिस्थिति या किसी भी तरह की पिच पर विकेट ले सकते हैं।

शारदुल ठाकुर ने भारत की दो टीम के बीच हुए अभ्यास मैच में शतक बनाया और विकेट लिए तथा हरभजन का मानना है कि टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के स्थान के लिए उनका पलड़ा नितीश रेड्डी पर भारी है। हरभजन ने कहा भारत को एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सके। भारत के पास नंबर सात तक बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी हैं और नंबर आठ पर आपको यह देखना होगा कि कौन गेंदबाजी कर सकता है और आपके लिए विकेट ले सकता है तथा थोड़ी बल्लेबाजी भी कर सकता है। उन्होंने कहा मेरे हिसाब से यहीं पर शारदुल नितीश रेड्डी पर भारी पड़ेंगे। नितीश एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजी भी कर सकते हैं। लेकिन हमने उन्हें आईपीएल में ज्यादा गेंदबाजी करते नहीं देखा है। इस पूर्व स्पिनर ने कहा गंभीर भी हैं। वह काबिल कोच हैं। और मुझे यकीन है कि वह सही फैसला करेंगे। हरभजन ने सरफराज खान को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है... मैं उनका नाम टीम में नहीं देखकर थोड़ा हैरान हूं। मुझे यकीन है कि वह मजबूती से वापसी करेंगे। उनमें वापसी करने की इच्छाशक्ति है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि निराश मत होना, आपको आज नहीं तो कल आपका हक मिलेगा... करुण नायर को देखिए। हरभजन ने कहा उन्होंने (नायर ने) इंग्लैंड के खिलाफ 300 रन बनाए और फिर उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले। अब वह टीम के साथ इंग्लैंड में वापस आ गए हैं।

## पूर्व क्रिकेटर बोले-भारत देगा कड़ी चुनौती


इंग्लैंड में अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम। • एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी** : ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज **मैथ्यू हेडन** का मानना है कि अगर भारत लीड्स और मैनचेस्टर में मैच जीतने में सफल रहता है तो उसके पास इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला जीतने का शानदार मौका होगा। वहीं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज **डेल स्टेन** ने पांच मैच की सीरीज में मेजबान टीम को 3-2 से जीत का दावेदार बताया। भारत और इंग्लैंड पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करेंगे। इस श्रृंखला का पहला मैच शुक्रवार से लीड्स में खेला जाएगा। मैनचेस्टर 23 जुलाई से चौथे टेस्ट की मेजबानी करेगा। हेडन ने जियो हॉटस्टार पर कहा मुझे नहीं लगता कि इंग्लैंड के गेंदबाज इतने अच्छे हैं। उसके कई गेंदबाज चोटिल हैं, और कई खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। उसके लिए यही बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा उत्तरी इंग्लैंड में होने वाले टेस्ट मैच काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारत अगर इन मैच में जीत हासिल कर लेता है तो वह सीरीज अपने नाम कर सकता है। भारत के इंग्लैंड के पिछले दौरे के बाद से मेजबान टीम के दो सबसे अनुभवी गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। यही नहीं इंग्लैंड के कुछ प्रमुख तेज गेंदबाज चोटिल हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे और गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से उबर रहे हैं। इस बीच भारत नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में मैदान पर उतरेगा। इस तरह से भारत रोहित शर्मा, विराट कोहली और आर अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद एक नए युग की शुरुआत करेगा। स्टेन ने भारत को हारा हुआ नहीं माना, लेकिन इंग्लैंड को जीत का दावेदार बताया। उन्होंने कहा भारतीय टीम काफी युवा है। यह कहा जा सकता है कि इंग्लैंड श्रृंखला जीतने जा रहा है, लेकिन यह बिना संघर्ष के नहीं होने वाला है। मुझे लगता है कि एक या दो टेस्ट ऐसे होंगे जिन्हें भारत अपने नाम कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के इस क्रिकेटर ने कहा सभी मैच करीबी होंगे। लेकिन हर मैच का नतीजा निकलेगा।

## एक नजर


अमेरिका के ओकमोंट में ओकमोंट कंट्री क्लब में अमेरिकी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते हुए जेजे स्पाउन। • एजेंसी

### जूनियर क्रिकेट में आयु निर्धारण के लिए अतिरिक्त अस्थि परीक्षण होगा

**नई दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जूनियर स्तर पर खिलाड़ियों का अतिरिक्त अस्थि परीक्षण (बोन टेस्ट) कराने का फैसला किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी खिलाड़ी अतिरिक्त सत्र खेलने से वंचित न रहे। मौजूदा मानदंडों के अनुसार खिलाड़ी टीडब्ल्यू3 विधि (अस्थि की उम्र का आकलन करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला परीक्षण) के माध्यम से आयु निर्धारण के लिए अस्थि परीक्षण से गुजरता है। इसमें उसके उम्र का आकलन अस्थि परीक्षण की उम्र में एक जोड़कर किया जाता है। नियम में बदलाव के साथ हालांकि अंडर 16 लड़कों की श्रेणी में किसी क्रिकेटर को अगले सत्र में उसी आयु वर्ग में खेलने की अपनी पात्रता निर्धारित करने के लिए दूसरे अस्थि परीक्षण से गुजरना होगा।

### एफईआई ने भुगतान नहीं करने के कारण घुड़सवारी प्रतियोगिताएं रद्द की

**नई दिल्ली** : भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) द्वारा वैश्विक संचालन संस्था एफईआई को बकाया राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण कम से कम 24 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए हैं। यह घटना घुड़सवारों और देश में घुड़सवारी खेल के विकास को नुकसान पहुंचा सकती है। पता चला है कि ईएफआई को जनवरी से मार्च 2025 के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए एफईआई अधिकारियों को पारिश्रमिक और संबद्ध शुल्क के रूप में लगभग 27 लाख रुपये का भुगतान करना था। हालांकि गुटों में अंदरूनी लड़ाई के कारण महासंघ का खाता फ्रीज हो गया है जिसके कारण बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है और एफईआई को कैलेंडर से इन प्रतियोगिताओं को हटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

### पैंथर्स ने अश्विन की टीम के खिलाफ गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए

**चेन्नई** : तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में आर अश्विन की अगुआई वाली डिंडीगुल ड्रैगन्स के खिलाफ सीचम मदुरै पैंथर्स ने गेंद से छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। आयोजकों ने 'मैच खत्म होने के बाद और अटकलबाजी की तरह लग रहे' आरोपों के लिए सबूत पेश करने का निर्देश दिया है। पैंथर्स ने ड्रैगन्स पर 14 जून को सलेम में हुए मैच के दौरान 'केमिकल (रसायन) लगे तौलिये का इस्तेमाल' करके गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। यह समझा जाता है कि इन तौलियों को राज्य क्रिकेट संघ ने गेंद के गीला होने पर उसे पोंछने के लिए मुहैया कराया था। गेंद को सुखाने का काम मैदानी अंपायरों की मौजूदगी में किया गया।

# मेरे लिए साल 2022 अंधकारमय था

• **भारतीय बल्लेबाज करुण नायर का अश्विन को दिए इंटरव्यू में उभरा दर्द**

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज करुण नायर के लिए बीते कुछ समय से घरेलू क्रिकेट में बड़े स्कोर का सिलसिला उनके करियर की सबसे बड़ी चुनौती से जुड़ा हुआ है लेकिन इस दायें हाथ के बल्लेबाज ने 'साल '2022' के अंत को अपने करियर का सबसे मुश्किल और अंधकारमय समय करार दिया।

नायर का आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी का सफर उनके जज्बे और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। पूर्व दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को दिये साक्षात्कार में इस 33 साल के बल्लेबाज ने कहा मेरे साथ जिस तरह की घटनाएं घटी उस संबंध में मैं कहूंगा कि 2022 का अंत काफी अंधकारमय था। मेरे लिए बहुत भावनात्मक दौर था। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह सबसे कठिन समय था। 2018 से भी अधिक कठिन, सबसे मुश्किल दौर। टेस्ट क्रिकेट में वीरेंद्र सहवाग के अलावा भारत के एकमात्र तिहरे शतक लगाने वाले नायर अब शानदार वापसी की दहलीज पर हैं। इस बात की प्रबल संभावना है कि वह शुक्रवार को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए भारत की एकादश का हिस्सा होंगे। नायर पहले से अधिक मजबूत बनकर उभरे हैं, लेकिन वह उस समय में वापस नहीं जाना चाहेंगे जब वह अक्सर इस बात पर हैरान होते थे कि 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के बाद यादगार तिहरा शतक लगाने के बावजूद उन्हें कुछ मैचों के बाद ही टीम से बाहर क्यों कर दिया गया था।


करुण नायर। • एजेंसी

उन्होंने कहा, '' नहीं। मैं ईमानदारी से कहूं तो उस जगह पर नहीं रहना चाहता जहां मैं कुछ साल पहले था।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि इस समय कम से कम मैं बहुत आभारी हूं। मैं शिकायत करने के उस दौर से आगे निकल चुका हूँ। मैं अपना जीवन जी रहा हूं और वही कर रहा हूं जो मुझे पसंद है। नायर ने कहा मैं उन सभी का बहुत आभारी हूँ जो कम से कम पिछले दो-तीन वर्षों में मेरी यात्रा का हिस्सा रहे हैं। मैंने चीजों को महत्व देना सीख लिया है। मैंने हर पल को महत्व देना सीख लिया है। नायर के लिए टेस्ट क्रिकेट में शानदार आगाज के बाद बिना किसी स्पष्टीकरण के भारतीय टीम बाहर होना हैरान करने वाला था। उन्होंने कहा ईमानदारी से कहूं तो मैं समझ नहीं पाया कि क्या हो रहा था। चेन्नई में 300 रन बनाने के बाद, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज थी और फिर टीम को 2017 में श्रीलंका के खिलाफ खेलना था।

### गौतम गंभीर मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे



**नई दिल्ली** : परिवार में आपात स्थिति के कारण पिछले सप्ताह स्वदेश लौटने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले मंगलवार को भारतीय दल से जुड़ेंगे। गंभीर की मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने 'पीटीआई' से कहा उनकी मां की स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। गौतम (गंभीर) कल यहां से रवाना होने के बाद टीम से जुड़ेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने बेकेनहैम में भारत और भारत ए के बीच बंद स्टेडियम में खेले गए मैच में हिस्सा नहीं लिया था। उनकी अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने टीम की तैयारियों पर नजर रखी थी।

# मैंने वाशिंगटन सुंदर से प्रेरणा ली : साई सुदर्शन

**बेकेनहैम (ब्रिटेन), एजेंसी**

वाशिंगटन सुंदर का बहुत कम समय में आयु वर्ग से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट तक का शानदार सफर उनके युवा साथी बी साई सुदर्शन के लिए प्रेरणास्रोत रहा है। सुदर्शन 20 जून को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण कर सकते हैं।



वाशिंगटन 2016 में जूनियर विश्व कप में भारत अंडर-19 के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे थे और इसके डेढ़ साल के अंदर उन्होंने 18 वर्ष के खिलाड़ी के रूप में भारत के लिए अपना पहला वनडे खेला। जब वह 20 वर्ष के थे तब 2021 में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया तथा आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाई। वाशिंगटन से दो साल जूनियर साईं सुदर्शन ने बताया कि किस तरह से उनके इस सीनियर साथी के सफर ने उन्हें भारतीय टीम में शामिल होने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। साई सुदर्शन ने इंट्रा-स्क्वाड (टीम के बीच आपस में मैच) अभ्यास मैच के दौरान बीसीसीआई टीवी से कहा मैंने उनके साथ (जूनियर स्तर पर) कुछ मैच खेले हैं। इसलिए, यह हमेशा विशेष होता है।

# कोहली और मेरे बीच वर्चस्व की जंग चली, सचिन के साथ नहीं : एंडरसन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने 21 साल के करियर के दौरान भारतीय दिग्गजों सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली के खिलाफ अपनी जंग का आनंद लिया लेकिन उन्हें कोहली को गेंदबाजी करना थोड़ा मुश्किल लगा। एंडरसन ने 2003 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और पिछले सत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहते हुए अपने शानदार करियर का अंत किया।



लंकाशर के इस खिलाड़ी को तेंदुलकर और कोहली दोनों के खिलाफ सफलता मिली। उन्होंने इन दोनों भारतीय सुपरस्टार को क्रमशः नौ और सात बार आउट किया। एंडरसन ने 'टॉकस्पोर्ट' से कहा कोहली के खिलाफ मुझे शुरुआत में कुछ सफलता मिली थी, जब वह पहली बार इंग्लैंड आए थे (2014 में)। मैंने इसका काफी फायदा उठाया, ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद उनकी कमजोरी थी, इसका काफी फायदा उठाया और फिर अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेला (2018 में) तो उन्होंने स्पष्ट रूप से उस पर काम किया और यह एक अलग खिलाड़ी को गेंदबाजी करने जैसा था।

हालांकि यह ध्यान देने योग्य है कि तेंदुलकर और कोहली अपने करियर के अलग-अलग चरण में थे जब उन्हें एंडरसन की चुनौती का सामना करना पड़ा जो 42 साल की उम्र में भी काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं।

# महिला एशियाई कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चोटों के कारण तीन फारवर्ड खिलाड़ियों को खोने के बाद भारतीय सीनियर महिला फुटबाल टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए थाईलैंड जाने वाली 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की। क्वालीफायर के लिए 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम की घोषणा पहले मैच से पूर्व की जाएगी।

भारतीय टीम को क्वालीफायर के ग्रुप बी में रखा गया है जहां उनका सामना मंगोलिया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और मेजबान थाईलैंड (पांच जुलाई) से होगा।

ग्रुप विजेता मार्च 2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। महिला एशियाई कप फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 का भी क्वालीफायर है। छेत्री और उनकी टीम सोमवार शाम को थाईलैंड पहुंचेगी और अपने पहले मैच से पूर्व उत्तरी शहर चियांग माई में एक सप्ताह तक प्रशिक्षण लेगी। सभी मैच चियांग माई स्टेडियम में होंगे।

भारतीय टीम ने बेंगलुरु में पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में छह सप्ताह तक ट्रेनिंग की और क्वालीफायर की तैयारी के लिए 30 मई और तीन जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेले जिसमें दोनों बार टीम को 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। छेत्री ने कहा मैं बेंगलुरु में तैयारियों से खुश हूं। हमने 40 दिन से अधिक समय तक ट्रेनिंग की।

ट्रेनिंग मैदान और सभी सुविधाएं बेहतरीन थीं। जहां तक टीम की बात है हमारे पास युवा और सीनियर खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से चोटों के कारण करिश्मा (शिरवोइकर), संध्या (रंगनाथन) और रेणु जैसे फॉरवर्ड टीम का हिस्सा नहीं हैं।

### भारत की 24 सदस्यीय टीम इस प्रकार है



**गोलकीपर** : एलंगबाम पंथोई चानू, मोइरांगथेम मोनालिशा देवी, पायल बसुदे।
**डिफेंडर** : हेमाम सिल्की देवी, किरण पिस्दा, मार्टिना थोकचोम, नगंगबाम स्वीटी देवी, फंजौबाम निर्मला देवी, पूर्णिमा कुमारी, संजू, सोरोखैबम रंजना चानू। **मिडफील्डर** : अंजू तमांग, ग्रेस डांगमेई, कार्तिका अंगमुथु, नोंगमैथेम रतनबाला देवी, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, संगीता बासफोर। **फारवर्ड** : लिंडा कोम सर्टो, मालविका पी, मनीषा कल्याण, मनीषा नाइक, प्यारी शाशा, रिम्पा हलदर और सौम्या गुगुलोथ।

# भारतीय निशानेबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

• **भारत ने म्यूनिख विश्व कप में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के वार्षिक कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित और चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक म्यूनिख विश्व कप में अपने प्रदर्शन में सुधार कर दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। पिछले चार विश्व कप में यह तीसरा मौका है जब भारत ने तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया है।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने कहा हमारे निशानेबाजों ने एक बार फिर से म्यूनिख विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस आयोजन से पहले कहा जा रहा था कि भारत के लिए यह टूर्नामेंट चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे थे जबकि हमारे कुछ सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज इसमें नहीं खेल रहे थे। हमारे निशानेबाजों ने हालांकि यह साबित कर दिया कि भारतीय निशानेबाजी में विकल्प पहले से कहीं अधिक है। आर्या बोसरे और अर्जुन बबूता की मिश्रित जोड़ी ने ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्डधारी चीन की एस जीएल आई और वांग जी फी की जोड़ी को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में हराकर बड़ा उलटफेर किया।

म्यूनिख विश्व कप


सुरुचि सिंह। • एजेंसी

दो बार की ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल) और ओलंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्त कौर सामरा (महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन) ने भी म्यूनिख में कांस्य पदक जीतने वाले अपने प्रदर्शन से विश्व स्तरीय निशानेबाजों के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। वलारिवान ने कांस्य पदक जीतने से पहले 635.9 के स्कोर के साथ नया क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया, जबकि सुरुचि ने महिला एयर पिस्टल में मनु भाकर के 588 के क्वालीफिकेशन राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता की 10 स्पर्धाओं में भी भारतीय खिलाड़ी सात के फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। चीन चार स्वर्ण सहित सात पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। नार्वे दो स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट समूह सहित कुल 11 देशों ने म्यूनिख में पदक जीते।

### हरियाणा की सुरुचि सिंह ने लगातार तीसरा स्वर्ण जीता

इस सत्र की शुरुआत से शानदार लय में चल रही पिस्टल निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। हरियाणा की इस 19 साल की निशानेबाज ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व कप का अपना लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

# विश्व कप में महिला टीम पाकिस्तान से टकराएगी

**दुबई** : आईसीसी ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में इस साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस वैश्विक टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत पांच अक्तूबर को कोलंबो के आर प्रेमादासा स्टेडियम में होगी। हाइब्रिड मॉडल के तहत कोलंबो को तटस्थ स्थल रखा गया है।

30 सितंबर को पहला मैच होगा। पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट में पाकिस्तान की प्रगति पर निर्भर करेगा। दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को बेंगलुरु में होगा। फाइनल दो नवंबर को बेंगलुरु या कोलंबो में होगा।

### महिला एकदिवसीय विश्व कप में भारत का कार्यक्रम

**30 सितंबर** : भारत बनाम श्रीलंका बेंगलुरु।
**पांच अक्टूबर** : भारत बनाम पाकिस्तान, कोलंबो।
**नौ अक्टूबर** : भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, विशाखापत्तनम।
**12 अक्टूबर** : भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया विशाखापत्तनम।
**19 अक्टूबर** : भारत बनाम इंग्लैंड इंदौर।
**23 अक्टूबर** : भारत बनाम न्यूजीलैंड गुवाहाटी।
**26 अक्टूबर** : भारत बनाम बांग्लादेश बेंगलुरु।

## गेम चेंजर


डीआरडीओ और आईआईटी दिल्ली ने 1 किमी की सीमा में क्वांटम एंटैंगलमेंट आधारित फ्री स्पेस क्वांटम सुरक्षित संचार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसे क्वांटम साइबर सुरक्षा और सुरक्षित संचार में एक बड़ी सफलता बताया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस विकास को भविष्य के युद्ध में गेम चेंजर करार दिया। एजेंसी

# कई मुश्किलों में डाल सकती है एक रात की खराब नींद



जब भी आप अपने फोन पर स्क्रॉल करते हुए, ईमेल का जवाब देते हुए या सिर्फ एक और एपिसोड देखते हुए बहुत देर तक जागते रहते हैं, अगली सुबह, आप खुद को सुस्त और चिड़चिड़ा महसूस करते हैं। मीठी पेस्ट्री या चिकनाईपूर्ण नाश्ता अचानक आपको सामान्य दही और जामुन की तुलना में अधिक आकर्षक लगने लगता है। यह सिर्फ इच्छा के कारण नहीं होता बल्कि आपका मस्तिष्क जिसे ठीक से आराम नहीं मिला है, वह आपको त्वरित और हाई कैलोरी खाद्य जरूरतों की ओर प्रेरित करता है। एक शोध से पता चलता है कि अपर्याप्त नींद सिर्फ भूख के संकेतों को बाधित नहीं करती बल्कि आत्म-नियंत्रण को कमजोर करती है और ग्लूकोज चयापचय को खराब करती है जिससे वजन बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। ये परिवर्तन एक रात की खराब नींद के बाद भी हो सकते हैं। अगर ध्यान न दिया जाए तो समय के साथ ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### नींद की कमी से लाखों लोग प्रभावित

नींद की कमी लाखों लोगों को प्रभावित करती है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के अनुसार अमेरिका के एक तिहाई से अधिक वयस्क नियमित रूप से रात में सात घंटे से कम नींद लेते हैं। लगभग तीन-चौथाई किशोर स्कूल जाने के दौरान 8-10 घंटे की नींद से वंचित रह जाते हैं जो उनके लिए जरूरी है। नर्सों जैसे आपातकालीन कर्मचारी और रात में काम करने वाले भी इसी असुरक्षा से गुजरते हैं। ये पैटर्न शरीर की आंतरिक घड़ी को बाधित करते हैं और बढ़ती लालसा, खराब खाने की आदतों और मोटापे और चयापचय रोग के बढ़ते जोखिम से जुड़े होते हैं। हालांकि कुछ रातों की लगातार और उच्च गुणवत्ता वाली नींद भी प्रमुख प्रणालियों को पुनर्संतुलित कर सकती है।

### भूख के हार्मोन होते हैं बाधित

शरीर दो प्रमुख हार्मोनों से भूख को नियंत्रित करता है। घ्रेलिन जो मुख्य रूप से पेट में उत्पन्न होता है और संकेत देता है कि आप भूखे हैं, लेप्टिन जो वसा कोशिकाओं में उत्पन्न होता है और मस्तिष्क को बताता है कि आपका पेट भर गया है। एक रात की प्रतिबंधित नींद से ही घ्रेलिन का स्राव बढ़ जाता है और लेप्टिन कम हो जाता है। इससे अधिक भूख लगती है और खाने के बाद संतुष्टि कम हो जाती है।

### नींद आपका मेटाबोलिक रीसेट बटन

ऐसी संस्कृति जो भागदौड़ और देर रात तक जागने को बढ़ावा देती है, उसमें नींद को वैकल्पिक माना जाता है लेकिन आपका शरीर इसे इस तरह नहीं देखता है। नींद सक्रिय और आवश्यक मरम्मत है। यह तब होता है जब आपका मस्तिष्क भूख और इनाम संकेतों को पुनः व्यवस्थित करता है, आपके हार्मोन रीसेट हो जाते हैं और आपका चयापचय स्थिर हो जाता है। इसका आपके शरीर और मानसिक स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

### इतने दुष्प्रभाव

- अध्ययनों से पता चलता है कि सिर्फ एक रात की नींद की कमी से प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स की गतिविधि कम हो जाती है जो निर्णय लेने और आवेग नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है।
- आपका मस्तिष्क जंक फूड के प्रति ज्यादा लालायित हो जाता है और इसका विरोध करने में कम सक्षम हो जाता है। उच्च कैलोरी वाले खाद्य पदार्थों की जरूरत महसूस होने लगती है।
- चयापचय धीमा हो जाता है, जिससे वसा भंडारण बढ़ जाता है। ब्लड शुगर नियंत्रण के लिए नींद भी महत्वपूर्ण है। आंशिक नींद इंसुलिन संवेदनशीलता को 25% तक कम कर सकती है।

## एक नजर

### कांगो में भारी बारिश से 29 लोगों की मौत

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की राजधानी किंशासा में भारी बारिश के कारण कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि शुष्क मौसम में असामान्य बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ, सड़कें जलमग्न हो गईं, बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई। गवर्नर डैनियल बुम्बा ने कहा कि लोगों को निकालने और अस्थायी पुनर्वास के प्रयास जारी हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से आपदा जागरूकता बढ़ाने और निवारक उपाय करने का भी आग्रह किया।

### ब्राजील: गर्म हवा का गुब्बारा फटने से महिला की मौत

साओ पाउलो। दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के साओ पाउलो में पर्यटकों को ले जा रहा एक गर्म हवा का गुब्बारा (हॉट एयर बैलून) के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 26 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। सैन्य पुलिस ने बताया कि जब गुब्बारा इपेरो के पास कैपेला डू ऑल्टो शहर के ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब उसमें लगभग 35 लोग सवार थे। समाचार चैनल ग्लोबोन्यूज़ ने बताया कि गुब्बारे के पास पर्यटन उद्देश्यों के लिए उड़ाने का लाइसेंस नहीं था। दुर्घटना के बाद पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बलूचिस्तान में विस्फोट के बाद महत्वपूर्ण रेलमार्ग बंद

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को बम विस्फोट होने से एक रेलवे कर्मचारी घायल हो गया और सबसे महत्वपूर्ण रेलमार्गों में एक पर यातायात स्थगित करना पड़ा। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर पश्चिम प्रांत में माच और आब-ए-गम क्षेत्र को जोड़ने वाले रेलमार्ग को निशाना बनाकर यह विस्फोट किया गया जिससे यातायात बाधित हो गया। पाकिस्तान रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह विस्फोट राष्ट्रीय परिवहन ढांचे को नुकसान पहुंचाने के मकसद से की गयी आतंकवादी हरकत जान पड़ती है।

### खैबर पख्तूनख्वा में पांच आतंकवादी मार गिराए

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में दो अलग-अलग अभियानों में पांच आतंकवादियों को मार गिराया है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि 15-16 जून की दरमियानी रात को दो अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों में फितना-अल-ख्वारिज के पांच आतंकवादी मारे गए। पेशावर जिले में पहले अभियान में चार और उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आतंकवादी मारा गया।

# खामेनेई परिवार के साथ बंकर में छिपे

## ईरान ने कहा- पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई अपने परिवार के साथ तेहरान के पूर्वोत्तर भाग में स्थित लाविजान में एक बंकर में भूमिगत हो गए है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के पुत्र मुज्तबा भी उनके साथ हैं। इस बीच ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इजरायल को अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया को खतरे में डाल दिया है।

खामेनेई के साथ उनके दूसरे पुत्र मसूद और मुस्तफा नहीं हैं। खामेनेई के भूमिगत होने की सूचना इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमले के जवाब में ईरान की ऑपरेशन ट्रू फेज 1 और ट्रू फेज 2 की सैन्य कार्रवाई के बाद आई है। इस अभियान के तहत ईरान ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए थे। इससे पहले इजरायल ने रविवार को 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के तहत 2,300 किलोमीटर दूर स्थित मशहद शहर को निशाना बनाया था। यह हमला ईरानी नेता को यह चेतावनी देने के लिए किया गया था कि वह कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं।

इस बीच ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने कहा है कि इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन ने पश्चिम एशिया और दुनिया की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। बाघई ने कहा, जिस समय इजरायल ने आक्रमण किया, उस समय हम एक कूटनीतिक प्रक्रिया में लगे हुए थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है, जिसकी अमेरिकी सहयोग के बिना कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इसने कूटनीतिक और बातचीत की प्रक्रिया को निरर्थक बना दिया है।

उन्होंने कहा कि ईरान को उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इजरायल के खिलाफ 'बाध्यकारी' प्रस्तावों को अपनाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया है कि पहले कदम के रूप में इजरायल के हवाई हमलों को आक्रमण की संज्ञा दी जाए।


इजरायल के तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले के बाद उठता धुएं का गुबार।

### ईरान ने मिसाइल हमलों में इस्तेमाल की नई तकनीक

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि हाल ही में इजरायल के खिलाफ जवाबी मिसाइल हमलों में उसने नई तकनीक का प्रयोग किया, जिससे इजरायल की वायु रक्षा प्रणालियां एक-दूसरे पर ही हमला करने लगीं। आईआरजीसी ने कहा 13 जून की रात इजरायल ने 'राइजिंग लायन' नाम से एक बड़ा सैन्य ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इसके जवाब में, उन्होंने नई तकनीकों और खुफिया क्षमताओं का इस्तेमाल किया, जिससे इजरायल की बहु-स्तरीय रक्षा कमान और नियंत्रण प्रणाली विफल हो गई।

### तेहरान में मोसाद के दो और जासूस गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान के तेहरान प्रांत में पुलिस ने इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद के दो और जासूसों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 200 किलोग्राम से अधिक विस्फोटक, 23 ड्रोन, लॉन्चर और अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं। तेहरान पुलिस ने कहा कि उसने अलग-अलग अभियानों में मोसाद के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक जब्त किए गए। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पुलिस कमान के प्रवक्ता सईद मोंटेजर अल-महदी ने रविवार को कहा कि तेहरान प्रांत के रे काउंटी के एक जिले फशाफुयेह में मोसाद के दोनों जासूसों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### इजरायल ने खामेनेई को मारने को लेकर अमेरिकी दावे को किया खारिज

**वाशिंगटन/तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी अधिकारियों के उस दावे को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इजरायल ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को मारना चाहता था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बल की ओर से किए गए हमलों में ईरान के कई शीर्ष अधिकारी मारे गए थे। नेतन्याहू ने इस अभियान को ईरानी परमाणु बुनियादी ढांचे पर पूर्व खाली हमला बताया था। अमेरिका की डिजिटल मीडिया पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार खामेनेई के प्रति शत्रुता के भाव के बावजूद ट्रंप उन्हें बातचीत की मेज पर लाने के लिए तैयार है ताकि कूटनीति के जरिये इजरायल-ईरान के बीच खतरनाक टकराव रोका जा सके।

# पाकिस्तान घुटनों पर, भारत से बातचीत की मंशा जताई

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत से वार्ता की मेज पर लौटने का आग्रह करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच सभी लंबित मुद्दों का समाधान केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही हो सकता है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, पश्चिमी देशों की यात्रा पर गए संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे बिलावल ने रविवार को ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान जर्मन प्रसारक 'दायचे वेले उर्दू' को दिए साक्षात्कार में यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान और भारत के बीच सभी लंबित मुद्दों को केवल व्यापक बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। अगर भारत बातचीत की मेज पर नहीं आता है, तो यह उनके हित में नहीं होगा। पूर्व विदेश मंत्री ने चेताया कि भारत द्वारा पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने के किसी भी प्रयास को अस्तित्व के लिए खतरा माना जाएगा, जिससे पाकिस्तान के पास युद्ध के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

एक दिन पहले बिलावल ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत को बातचीत के लिए मेज पर लाने और समग्र वार्ता के माध्यम से दक्षिण एशिया में स्थायी शांति सुनिश्चित करने में भूमिका निभाने का आग्रह किया था जिसमें कश्मीर मुद्दे, जल मुद्दे और आतंकवाद का समाधान भी शामिल है। पीपीपी अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन वह राष्ट्रीय सुरक्षा या जल अधिकारों से समझौता नहीं करेगा।


- बिलावल भुट्टो ने कहा- दोनों देशों के बीच व्यापक बातचीत से ही हो सकता है लंबित मुद्दों का समाधान

### सिर्फ आतंकवाद पर वार्ता की बात कह चुका है भारत

भारत ने स्पष्ट कर चुका है कि वह पाकिस्तान के साथ केवल पीओके की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही बातचीत करेगा। समग्र वार्ता की शुरुआत 2003 में हुई थी जब पाकिस्तान में जनरल परवेज मुशर्रफ का शासन था। इसमें आठ घटक थे, जिनमें दोनों देशों के बीच सभी विवादास्पद मुद्दे शामिल थे। वर्ष 2008 के मुंबई हमलों के बाद बातचीत पटरी से उतर गई थी और उचित रूप में बहाल नहीं हो पाई।

# गाजा में खाद्य वितरण केंद्रों के निकट गोलीबारी, 38 मरे


इजरायली गोलाबारी से तबाह हुई इमारतों को देखते फलस्तीनी।

**गाजा पट्टी, एजेंसी**

गाजा के क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में खाद्य वितरण केंद्रों के पास हुई गोलीबारी में 38 फलस्तीनी मारे गए। यह घटना उस वक्त हुई जब हजारों फलस्तीनी लोग खाद्य वितरण केंद्रों तक पहुंचने के लिए इजराइली सैन्य-नियंत्रित क्षेत्रों से गुजर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इजराइली सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रित करने के प्रयास में गोलियां चलाईं। खाद्य वितरण केंद्रों के आसपास इजराइल सेना की यह अब तक की सबसे भीषण गोलीबारी है। गोलीबारी में हुई मौतों पर इजराइली सेना ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। सेना ने पूर्व में भी कहा था कि सैनिकों ने अपने ठिकानों की ओर आने वाले संदिग्धों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं।

# तमिलनाडु के एडीजीपी अपहरण केस में गिरफ्तार

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने अपहरण के एक मामले में एडीजीपी रैंक के एक अधिकारी को गिरफ्तार करने का तमिलनाडु पुलिस को सोमवार को मौखिक रूप से निर्देश दिया और कुछ ही मिनटों बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

- विधायक की याचिका पर सुनवाई करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने दिया था आदेश

न्यायमूर्ति पी. वेलमुरुगन ने यह निर्देश विधायक एम. जगन मूर्ति द्वारा दायर एक अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिन्हें मामले में गिरफ्तारी की आशंका थी। वह किल्वैथिनंकुप्पम (आरक्षित) सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक संगठन के प्रमुख हैं। एडीजीपी एचएम जयराम को अदालत भवन से बाहर आते ही गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायाधीश ने विधायक को भी फटकार लगाई। सोमवार को जब मामला सुनवायी के लिए आया, तो न्यायाधीश ने पुथिया भारतम काची के नेता मूर्ति और एडीजीपी जयराम को मौखिक रूप से दोपहर में अदालत में पेश होने के लिए समन किया। जिस पर दोनों अदालत में पेश हुए। जयराम की सरकारी कार का कथित तौर पर अपहरण के लिए इस्तेमाल किया गया था।

# जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा रवाना हुए पीएम मोदी

**निकोसिया, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस की अपनी यात्रा संपन्न करने के बाद सोमवार को जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ व्यापक वार्ता की और दोनों देशों के संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की।

मोदी तीन देशों साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस की यादगार यात्रा सम्पन्न की। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस और लोगों को उनकी असाधारण गर्मजोशी और आतिथ्य के लिए धन्यवाद दिया। 'एक्स' पर पोस्ट में कहा गया है, 'जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के लिए रवाना।'


- प्रधानमंत्री की पिछले एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा

मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर अपनी यात्रा के दूसरे चरण के तहत रात को कैलगरी पहुंचेंगे, जहां वह कनानास्किस में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह मोदी की एक दशक में कनाडा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार छठी बार जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। रविवार को साइप्रस के राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने लार्नाका हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत किया।

# प्रदर्शनकारियों को पकड़कर वापस भेजने का ट्रंप का निर्देश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस और अन्य प्रमुख शहरों में आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय आव्रजन अधिकारियों को डेमोक्रेटिक पार्टी के शासन वाले राज्यों से निर्वासन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

- अधिकारियों से कहा, सबसे बड़े निर्वासन के लिए पूरी क्षमता से काम करें

ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) अधिकारियों से इतिहास के सबसे बड़े सामूहिक निर्वासन अभियान के बेहद महत्वपूर्ण लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिकारियों को लॉस एंजिलिस, शिकागो और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में अवैध विदेशियों को हिरासत में लेने और उन्हें निर्वासित करने के प्रयासों में तेजी लाने को कहा। ट्रंप का यह बयान, कई सप्ताह तक कार्रवाई में तेजी और 'व्हाइट हाउस' के 'डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ' एवं ट्रंप की आव्रजन नीति के मुख्य निर्माता स्टीफन मिलर के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि आईसीई अधिकारी रोजाना कम से कम 3,000 गिरफ्तारियों का लक्ष्य रखेंगे।

# अपने हथियारों को दीवार से घेरने पर भड़का इजरायल

**पेरिस, एजेंसी**

- पेरिस एअर शो में फ्रांसीसी अधिकारियों के निर्णय को अपमानजनक बताया

इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने 'पेरिस एयर शो' में अपने रक्षा उद्योग मंडपों के चारों ओर काले रंग की दीवारें खड़ी किये जाने की निंदा करते हुए इस कदम को अपमानजनक और अभूतपूर्व बताया तथा फ्रांसीसी अधिकारियों एवं कार्यक्रम के आयोजकों से तत्काल इसे हटाने की मांग की।

सोमवार को एयर शो के उद्घाटन से ठीक पहले, रात में दीवारें खड़ी की जा चुकी थीं, जिससे इजराइली मंडप अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों से अलग-थलग पड़ गए। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि यह कदम आयोजकों की ओर से आखिरी समय में की गई मांग के बाद उठाया गया। आयोजकों ने हथियार प्रणालियों को प्रदर्शन से हटाने की मांग की थी, जिसे इजराइली प्रदर्शकों ने अस्वीकार कर दिया था।

मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, फ्रांसीसी सरकार कथित राजनीतिक विचारों की आड़ में इजराइल के हथियारों को जो फ्रांसीसी उद्योगों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं, एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी से बाहर कर रही है। मंत्रालय ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया। शुक्रवार को फ्रांस की एक अपीलीय अदालत ने मानवाधिकार कार्यकर्ता समूहों के खिलाफ फैसला सुनाया, जिन्होंने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली कंपनियों को प्रदर्शनी में भाग लेने से रोकने की मांग की थी।

# कोच्चि हवाई अड्डे के पास ड्रोन, लेजर ग्लाइडर पर प्रतिबंध

**कोच्चि।** अधिकारियों ने गंभीर सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए सोमवार को कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पांच किलोमीटर के दायरे में ड्रोन, लेजर बीम और अन्य हवाई उपकरणों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया।

यह आदेश एर्नाकुलम के डीएम एनएसके उमेश ने जारी किया। उन्होंने कहा कि माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर, हॉट एयर बैलून और मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस) जैसे उपकरण नेदुम्बस्सेरी हवाई अड्डे के अंदर और बाहर उड़ने वाले विमानों के लिए खतरा पैदा करते हैं। यह निर्णय हवाई अड्डे के निदेशक और ग्रामीण पुलिस प्रमुख की रिपोर्ट के बाद लिया गया है, जिन्होंने रनवे और संपर्क मार्गों के पास अनधिकृत उड़ान गतिविधि को चिह्नित किया था।

## अहमदाबाद विमान हादसा

### चार दिन से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं देश भर से आए हादसे में मारे गए लोगों के परिजन

# सदमे में डूबे परिजनों को और बेहाल कर रहा शवों के लिए इंतजार

## डीएनए जांच में देरी, हादसे वाले ही दिन सैंपल देने के बाद भी कई लोगों को नहीं मिले शव

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे में अपनों को खोने के सदमे के बीच कई पीड़ितों के परिवारों को उनके शवों को लेने में काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और वे चार दिन से यहां डेरा डाले हुए हैं। इनमें वह लोग भी शामिल हैं जिन्होंने 12 जून को हादसे वाले दिन ही डीएनए जांच के लिए अपना नमूना दे दिया था ताकि उसका मिलान कर मृतक की शिनाख्त की जा सके।

इन लोगों को 72 घंटे का इंतजार करने के लिए कहा गया था और यह समयसीमा रविवार को बीत गई। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में डीएनए के नमूनों के मिलान में वक्त लग सकता है। चालक दल की सदस्य रोशनी सोंघारे की रिश्तेदार पूजा सुखदरे ने सोमवार को कहा, हम कल डीएनए संग्रह केंद्र गए थे, लेकिन हमें बताया गया कि हमारे नमूने का अभी मिलान नहीं किया गया है। सुखदरे, सोंघारे के पिता और भाई के साथ त्रासदी के बाद से यहां हैं। सोंघारे का परिवार महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में रहता है।

यही स्थिति चालक दल की सदस्य मैथिली पाटिल के रिश्तेदारों की भी है, जो नवी मुंबई के न्हावा के निवासी हैं और दुर्घटना के बाद 12 जून को यहां पहुंचे थे। गुजरात के कच्छ में राजमिस्त्री और बढ़ई का काम करने वाले 32 वर्षीय अनिल खिमानी के रिश्तेदार भी घटना के बाद से अहमदाबाद में डेरा डाले हुए हैं। खिमानी विमान में सवार थे। खिमानी का रिश्तेदार बताने वाले मनसुख ने बताया कि उनके पिता ने डीएनए मिलान के लिए नमूना 12 जून को दिया था।

आकाश पटानी (15) का परिवार भी उसके शव के लिए इंतजार कर रहा है। हादसे के समय वह बी जे मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में अपनी मां की चाय की दुकान के बगल में चारपाई पर आराम कर रहा था। दुर्घटना और उसके बाद लगी आग का प्रभाव इतना भयानक था कि पटानी को भागने का मौका ही नहीं मिला और उसकी जलने से मौत हो गई।


हादसे में मारी गई मुंबई की साइनिता चक्रवर्ती का शव सोमवार को घर लाया गया।

### अब तक 99 शवों की पहचान, 64 परिजनों को सौंपे

अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार दोपहर तक डीएनए परीक्षण से 99 शवों की पहचान कर ली गई है और 64 शव उनके रिश्तेदारों को सौंप दिए गए हैं। शोकाकुल परिवारों के लिए सिविल अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने कहा कि मृतकों के अवशेषों के साथ डीएनए नमूनों के मिलान की प्रक्रिया में लगने वाले वक्त को लेकर वे घबराएं नहीं। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक एचपी सांघवी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। हैदराबाद स्थित कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र के पूर्व निदेशक राकेश मिश्रा ने डीएनए मिलान कोई कठिन काम नहीं है, लेकिन इस मामले में मृतकों की संख्या ज्यादा है।